नई दिल्ली
गुरुवार, 6 नवंबर 2025
मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 203
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 28
न्यून. 17

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



तेजस्वी यादव


सम्राट चौधरी


तेजप्रताप यादव


विजय कुमार सिन्हा


खेसारी लाल यादव


मैथिली ठाकुर

## बिहार में पहला चरण 18 जिलों की 121 सीटों पर मतदान आज

# तेजस्वी, सम्राट, खेसारी, तेजप्रताप समेत कई दिग्गजों की किस्मत का होगा फैसला, करीब एक दर्जन मंत्री मैदान में

| | |
|---|---|
| मतदाता | 3.75 करोड़ |
| मतदान केंद्र | 45,341 |
| उम्मीदवार | 1,314 |

**ईवीएम में कैद होगा प्रत्याशियों का भविष्य**

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज गुरुवार को मतदान होगा। इस चरण में 3.75 करोड़ मतदाता 1,314 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। इनमें प्रमुख मुकाबला इंडिया गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव और भाजपा के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जैसे ▶▶ शेष पेज 5 पर



मतदानकर्मी चुनाव सामग्री के साथ मतदान स्थल के लिए रवाना हुए, सुरक्षाकर्मी राइफल के साथ

### मोकामा की सीट भी सबसे चर्चित

पहले चरण में बिहार सरकार के कई मंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों की किस्मत का फैसला होगा। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा लखीसराय से लगातार चौथी बार जीत की कोशिश में हैं, जहां उनका मुकाबला कांग्रेस के अमरेश कुमार और जन सुराज पार्टी के सूरज कुमार से है। वहीं, सम्राट चौधरी करीब एक दशक बाद तारापुर से प्रत्यक्ष चुनाव लड़ रहे हैं। आरजेडी के अरुण कुमार साह उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी हैं, जिन्होंने पिछली बार केवल पांच हजार वोटों के अंतर से हार झेली थी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मंत्री मंगल पांडे पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वे सीवान सीट से मैदान में हैं, जहां उनका मुकाबला आरजेडी के दिग्गज अवध बिहारी चौधरी से है, जो कई बार के विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं। रघुनाथपुर सीट भी सुर्खियों में है, जहां दिवंगत बाहुबली नेता मोहम्मद शाहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शाहाब मैदान में हैं। एनडीए ने उनके नामांकन को जंगलराज की वापसी करार दिया है। भाजपा नेता हिमंत बिस्वा सरमा ने तो यहां तक कहा कि ▶▶ शेष पेज 5 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश कप्तान निगार करती हैं पिटाई



**ढाका।** बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम में एक बड़ा विवाद सामने आया है। टीम की गेंदबाज जहानारा आलम ने अपनी कप्तान निगार सुल्ताना जोती पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वह जूनियर खिलाड़ियों के साथ मारपीट करती हैं। हालांकि, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने इन आरोपों को पूरी तरह से बेबुनियाद और दुर्भावनापूर्ण बताया है।

### सब्जी वाले ने जीती 11 करोड़ की लॉटरी



**जयपुर।** सब्जी बेचने वाले एक व्यक्ति ने पंजाब स्टेट लॉटरी दिवाली बंपर 2025 में 11 करोड़ रुपए का ईनाम जीता है। वह ठेले पर सब्जी बेचने का काम करता है। उसके पास लॉटरी का टिकट खरीदने के लिए भी पैसे नहीं थे। वह मूल रूप से राजस्थान के कोटपुतली शहर का रहने वाला है। मित्र से 1,000 का कर्ज में लिया था।

### तानसेन समारोह: 14 से 19 दिसंबर तक



**भोपाल।** संगीतधानी ग्वालियर के आंगन में तानसेन समारोह का 101वां आयोजन पूरी गरिमा व भव्यता के साथ आयोजित करने के उद्देश्य से मंगलवार को संभाग आयुक्त मनोज खत्री की अध्यक्षता में स्थानीय समिति की बैठक आयोजित हुई। इस साल यह समारोह 14 से 19 दिसंबर तक आयोजित होगा। इसकी तैयारियां तेजी से चल रही हैं।

## हरियाणा में कांग्रेस सिर्फ 22,000 वोटों से सरकार नहीं बना सकी

# राहुल गांधी का सबूतों के साथ दावा-हरियाणा में 25 लाख फर्जी वोट बनाए गए, कांग्रेस से 'चोरी' की गई सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए दावा किया कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा द्वारा चुनाव आयोग की मदद से बड़े पैमाने पर की गई धांधली किया गया। प्रदेश में करीब 25 लाख फर्जी वोट बनाए गए।

साढ़े तीन लाख वोट काटे गए। इसके बावजूद कांग्रेस सिर्फ 22,000 वोटों से सरकार नहीं बना सकी। कर्नाटक और महाराष्ट्र में वोट चोरी के बड़े खुलासे करने के बाद बुधवार को इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने हरियाणा में भी चुनाव आयोग की मिलीभगत से कांग्रेस की प्रचंड जीत को हार में बदल दिया। राहुल ने सबूतों के साथ "हाइड्रोजन बम" का खुलासा करते हुए कहा कि हरियाणा में कुल दो करोड़ वोटरों में से लगभग 25 लाख फर्जी वोट थे, यानी हर आठ में से एक मतदाता फर्जी था। साथ ही साढ़े तीन लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काट दिए गए। इसके बावजूद कांग्रेस सरकार बनाने के लिए जरूरी आठ अतिरिक्त सीटों पर केवल 22,779 वोटों से विधानसभा चुनाव हारी। जबकि पूरे राज्य में कांग्रेस और भाजपा के बीच ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ये गंभीर आरोप

- सीमा-स्वीटी बनकर ब्राजीली मॉडल ने हरियाणा चुनाव में डाले वोट
- नकली फोटो वाले हरियाणा में एक लाख से ज्यादा मतदाता
- मुख्य चुनाव आयुक्त और दो अन्य आयुक्तों ने भाजपा के साथ मिलकर हरियाणा में भाजपा की जीत सुनिश्चित की

**केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि जब राहुल गांधी के पक्ष में एग्जिट पोल जाते हैं तो वे अच्छा बताते हैं और जब विरोध में जाता है तो गाली देते हैं**

**चुनाव आयोग ने पूछा कि क्या राहुल गांधी एसआईआर का समर्थन कर रहे हैं या इसका विरोध?**



मतदाता सूची में गड़बड़ी के तहत ब्राजील की मॉडल की फोटो दिखाते हुए

### ऐसे काटे वोट

राहुल गांधी ने कहा कि 5,21,619 डुप्लीकेट वोटर, 93,174 इनवैलिड पते और 19,26,351 बल्क वोटर्स के जरिए कम से कम 25,41,144 वोट चोरी किए गए। उन्होंने कहा कि फॉर्म छह और सात से मतदाताओं को जोड़ा और घटाया जाता है, कर्नाटका खुलासों के बाद चुनाव आयोग ने कुछ बदलाव कर दिए हैं, जिनके कारण इनकी कुल संख्या का अब पता नहीं लग सकता। लेकिन कांग्रेस की जांच में सामने आया कि साढ़े तीन लाख मतदाताओं के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पोस्टल बैलेट में था 73 -17 का अंतर

राहुल गांधी ने कहा कि हरियाणा में ऐसा पहली बार हुआ कि पोस्टल बैलेट के नतीजे और चुनाव के नतीजे अलग थे। पोस्टल बैलट में कांग्रेस 73 और भाजपा सिर्फ 17 सीटों पर आगे थी। सभी एग्जिट पोल भी बता रहे थे कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है, लेकिन उसी समय हरियाणा के मुख्यमंत्री मुस्कुराते हुए कह रहे थे कि चुनाव भाजपा ही जीतेगी, 'हमारे पास सारी व्यवस्थाएं हैं, आप चिंता मत करिए'। नतीजे उलट आने पर कांग्रेस को जांच में पता चला कि हरियाणा में एक अवैध सरकार है और वहां चोरी के मुख्यमंत्री हैं। कांग्रेस हरियाणा का चुनाव जीती थी और भाजपा चुनाव हारी थी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पांच तरीकों से हुई वोट चोरी सेंट्रलाइज्ड ऑपरेशन था।

### राहुल के आरोपों पर आयोग की त्वरित प्रतिक्रिया



राहुल गांधी के प्रेस कॉन्फ्रेंस खत्म होते हो हरियाणा चुनाव आयोग की ओर से 10 प्वाइंट्स के जवाब एक्स हैंडल पर पोस्ट किए गए। जिसमें कई जानकारियों के साथ ये भी बताया गया की कांग्रेस पार्टी की ओर से तब किसी भी पदाधिकारी, इलेक्शन एजेंट्स ने किसी तरह की कोई शिकायत नहीं दर्ज की। आयोग एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा की राहुल गांधी की ओर से जो भी दावा किया जा रहा है वो सब मसले कोर्ट में विचाराधीन हैं। राहुल गांधी को अगर लगता है उनके पास उनके आरोपों को सत्य प्रमाणित करने के पुख्ता दस्तावेज हैं तो उन्हें कोर्ट में प्रमाण के साथ अपनी बात रखनी चाहिए। सवाल ये भी उठाया जा रहा है कि राहुल गांधी ये कैसे मान रहे हैं कि कांग्रेस के वोटर काटे गए, और जो लोग जुड़े सब ने भाजपा को वोट किया?

#### हरियाणा में कांग्रेस के भीतर तालमेल नहीं था

### राहुल के आरोपों पर भाजपा का पलटवार, आरापों को किया खारिज



रिजिजू ने एटम बम जैसे बयानों पर कटाक्ष करते हुए कहा 'राहुल गांधी के ये बम कभी फूटते नहीं हैं।'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हरियाणा में वोट चोरी के गंभीर आरोपों पर भारतीय जनता पार्टी ने पलटवार किया। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी के दावों को खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस अपनी हार की जिम्मेदारी दूसरों पर डाल रही है। उन्होंने कहा कि जब 2004 में बीजेपी को एग्जिट पोल के बावजूद हार मिली थी, तब उन्होंने चुनाव आयोग या मीडिया पर आरोप नहीं लगाए थे, बल्कि जनादेश स्वीकार किया था। उन्होंने राहुल गांधी के बार-बार एटम बम जैसे बयानों पर भी कटाक्ष किया और कहा ▶▶ शेष पेज 5 पर

## भारत-जापान के बीच बुधवार को आयोजित किए गए आठवें हिंद-प्रशांत फोरम में बोले विदेश मंत्री

# एक खुले हुए... स्वतंत्र हिंद-प्रशांत को बनाए रखना अनिवार्यता संग जटिल चुनौती:जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते कुछ वक्त से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बनी हुई अस्थिरता के बीच बुधवार को विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने किसी देश विशेष का नाम लिए बगैर भारत के संदेश को दुनिया के सामने रखा। मौका था आठवें भारत और जापान हिंद-प्रशांत फोरम का।

जिसे संबोधित करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ दशकों में दोनों देशों के बीच की भागीदारी और अधिक गहरी होने के साथ ही अत्यंत मूल्यवान भी हो गई है। यह क्षेत्र में सामरिक स्थायित्व को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक योगदान भी दे सकती है। इन सबके बीच एक खुले हुए, स्वतंत्र हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बनाए रखना न केवल एक मजबूत अनिवार्यता है। बल्कि यह एक बहुत ही जटिल चुनौती भी है। गौरतलब है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र का नाम आते ही वहां बनी हुई चीन की आक्रामकता की ओर ध्यान जाना स्वाभाविक ▶▶ शेष पेज 5 पर



### भारत-जापान के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी

विदेश मंत्री ने कहा कि दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं और समुद्री देश होने की वजह से भारत और जापान के कंधों पर हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर जिम्मेदारी भी बड़ी है। जिसे देखते हुए दोनों देशों के बीच स्थापित द इंडो-पैसिफिक ओसियन इनीशिएटिव में वह पूरी क्षमता मौजूद है। जो हमारी भागीदारी को और अधिक उन्नत बनाने की क्षमता रखता है। इस कदम के तहत जापान समुद्री व्यापार, ▶▶ शेष पेज 5 पर

## एक नहीं तीन भारतवंशी मुस्लिमों ने अमेरिका में रचा इतिहास...

# महत्वपूर्ण राजनीतिक पदों पर जिम्मेदारी संभालेंगे जोहरान ममदानी, गजाला हाशमी और आफताब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

डोनाल्ड ट्रंप के इस साल दूसरी बार राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण के बाद स्थानीय स्तर पर हुए चुनावों के परिणाम ने अमेरिका के साथ ही हर भारतीय का सीना भी गर्व से चौड़ा कर दिया है। न्यूयॉर्क शहर और सिनसिनाटी के मेयर के अलावा वर्जीनिया के गवर्नर पद के लिए हुए चुनावों में क्रमशः जोहरान ममदानी, आफताब पुरवाल और गजाला हाशमी जैसे भारतीय मूल के तीन मुस्लिम उम्मीदवारों ने शानदार जीत दर्ज की है। तीनों ट्रंप की विरोधी डेमोक्रेटिक पार्टी से हैं, जिनकी ये चुनावी जीत अमेरिकी राष्ट्रपति के माथे पर चिंता की लकीरें खींचने के लिए काफी है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सोशल मीडिया पर ममदानी ने मचाई धूम

न्यूयॉर्क के मेयर का चुनाव जीतने वाले जोहरान ममदानी को 50.4 फीसदी वोट मिले हैं। बीते करीब 100 सालों में वह शहर के 34 वर्षीय सबसे युवा और भारतीय मूल के पहले मुस्लिम मेयर होंगे। जोहरान का जन्म युगांडा की राजधानी कंपाला में हुआ था और उनकी एक खास बात यह भी है उन्हें अमेरिका की नागरिकता करीब सात पहले 2019 में ही मिली है। चुनाव में उनका मुकाबला रिपब्लिकन पार्टी के कर्टिस स्लिवा से था। हालांकि निर्दलीय उम्मीदवार एंड्र्यू कुओमो भी चुनाव मैदान में थे और उन्हें भी ममदानी से हार का सामना करना पड़ा। जोहरान के पिता कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर महमूद ममदानी हैं और उनकी मां भारतीय फिल्म निर्माता मीरा नायर हैं। अपने जीत के भाषण में ममदानी ने भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के 14 अगस्त 1947 ▶▶ शेष पेज 5 पर



## पश्चिम बंगाल, जहां से इस क्रांति का जयघोष हुआ था...

# वहां 7 नवंबर को लगभग 1100 स्थानों पर सामूहिक वंदे मातरम का गायन होगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं वरिष्ठ नेता तरुण चुघ ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर, इस ऐतिहासिक अवसर को जनजागृति का रूप देने का निर्णय लिया है। जिसके तहत 7 नवंबर से 26 नवंबर तक देशभर में सामूहिक वंदे मातरम गायन, यात्राएं, सांस्कृतिक आयोजन और देशभक्ति के कार्यक्रमों के माध्यम से इस राष्ट्रीय गीत के गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। चुघ ने कहा कि देश की आजादी का धेय्य वाक्य के रूप में लाखों क्रांतिकारियों के जीवन में, उनके कार्य में वंदे मातरम एक उद्घोष के रूप में काम आया। देश के कई स्वतंत्रता सेनानी, वंदे मातरम कहते हुए फांसी चढ़ गए और विदेशी आक्रान्ताओं के दमन को भी सहा। वंदे मातरम, भारत की अंग्रेजों से मुक्ति का एक बड़ा मंत्र बनकर उभरा। उन्होंने कहा 7 नवंबर को पूरे देश में 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में केंद्र सरकार की ओर से 150 प्रमुख स्थानों पर सामूहिक वंदे मातरम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा ▶▶ शेष पेज 5 पर

**विद्यालयों में स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्थलों पर निबंध, कविता और चित्रकला प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी**

## प्रधानमंत्री मोदी से मिलीं भारत की विश्व विजेता बेटियां

पीएम ने अपने आवास लोक कल्याण मार्ग पर टीम का स्वागत किया और उनकी ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया

# खिलाड़ियों ने मिलकर पीएम मोदी को 'नमो' नाम की सौंपी जर्सी, वर्ल्ड कप ट्रॉफी के साथ सामने आई तस्वीर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम ने विश्व कप 2025 का खिताब जीतकर देश का नाम विश्व पटल पर ऊंचा कर दिया है। पुरुष क्रिकेट टीम के पास कई आईसीसी टाइटल हैं लेकिन महिला क्रिकेट टीम के लिए यह पहला आईसीसी का खिताब है। इसी कारण इन दिनों हर जगह हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली यह टीम चर्चा का विषय बनी हुई है। वहीं ▶▶ शेष पेज 5 पर





**हरमनप्रीत कौर का तालियों से स्वागत**

भारतीय महिला टीम ने जो किया है उसके बाद स्पोर्ट्स फ्रैटरनिटी ही नहीं बल्कि हर भारतवासी खुशी से गदगद है। इसी कारण सभी महिला टीम की खिलाड़ियों और खासतौर से कप्तान हरमनप्रीत कौर को हर जगह ढेर सारा प्यार मिल रहा है। पीएम मोदी से ▶▶ शेष पेज 5 पर

### प्रतिका रावल भी व्हीलचेयर पर पहुंची

इतना ही नहीं पीएम मोदी से मुलाकात के लिए टीम इंडिया की स्टार ओपनर प्रतिका रावल भी व्हीलचेयर पर पहुंची। प्रतिका सेमीफाइनल मुकाबले से पहले चोटिल हो गई थीं, इस कारण उन्हें वर्ल्ड कप से बाहर होना पड़ा था। मगर उन्होंने इस टूर्नामेंट में एक शतक समेत कई शानदार पारी खेली थीं। फाइनल मैच के बाद ▶▶ शेष पेज 5 पर

## जैन मंदिर से कलश चुराने वाला पकड़ा



**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी जिले की नंद नगरी पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। इसने ज्योति नगर थाना इलाके के एक जैन मंदिर से 'कलश' चुराया था। आरोपी के पास से एक गैर-कानूनी बटन वाला चाकू भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार 11 अक्टूबर को ज्योति नगर स्थित जैन मंदिर से कलश चोरी होने का मामला सामने आया था। मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के समय उसके पास से एक बटन वाला चाकू भी बरामद किया गया। इस संबंध में नंद नगरी थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। आरोपी की पहचान मुन्ना उर्फ सलीम (23) पुत्र जहांगीर, निवासी जे-ब्लॉक, न्यू सीमापुरी के रूप में हुई है। विस्तृत पूछताछ के दौरान पता चला कि वह एक आदतन अपराधी है और पहले भी चार आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। इनमें डकैती, घर में चोरी और आर्म्स एक्ट के उल्लंघन के केस शामिल है।

### पुलिस पर महिला से मारपीट का भी लगा आरोप

# आदर्श नगर में नशीले पदार्थ बेचने वाला दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पश्चिम दिल्ली के आदर्श नगर में बुधवार को पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिलने पर पुलिस टीम कथित तौर पर नशीला पदार्थ बेचने वाले को पकड़ने पहुंची। लेकिन आरोपी शख्स ने अपने परिवार की महिलाओं और अन्य सदस्यों को आगे कर दिया। इस दौरान पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई की गई। उधर आरोपी के परिवार की एक महिला ने पुलिसकर्मियों पर मारपीट का आरोप लगाया है। इस आरोप की जांच के लिये जहांगीरपुरी एसीपी के नेतृत्व में जांच की जा रही है।

जिला पुलिस ने एक मीडिया नोट जारी कर कहा कि बुधवार को पेट्रोलिंग के दौरान, लाल बाग बीट,



थाना आदर्श नगर के बीट स्टाफ को सूचना मिली कि एक व्यक्ति, जिसका नाम मोहम्मद तारिक (32) पुत्र मोहम्मद सलीम, निवासी ए-22/बी-114, लाल बाग है और वह पहले भी हत्या और मारपीट के मामलों में शामिल रहा है, इलाके में नशीले पदार्थ बेचने की योजना बना रहा है। जब बीट स्टाफ ने उससे पूछताछ की तो उसने पुलिसकर्मियों के साथ बदतमीजी की और पुलिस टीम पर दबाव बनाने के लिए अपने परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों को इकट्ठा कर लिया। एहतियाती तौर पर जब पुलिस ने उसे पकड़ा तो उसके रिश्तेदारों और परिवार के सदस्यों ने बीट स्टाफ को रोकने और उन पर दबाव डालने की कोशिश की। जो वीडियो सर्कुलेट हो रहा है, वह उस समय का है जब पुलिस उसे पकड़ रही थी। उसके रिश्तेदारों और परिवार की महिलाएं उसे छुड़ाने की कोशिश कर रहे थे। एहतियाती कार्रवाई के तौर पर उसके खिलाफ सेक्शन 126/170 बीएनएसएस (107/151 सीआरपीसी के बराबर) के तहत कार्रवाई शुरू की गई है। पुलिस स्टाफ द्वारा एक महिला की पिटाई के आरोप के संबंध में एसीपी जहांगीरपुरी की देखरेख में जांच के आदेश दिए गए हैं। जांच के नतीजों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## नौ साल के लड़के का यौन उत्पीड़न करने वाले तीन अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मध्य दिल्ली में नौ वर्ष के एक लड़के को बहला-फुसलाकर छत पर ले जाकर यौन उत्पीड़न किया गया। आरोप में तीन नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि चार नवंबर को बच्चे के एक रिश्तेदार ने पुलिस से संपर्क किया और आरोप लगाया कि लड़के का तीन नाबालिगों ने उसका यौन उत्पीड़न किया है।

पुलिस उपायुक्त निधि वलसन ने शिकायत के हवाले से बताया कि तीन नाबालिगों ने पीड़ित को बहला-फुसलाकर एक सुनसान छत पर बुलाया और उसके साथ यौन उत्पीड़न किया। शिकायत में कहा गया कि आरोपियों ने पीड़ित बच्चे को धमकी दी कि अगर उसने यह घटना किसी को बताई, तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। आरोपियों में से एक की उम्र 13 साल और दो की उम्र 16 साल है। वलसन ने बताया कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा छह (गंभीर यौन उत्पीड़न के लिए सजा) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पीड़ित से मिली जानकारी और मुखबिरों की मदद से टीम ने संदिग्धों की पहचान की और बापा नगर इलाके में उनका पता लगाया। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज होने वाले दिन ही तीनों नाबालिगों को हिरासत में ले लिया गया था। अग्रिम कानूनी कार्यवाही के लिए उन्हें किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और बाल कल्याण अधिकारियों की मदद से लड़के के लिए 'काउंसलिंग' की व्यवस्था की जा रही है।

## कार्तिक पूर्णिमा पर पुराना किला में हुआ सांस्कृतिक आयोजन

**नई दिल्ली।** कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पुराना इंद्रप्रस्थ किला में बुधवार को दिल्ली सरकार एवं द्रौपदी ड्रीम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 'ग्रैंड कल्चरल इवनिंग एंड लॉन्च ऑफ इंद्रप्रस्थ एंथम' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने 'इंद्रप्रस्थ एंथम' का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में हरीश भिमानी (प्रसिद्ध वॉयस आर्टिस्ट – 'मैं समय हूं' बी. आर. चोपड़ा की महाभारत), डॉ. वाई. एस. रावत (महानिदेशक, पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग), पद्मश्री के. के. मुहम्मद (प्रसिद्ध पुरातत्वविद) और नीरा मिश्रा (संस्थापक एवं अध्यक्ष, द्रौपदी ड्रीम ट्रस्ट) जैसे विशिष्ट अतिथियों ने उपस्थिति दर्ज की। सांस्कृतिक संध्या में 'श्रीकृष्ण-द्रौपदी संवाद – डिकोडिंग महारानी द्रौपदी' नामक विशेष कथक नृत्य-नाट्य भी प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों को महाभारत कालीन इंद्रप्रस्थ की सांस्कृतिक महिमा से रूबरू कराया। इस कार्यक्रम में मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा का यह पावन दिन और पुराना किला,यह दोनों दिल्ली के असली इतिहास के साक्षात प्रतीक हैं। आज हम सब मिलकर उस इतिहास को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रहे हैं जिसे वर्षों तक छिपाया गया या विकृत रूप में प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार प्रतिबद्ध है कि दिल्ली के झूठे इतिहास को समाप्त कर सच्चे इतिहास को दुनिया के सामने लाया जाए।

## कांग्रेस ने दिल्ली सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन का किया आह्वान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बढ़ते प्रदूषण से राजधानी दिल्ली में सांस लेना मुश्किल हो गया है। हवा का गुणवत्ता सूचकांक 400 से ऊपर पहुंच चुका है, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। इस बढ़ते प्रदूषण के खिलाफ दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बीजेपी की रेखा गुप्ता सरकार के खिलाफ सभी 70 विधानसभाओं में जोरदार धरना प्रदर्शन का आह्वान किया। करावल नगर जिले की पांचों विधानसभाओं में हुए प्रदर्शनों के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोगों को मास्क बांटे और सरकार की नाकामी पर सवाल उठाए। इन प्रदर्शनों में पूर्व विधायक हसन अहमद, जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज, ऑब्जर्वर रोमेश सभरवाल, लक्ष्मण रावत, अशोक जैन, फरीद शाह, विधायक प्रत्याशी पी के मिश्रा, लोकेंद्र सिंह, ईश्वर बागड़ी डॉ एस पी सिंह, मंगेश त्यागी, आसिफ मिर्जा ने सरकार के खिलाफ हुंकार भर कहा कि रेखा गुप्ता सरकार आठ महीने से सत्ता में है, लेकिन चुनावी घोषणा-पत्र में किए गए वादे 'दिल्ली क्लीन एयर मिशन' और पीएम 2.5 स्तर को आधा करने जैसे वादों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। दिवाली के बाद एकदम से बढ़ा यह प्रदूषण लोगों की जिंदगी को खतरे में डाल रहा है। उपस्थित नेताओं ने यमुना नदी की सफाई की विफलता पर भी निशाना साधा, इसे विषैली नाला बनाने का इल्ज़ाम लगाते हुए कहा कि इससे प्रदूषण और बढ़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने आगे कहा, बच्चों, बुजुर्गों और श्वास रोगियों के लिए यह विषैली धुंध घातक है। राजनीतिक बाधाओं से ऊपर उठकर कार्रवाई हो। उन्होंने मास्क वितरण को लोगों की सुरक्षा का प्रतीक बताया। कार्यकर्ताओं ने बैनर और पोस्टर लहराते हुए सरकार के खिलाफ नारे लगाए,। मास्क वितरण अभियान में स्थानीय निवासियों, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को प्राथमिकता दी गई। प्रत्येक विधानसभा में 4000 -5000 मास्क बांटे गए, क्योंकि सरकार की लापरवाही से सांस की बीमारियां बढ़ रही हैं। लेकिन सवाल रेखा गुप्ता सरकार से हैं, क्या सरकार ठोस कदम उठाएगी? जबकि दिल्ली सांसों के लिए तड़प रही है। इन प्रदर्शनों में विधानसभा ऑब्जर्वर अशिवनी भारद्वाज, राम निवास, डॉ वी आर चौधरी, संजय प्रधान, एडवोकेट सतबीर, मेहर सिंह, राज कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष खेमचंद सैनी, सुखबीर सैनी, रेखा रानी , सुजीत सिंह, सुरेंद्र कोच, पी एस रावत, संजय भारद्वाज, देवेंद्र कुमार, राज ठाकुर, एडवोकेट आदित्य भारद्वाज, नेत्रपाल आर्य, बीर सिंह, बलजीत शर्मा, राजीव खुराना, डॉ अकरम, राम बिलास शर्मा, राकेश ठाकुर, मुनेश कुमार, नरेश पाल, अशोक दूबे, शहजाद खान, ब्रहम सिंह, दीवान सिंह, आशिफ मिर्जा, रजनी सूर्यवंशी आदि ने भाग लिया।

## दिल्ली की हवा में हुआ मामूली सुधार

**नई दिल्ली।** कई दिनों बाद बुधवार को दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में मामूली सुधार देखने को मिला है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के समीर ऐप के अनुसार एक्यूआई 273 दर्ज हुआ जो हवा की स्थिति अब भी खराब श्रेणी में है। समीर की माने तो दिल्ली के 27 निगरानी स्टेशनों में वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी यानी 300 नीचे दर्ज की गई। लेकिन शादीपुर में एक्यूआई 308 आंकड़े के साथ बेहद खराब श्रेणी में दर्ज हुआ। जबकि मंगलवार रात एक्यूआई 291 दर्ज किया गया था। वहीं दिल्ली के कुछ प्रमुख इलाकों में 5 नवंबर 2025 की शाम 6 बजे कई क्षेत्रों में एक्यूआई 200 से नीचे यानी मध्यम श्रेणी में दर्ज हुआ। इनमें चांदनी चौक 170, शादीपुर 169, दिलशाद गार्डन 169, जहांगीरपुरी 165, बवाना 164, द्वारका 161, डीयू नॉर्थ कैंपस 159, बुराड़ी 156, द्वारका सेक्टर-8,154 और पूसा में एक्यूआई 151 दर्ज किया गया। वहीं दूसरी तरफ न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो मौसम के औसत से 3.1 डिग्री अधिक है। यानी दिन की तुलना में अब भी दिल्ली की रातें गर्म दर्ज हो रही है। जबकि दिन का अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 0.1 डिग्री कम है। वहीं दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता 89 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में सूखे मौसम की स्थिति सामान्य से ज़्यादा समय तक बने रहने की संभावना है। अगले कई दिनों तक आसमान ज़्यादातर साफ रहने की उम्मीद है, हालांकि प्रदूषण की एक परत बनी रहेगी। पहाड़ों में बारिश और बर्फबारी के बाद, ढलानों से नीचे आने वाली ठंडी हवाओं से तापमान में काफी गिरावट आएगी। दिन का तापमान ज्यादा बढ़ने की संभावना नहीं है, लेकिन सुबह का तापमान बहुत जल्द 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे जाने की संभावना बन रही है। यानी आने वाले वीकेंड के आसपास पारा 10-13 डिग्री के आसपास गिरने की उम्मीद है। कहा जा सकता है कि अगले 4-5 दिनों में तापमान 12-13 डिग्री तक गिरने के साथ, कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है।

## धूमधाम से मनाया गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व, समारोह में लोकसभा अध्यक्ष बिड़ला हुए शामिल



**नई दिल्ली।** सिखों के प्रथम गुरु नानक देव महाराज के प्रकाश पर्व को दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने धूमधाम से मनाया। अधिकांश गुरुद्वारे रंग बिरंगी लाइटों से सजे धजे नजर आए। सिख संगत ने गुरु घर जाकर माथा टेका और अरदास लगाई। इस अवसर पर कमेटी की तरफ से आयोजित मुख्य समागम भाई लख्खी शाह वंजारा हॉल, गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में हुआ। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश बिड़ला, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा और सांसद बांसुरी स्वराज ने विशेष रूप से भाग लिया। इस अवसर पर कमेटी के अधीन विभिन्न गुरुद्वारों में गुरमत समागम आयोजित किए गए, जिनमें हजारों श्रद्धालुओं ने माथा टेक कर गुरु साहिब का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कमेटी की तरफ से बिड़ला को सिखों की सिरमोर पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। अपने संदेश में बिड़ला ने कहा कि गुरु नानक देव से लेकर गुरू गोविंद सिंह जी तक सभी गुरूओं की परंपरा जनहित व परोपकार की रही। आज भी सिख समाज उन्हीं के दिखाए मार्ग पर आगे बढ़ते हुए जनहित कार्यों को बढ़ चढ़कर करता है। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका, महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों और धर्म प्रचार कमेटी के प्रमुख सरदार जसप्रीत सिंह करमसर ने संगतों को गुरपुरब की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी ने किरत करो, नाम जपो, वंड छको का संदेश दिया और स्वयं 18 वर्ष तक करतारपुर साहिब में खेती कर इस संदेश को आचरण में उतारा।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरु पर्व के अवसर पर पटना साहिब गुरुद्वारा में माथा टेका

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को तख्त श्री हरमंदिर जी, पटना साहिब में माथा टेका और बिहार व देश की शांति, प्रगति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि गुरु पर्व के इस पावन दिन पर पवित्र पटना साहिब में आशीर्वाद प्राप्त कर स्वयं को धन्य महसूस कर रही हूं। बिहार की यह सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत पूरे देश को प्रेरित करती है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता इन दिनों चुनाव प्रचार के लिए बिहार में मौजूद हैं। अपने प्रचार अभियान में मुख्यमंत्री ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला और कहा कि वह अपने चुनावी प्रचार अभियान में अब सेना को भी कीचड़ में घसीटने की कोशिश कर रहे हैं, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। पवित्र पटना साहिब में शीश नवाने के बाद मुख्यमंत्री ने अरवल, गया शहर और औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्रों में रोड शो और जनसभाओं को संबोधित किया। इन कार्यक्रमों के दौरान जनता में उत्साह देखने को मिला, वहां लोग नारे लगाते मिले कि बिहार पकड़ चुका है रफ़्तार, जनता मांगे फिर से एनडीए सरकार। विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हालिया वक्तव्यों पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये वही दल हैं जो वर्षों तक जातीय राजनीति में लिप्त रहे हैं और अब सेना को भी इस कीचड़ में घसीटने की कोशिश कर रहे हैं, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। जो लोग विदेशों में देश की छवि खराब कर सकते हैं, अब देश की सेना पर पर सवाल उठा सकते हैं, राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता कर सकते हैं और भगवान राम के अस्तित्व तक को नकार सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे लोगों के लिए कहने को बस इतना ही काफी है कि उन्हें डूबने के लिए पूरे तालाब की नहीं, एक मुट्ठी पानी ही काफी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज बिहार की जनता जातिवाद, परिवारवाद और भ्रष्टाचार की राजनीति को नकार कर विकास और सुशासन को अपना रही है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे पर केंद्रित राजनीति की नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने किया यमुना स्नान

नई दिल्ली। कार्तिक पूर्णिमा (गंगा स्नान) पर राजधानी के श्रद्धालुओं ने व्रत रखा और यमुना नदी सहित पवित्र तालाब सरोवरों में स्नान किया। इसके अलावा श्रद्धालुओं ने अपनी अपनी धार्मिक मान्यता व परंपरा अनुसार पूजा पाठ, दान, यज्ञ हवन आयोजित किए। इसके अलावा देव दिवाली भी मनाई गई जिसमें मंदिरों व घरों के बाहर शाम के समय दिवाली की तरह दिए जलाए गए। माना जाता है कि देव दिवाली पर दीप दान व पूजा पाठ का फल अधिक प्राप्त होता है। कई मंदिरों व धार्मिक संस्थानों की तरफ से भण्डारे आदि का आयोजन किया। दिल्ली में प्रातः चार बजे से ही यमुना के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। इनमें बुराड़ी, जगतपुर स्थित शनिधाम श्याम घाट, वजीराबाद घाट, आईटीओ स्थित हाथी घाट, ओखला, कालिंदी घाट आदि शामिल रहे। यमुना में पवित्र स्नान के लिए दिल्ली के अलावा बहादुर गढ़, गुरुग्राम, लोनी सहित अन्य जगहों से वाहनों में भर भरकर श्रद्धालु पहुंचे। यमुना के अलावा निरंकारी सरोवर, बवाना नहर, हैदरपुर नहर में भी कार्तिक पूर्णिमा का स्नान किया। हिंदू धर्म में कार्तिक मास की पूर्णिमा का बहुत अधिक महत्व माना जाता है।

## फूलवालों की सैर के आयोजन की इजाजत ना देना हमारी गंगा जमुनी संस्कृति पर कुठाराघातः यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाए है कि भाजपा की संकुचित मानसिकता के चलते 2 नवम्बर को आयोजित होने वाले ऐतिहासिक सांस्कृतिक त्यौहार फूल वालों की सैर के आयोजन की इजाजत नहीं देना गंगा जमुनी संस्कृति पर कुठाराघात है। यादव ने कहा कि 200 वर्ष से भी ज्यादा समय से हर वर्ष आयोजित होने वाले फूल वालो की सैर पर्व इस वर्ष राजधानी में आयोजित नहीं हुआ। क्योंकि भाजपा की मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल की संकुचित मानसिकता के चलते 2 नवम्बर को आयोजित होने वाले ऐतिहासिक त्यौहार फूलवालों की सैर के आयोजन की इजाजत नहीं दी गई। कार्यक्रम डीडीए और वन विभाग के प्रशासनिक पेच के बीच फंस कर रह गया और इसे रद्द करना पड़ा। सरकार के सामने वायु और जल प्रदूषण, टूटी हुई सड़कें, कचरा जमा होना और बिजली और पानी की कमी जैसी कई समस्याएं हैं। भाजपा अपनी जिम्मेदारी निभाने में असफल है ही, लेकिन उनका सांस्कृतिक कार्यक्रमों बंद करना बेहद निराशाजनक है। हिन्दू-मुस्लमानों के बीच एकता की मिसाल रहे फूल वालों की सैर त्यौहार को बंद करने के पीछे कहीं इसका मुगलों से जुड़ा इतिहास तो नहीं।

# नाबालिग लड़की ने खुद को आग लगाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

▪ नजदीकी घर में फंदे से लटका मिला व्यक्ति

बाहरी दिल्ली के रणहौला इलाके में 17 वर्षीय लड़की की आग में झुलसने से मौत हो गई, जबकि कुछ ही देर बाद एक व्यक्ति का शव पास के घर में फंदे से लटका मिला। पुलिस को संदेह है कि उसने आत्महत्या की है। पुलिस ने उन दावों को खारिज कर दिया कि दोनों के बीच कोई संबंध था।

पुलिस के अनुसार मंगलवार को गंभीर रूप से झुलसी लड़की को अस्पताल ले जाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसके घर के पास ही एक अन्य गली में एक व्यक्ति का शव फंदे से लटका हुआ पाया गया। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अधिकारी के अनुसार लड़की ने परिवार से झगड़ा होने के बाद खुद को आग लगाई थी। उन्होंने बताया कि अपराध टीम ने दोनों जगहों का निरीक्षण कर फोरेंसिक साक्ष्य एकत्र किए हैं। इसके अलावा परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि महिला के जलने के कारण और पुरुष की मौत की परिस्थितियों की जांच की जा रही है।

## इलाके में दबदबा बनाने के लिए लोगों को धमकाने वाला हत्यारोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम दिल्ली में दबंगई के जरिए अपना दबदबा बनाने की कोशिश कर रहे एक बदमाश को स्पेशल स्टाफ ने गिरफ्तार किया है। आरोपी हत्या के एक मामले में पहले गिरफ्तार होने के बाद जमानत पर रिहा हुआ था। मनोज उर्फ नेपाली (29) के पास से एक देसी पिस्तौल और एक कारतूस बरामद हुआ है। वह 2017 में ख्याला में दर्ज हत्या के एक मामले में शामिल था। पुलिस के अनुसार जेल में करीब सात साल बिताने के बाद इसे जनवरी में जमानत पर छोड़ा गया था। उसने जेल से छूटने के बाद फिर से अपराधिक गतिविधियां शुरू कर दी थी। एक स्थानीय दबंग के रूप में खुद का वर्चस्व स्थापित करने के मकसद से मनोज यहां रमेश नगर और आस-पास के इलाकों में शराब तस्करों तथा जुआ खेलने वालों से कथित तौर पर वसूली कर रहा था। उसके हिंसक स्वभाव के कारण लोग उससे डरते थे और उसके खिलाफ शिकायत करने से कतराते थे। पुलिस को पता चला कि वह रघुबीर नगर में बस गया था और दूसरी शादी कर ली है। वह अपने गिरोह को फिर से सक्रिय करने की कोशिश कर रहा था। रमेश नगर में एक झुग्गी के पास उसके मौजूद होने की तीन नवंबर को खास जानकारी मिली थी। एक टीम ने ट्रैप लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

## रोहिणी के हत्या केस में वांछित दो आरोपी पकड़े

**नई दिल्ली।** रोहिणी में हत्या के एक मामले में करीब दो महीने से फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी राकेश सिंह डेढ़ा (27) और हर्ष सिंह (23) रोहिणी इलाके में पांच सितंबर को हबीब नाम के एक व्यक्ति की हत्या के सिलसिले में वांछित थे। बुराड़ी निवासी तीन आरोपी अमन राठौर, विक्की और अनिल को स्थानीय पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी। जबकि राकेश तथा हर्ष फरार थे। इनके खिलाफ गैर जमानती वारंट और नोटिस जारी किए गए थे। पुलिस के अनुसार दोनों दिल्ली-एनसीआर में लगातार अपने ठिकाने बदलकर गिरफ्तारी से बच रहे थे। पुलिस ने बताया कि एक होटल के पास उनकी मौजूदगी के बारे में गुप्त सूचना मिलने पर एक टीम ने मयूर विहार में छापेमारी की, जहां उन्हें पकड़ लिया गया। पुलिस के मुताबिक राकेश एक आदतन अपराधी है और दिल्ली तथा गुरुग्राम में उसके खिलाफ धोखाधड़ी, मारपीट और आपराधिक साजिश रचने जैसे कई मामले दर्ज हैं।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेश उर्फ जीतू पुत्र प्यारे लाल निवासी बी–63, गली नं. 10, न्यू मॉडर्न शाहदरा दिल्ली,** ने **FIR No. 115/2018 U/S 25/54/59 Arms Act,** अन्तर्गत थाना **मानसरोवर पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश उर्फ जीतू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश उर्फ जीतू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 115/2018 U/S 25/54/59 Arms Act,** अन्तर्गत थाना मानसरोवर पार्क, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **राजेश उर्फ जीतू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री ऐश्वर्या सिंह कश्यप
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–06
कमरा नं. 25, प्रथम तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/14706/SHD/2025(Court Matter)

## एलजी ने दिल्ली के समग्र विकास के लिए डीडीए की बैठक में महत्वपूर्ण परियोजनाओं को दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) अथॉरिटी की बैठक में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली के समग्र विकास के लिए कई अहम परियोजनाओं को मंजूरी दी। बैठक की अध्यक्षता उपराज्यपाल ने की, जिसमें डीडीए उपाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। एलजी ने दिल्ली के पहले टीओडी प्रोजेक्ट के तहत कड़कड़डूमा में हाउसिंग स्कीम को मंजूरी प्रदान की। बैठक में योजनाबद्ध व्यावसायिक सेंटर के लिए एन्हांस्ड एफएआर पॉलिसी का विस्तार और ओल्ड राजिंदर नगर और सफदरजंग डेवलपमेंट एरिया में डीडीए स्टाफ क्वार्टर के रीडेवलपमेंट को भी मंजूरी दे दी। इनके अलावा एलजी ने नरेला क्षेत्र में मल्टी स्पोर्ट्स इंटीग्रेटेड स्टेडियम के विकास और नरेला को शिक्षा हब के रूप में विकसित करने के लिए, भूमि उपयोग में बदलाव को भी मंजूरी दी गई। डीडीए के अनुसार एलजी ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, एजेंडा के अलावा डीडीए, एमसीडी और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार को सभी लंबित अंतर-विभागीय और अंतर-एजेंसी मुद्दों को तुरंत हल करने के निर्देश भी दिए हैं। इन मुद्दों में मुख्य रूप से दिल्ली जल बोर्ड, पीडब्ल्यूडी और एमसीडी से संबंधित हैं। ऐसे मुद्दे पिछले एक दशक से अधिक समय से एजेंसियों के बीच सहज समन्वय की कमी के कारण सामने आए हैं। इस संबंध में, जल्द ही मुख्य सचिव द्वारा एक बैठक बुलाई जाएगी। जानकारी अनुसार एलजी ने लैंड पूलिंग क्षेत्रों के विकास के लिए, अथॉरिटी ने 40.23 हेक्टेयर क्षेत्र के भूमि उपयोग में बदलाव को मंजूरी दी है। दिल्ली के लिए लैंड पूलिंग पॉलिसी 11 अक्टूबर 2018 को दिल्ली-2021 के मास्टर प्लान के हिस्से के रूप में अधिसूचित की गई थी। इसके नियम 24 अक्टूबर 2018 को अधिसूचित किए गए थे। यह पॉलिसी 6 प्लानिंग जोन यानी के, आई, एल, एन, पी-टू और पी-वन और जे के कुछ हिस्से में आने वाले 105 शहरी गांवों पर लागू है। लैंड पूलिंग एरिया को 138 सेक्टरों में बांटा गया है, जिसका पूलेबल एरिया लगभग 20 हजार 422 हेक्टेयर है। प्लानिंग जोन पी-टू का सेक्टर 8 भी पहला सेक्टर है जिसमें 70 प्रतिशत लगातार पूल्ड जमीन हासिल कर ली है और इस पॉलिसी के तहत डेवलपमेंट के लिए एलिजिबल हो गया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इमरान उर्फ बोना, पुत्रः इस्लाम, पताः जे–243, जनता कॉलोनी, वेलकम, दिल्ली** ने **FIR No. 322/2019, U/s 25 A. Act, पुलिस थाना वेलकम, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **इमरान उर्फ बोना** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **इमरान उर्फ बोना** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 322/2019, U/s 25 A. Act, पुलिस थाना वेलकम, दिल्ली** के अभियुक्त **इमरान उर्फ बोना** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.01.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाक्षी राणा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
शाहदरा जिला, कमरा नं. 19, प्रथम तल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/13484/NE/2025




## सड़कों से धूल और गंदगी मुक्त होगी दिल्ली : सीएम

# सफाई के लिए सड़कों पर उतरी 200 मेंटेनेंस वैन, कोताही नहीं होगी बर्दाश्त : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली सरकार ने 200 मेंटेनेंस वैनों से लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधीन सभी सड़कों की सफाई शुरू कर दी है। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी है। इन मेंटेनेंस वैनों द्वारा सड़क क्षेत्र से मलबा हटाना, गड्ढों को प्राथमिकता से भरना, सड़क संकेतों की मरम्मत व सुधार व अन्य कार्य किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री के अनुसार इस अभियान के लिए कड़े नियम बनाए गए हैं, साथ ही संबंधित अफसरों को व्यक्तिगत जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। मुख्यमंत्री का कहना है कि दिल्ली सरकार प्रदूषण नियंत्रण को लेकर बेहद गंभीर है और इस मसले में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं जाएगी। इस कार्य के अलावा पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर लगे पेड़ों की छंटाई के लिए भी अलग से मेंटेनेंस वैन लगाई गई हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जानकारी दी कि दिल्ली के प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सरकार की ओर से लगातार प्रयास चल रहे हैं और इसके लिए सभी विभागों के बीच व्यावहारिक समन्वय चल रहा है। इस अभियान में प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों, प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के लिए कई टीमों का गठन कर दिया गया है, साथ ही प्रदूषण के 'हॉट स्पॉट' को सामान्य बनाने के लिए लगातार कार्य चल रहा है। इसी कड़ी में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने अपनी सड़कों की गहन सफाई और धूल नियंत्रण के लिए एक विशेष अभियान शुरू कर दिया है। सभी सड़कों की राइट ऑफ वे क्षेत्र में गहराई से सफाई की जा रही है। इसके लिए 200 मेंटेनेंस वैनों को और भी गहन कार्य करने की जिम्मेदारी दी गई है। प्रत्येक वैन प्रतिदिन कम से कम 200 मीटर सड़क की गहन सफाई कर रही है।

इस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए सभी जूनियर इंजीनियर और असिस्टेंट इंजीनियर को इन वैनों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी सौंपी गई है।

> **सड़कों का मरम्मत कार्य 45 दिनों के भीतर पूरा किया जाना अनिवार्य**
>
> मुख्यमंत्री ने आदेश दिया है कि सड़कों की सफाई और मरम्मत कार्य 45 दिनों के भीतर पूरा किया जाना अनिवार्य है। निर्देशों का पालन न करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं मुख्यमंत्री ने बताया कि राजधानी की 1400 किलोमीटर पीडब्ल्यूडी सड़कों पर यह कार्य तेज गति से चल रहा है। मेंटेनेंस वैन से सफाई के साथ-साथ जो कार्य किए जा रहे हैं, उनमें सड़कों के राइट ऑफ वे क्षेत्र में धूल हटाना तथा कर्ब चैनल और बेल माउथ आदि की सफाई, सड़क क्षेत्र से मलबा हटाना और नियमित मलबा या कचरा डंपिंग की स्थिति में एमसीडी को सूचित करना, फुटपाथ की सफाई, गड्ढों की भराई को प्राथमिकता देना, फुटपाथ और सेंट्रल वर्ज की सामान्य मरम्मत, सड़क संकेतों की मरम्मत व सुधार, टूटे या गायब लाइट फिटिंग, खुली वायरिंग में सुधार शामिल है। प्रत्येक मेंटेनेंस वैन एक जेई/एई के अधीन कार्य करेगी और उनके कार्य की साप्ताहिक निगरानी वरिष्ठ अधिकारी द्वारा की जाएगी।

## विकसित दिल्ली निर्माण में सहकारिता क्षेत्र की होगी अग्रणी भूमिका : इंद्राज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

> ■ मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने जामिया कोऑपरेटिव बैंक की ओर से ह्यूमैनिटी फर्स्ट एम्बुलेंस सेवा का किया शुभारम्भ

दिल्ली में सहकारिता बैंकिंग व अन्य सहकारिता से जुड़े क्षेत्रों को सशक्त बनाया जाएगा और विभागीय कार्यशैली में पारदर्शिता, बैंकों की नई शाखाएं, आसान वित्तीय सहायता एवं आत्मनिर्भर बनाने की योजनाओं पर जोर देकर हम दिल्ली के सहकारिता क्षेत्रों को देश में अग्रणी व मॉडल बनाएंगे।

यह बातें बुधवार को दिल्ली के सहकारिता मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने जाकिर बाग, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी से ह्यूमैनिटी फर्स्ट एम्बुलेंस सेवा के शुभारम्भ कार्यक्रम में कहीं। मंत्री इंद्राज ने बताया कि यह एम्बुलेंस सेवा गंभीर रोगियों को आसपास के अस्पतालों तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस एम्बुलेंस सेवा को जामिया कोऑपरेटिव बैंक की ओर से आमजन को समर्पित किया गया। गंभीर रोगियों को अस्पतालों तक पहुंचाने के अलावा, ह्यूमैनिटी फर्स्ट एम्बुलेंस सेवा मृतकों को अस्पताल से घर तथा कब्रिस्तान/श्मशान तक ले जाने की व्यवस्था भी करेगी। कार्यक्रम का आयोजन अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत दिल्ली में लगातार हो रहे आयोजनों के तहत किया गया। बैंक के अध्यक्ष एम.क्यू.एच. बेग ने सहकारिता मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि बैंक आगे भी ऐसे सामाजिक योगदानों में अग्रणी रहेगा।

## सिंघोला लैंडफिल साइट पर जमा कूड़े में लगाई जाती है आग, बढ़ा प्रदूषण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

> ■ दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के दावे सिर्फ कागजों में
> ■ आसपास के गांव खामपुर, टीकरी, सिंघोला और सिंघू में फैल जाता है वायु प्रदूषण

दिल्ली के नरेला विधानसभा क्षेत्र के सिंघोला गांव की जमीन पर प्रस्तावित लैंडफिल साइट (खामपुर-टीकरी शिमला सेब मंडी के पास ) पर प्रदूषण की एक नई समस्या उभर आई है। दिल्ली नगर निगम द्वारा गांव की करीब 6 एकड़ जमीन पर कुछ समय से कूड़ा डाला जा रहा है। यह स्थल निगम के अस्थायी डंपिंग प्वाइंट की तरह काम कर रहा है, जहां कूड़ा फेंका जा रहा है।

समस्या तब और गंभीर हो जाती है जब इस कूड़े का निस्तारण नहीं किया जाता और स्थानीय स्तर पर उसे जलाकर खत्म करने की कोशिश की जाती है। नतीजतन, इन दिनों गांव सिंघोला, खामपुर, टीकरी और सिंघू की हवा जहरीली हो रही है। सुबह और शाम के वक्त घना धुआं छा जाता है जिससे ग्रामीणों को सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन और बच्चों में खांसी जैसी शिकायतें बढ़ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे स्थानीय जनप्रतिनिधि और निगम अधिकारी कूड़े आदि की स्थिति में सब कुछ जानते हैं, लेकिन समस्या समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

एक ग्रामीण ने नाराज़गी जताते हुए कहा, कि दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम सिर्फ प्रदूषण पर बैठकें कर दावे करते हैं, लेकिन गांवों में हालात कोई देखने नहीं आता। दिल्ली सरकार और नगर निगम दोनों ही प्रदूषण नियंत्रण के लिए लगातार नए-नए दावे करते रहे हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर सिंघोला और टीकरी सेब मंडी के सामने जैसी जगहों पर स्थिति ठीक इसके उलट दिख रही है।

## सेग्रीगेशन सोर्स पर ही कूड़ा अलगाव की प्रक्रिया में तेजी लाए एमसीडी : सूद

### शहरी विकास मंत्री ने की दिल्ली नगर निगम द्वारा किए जा रहे प्रदूषण नियंत्रण कार्यों की उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी)सेग्रीगेशन सोर्स पर ही कूड़ा अलगाव की प्रक्रिया में तेजी लाएं तभी कूड़े का प्रबंधन सही तरीके से हो पाएगा। यह निर्देश बुधवार को दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने एमसीडी के अधिकारियों को दिए हैं।

गौरतलब है कि दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने बुधवार को दिल्ली सचिवालय में दिल्ली नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। एमसीडी के अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में प्रतिदिन 14000 मीट्रिक टन कूड़ा उठाया जा रहा है। मंत्री सूद ने कहा कि एमसीडी द्वारा दिल्ली में साफ सफाई, कूड़े का सही तरीके से निस्तारण और प्रदूषण कम करने के लिए जो आधुनिक मशीन आदि खरीदी जा रही हैं उनका उपयोग सही तरीके से किया जाय और दिल्ली की साफ सफाई आदि में इनका स्पष्ट प्रभाव भी दिखना चाहिए। सूद ने एमसीडी के अधिकारियों के साथ दिल्ली में साफ सफाई और प्रदूषण कम करने के लिए प्रयोग की जा रही 28 स्मॉग गन तथा 167 स्प्रिंकलर के बारे में विस्तार से चर्चा की और एमसीडी के अधिकारियों को कहा कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि यह सब मशीन अपने सही तरीके से कम करें और यदि कर्मचारियों को प्रदूषण लेवल कम करने के लिए डबल शिफ्ट में भी काम करना पड़े तो उनको काम करने के आदेश दिए जाएं । इसके साथ-साथ मंत्री महोदय ने एमसीडी के अधिकारियों को 52 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीन के बारे में भी निर्देश दिए कि वह भी रोड पर सही तरीके से काम करे।

> **गाजीपुर लैंडफिल साइट पर दोबारा आग न लग सके इसे किया जाए सुनिश्चित**
>
> सूद ने कहा की पिछले साल गाजीपुर लैंडफिल साइट पर तीन बार आग लग चुकी है और इसको सुनिश्चित किया जाए कि इस पर दोबारा आग ना लग सके साथ ही फायर की जिन मशीनों को इन लैंडफिल साइट पर आग बुझाने के लिए दिया गया है उनसे भी उचित काम लिया जाए। बैठक में मंत्री महोदय को डंप साइट्स और आग की घटनाओं पर नियंत्रण के संबंध में भी अवगत कराया गया। निगम अधिकारियों ने डंप साइट्स भलस्वा, गाजीपुर और ओखला पर आग लगने की घटनाओं की रोकथाम हेतु अपनाए गए उपायों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में यह भी बताया गया कि बरसात के दिनों को छोड़कर प्रतिदिन औसतन 20 हजार से 25 हजार टन की बायोमाइनिंग की जा रही है ।

## नरेला अनाज मंडी में धान की आवक हुई कम



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की नरेला स्थित नई अनाज मंडी में पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष के बीते अक्टूबर माह के दौरान धान की आवक में गिरावट दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष के मुकाबले इस बार प्रति क्विंटल धान की कीमतों में सौ रुपए से लेकर तीन सौ रुपए तक का मामूली उछाल देखा गया है। प्रशासन ने बताया कि धान की आवक हरियाणा, दिल्ली देहात और उत्तर प्रदेश के मंडी के सीमावर्ती इलाकों से प्रमुख रूप से हो रही है। नरेला अनाज मंडी से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2024 के अक्टूबर माह में 8 लाख, 77 हजार, 559 क्विंटल और इस वर्ष अक्टूबर माह में 8 लाख, 71 हजार, 063 क्विंटल आवक हुई है। वहीं, कीमतों की बात करें तो गत वर्ष अक्टूबर माह में सामान्य धान की कीमत 2300 से 3400 रुपए प्रति क्विंटल थीं वहीं, इस वर्ष इसी अवधि में 2300 से 3400 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किए गए हैं। सामान्य धान के अलावा 1121 किस्म के धान की बात की जाए तो गत वर्ष इस किस्म के धान की कीमत 3800 से 4200 रुपए प्रति क्विंटल थीं वहीं, इस वर्ष इसी अवधि में 3900 से 4300 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किए गए हैं।

## प्रदूषण और बीमारियों के मामले में आमने सामने महापौर-नेता विपक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में डेंगू से हुई दो मौतों के बाद दिल्ली नगर निगम के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह और दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग आमने- सामने हैं। दिल्ली नगर निगम के महापौर सरदार राजा इक़बाल सिंह ने बुधवार को जहां आम आदमी पार्टी द्वारा डेंगू, मलेरिया एवं चिकनगुनिया के बढ़ते मामलों के संबंध में लगाए गए आरोपों को पूर्णतः भ्रामक, निराधार एवं राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया है।

उन्होंने कहा है कि दिल्ली नगर निगम नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे निरंतर कार्यरत है। डेंगू, मलेरिया एवं चिकनगुनिया के नियंत्रण हेतु निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरे शहर में व्यापक फॉगिंग, एंटी-लार्वा स्प्रे एवं जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इस विषय पर राजनीति करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं, दूसरी तरफ नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण और मौसमी बीमारियों को लेकर भाजपा की सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा के चारों इंजन मिलकर भी दिल्ली में प्रदूषण और मौसमी बीमारियों पर काबू पाने में नाकाम हैं। साथ ही, दिल्ली में डेंगू-मलेरिया का आतंक भी बढ़ा है। भाजपा की एमसीडी द्वारा 6 अक्टूबर के बाद 3 नवंबर को जारी रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि दिल्ली में डेंगू के 300, मलेरिया के 200 और चिकनगुनिया के 60 नए मामले सामने आए, जबकि डेंगू से दो लोगों की मौत भी हुई।

> **डेंगू, मलेरिया का पांच सालों में अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा**
>
> नेता विपक्ष नारंग ने कहा कि डेंगू, मलेरिया संबंधी आंकड़ा यह पांच सालों में अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। अगर भाजपा सरकार ने समय रहते एमटीएस कर्मियों की हड़ताल को खत्म कराया होता तो दिल्ली में डेंगू-मलेरिया के इतने मामले नहीं बढ़ते और ये दो मौते भी नहीं होती। अंकुश नारंग ने कहा कि प्रदूषण के आंकड़े छिपाने के बाद अब भाजपा सरकार ने डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी जल-जनित बीमारियों की रिपोर्ट भी दबा दी है। तीन हफ्ते बाद जारी की गई 3 नवंबर तक की रिपोर्ट से पहले 6 अक्टूबर की आई रिपोर्ट थी। यानी, भाजपा ने एक पूरे महीने की रिपोर्ट गायब कर दी।

### सिंघोला फ्लाईओवर पर चार सितंबर को बारिश के दौरान हुआ था गहरा गड्ढा

# 'एनएच-44 गड्ढा मामला : सीवर लाईन का मरम्मत कार्य जल्द होगा खत्म'

दया राम ⏭ नई दिल्ली

> ■ गहरे गड्ढे के चलते एक ऑटो हो गया दुर्घटनाग्रस्त

देश के राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) पर चलने वाले लाखों वाहन चालकों, यात्रियों को करीब दो सप्ताह के भीतर दिल्ली जल बोर्ड की तरफ से राहत की खबर मिल सकती है। लेकिन पूर्णत राहत मिलने में अभी दो से तीन महीने का समय लग सकता है, क्योंकि इसके बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) प्रशासन द्वारा इस गहरे गड्ढे को नीचे से भरने का कार्य शुरू होगा।

बता दें कि इस वर्ष चार सितंबर को सिंघोला फ्लाईओवर पर (बंकू की रसोई के पास) मानसून की बारिश के दौरान एक गहरा गड्ढा हो गया था जिसके चलते एक ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और वाहन चालक भी चोटिल हो गया था। बाद में दिल्ली से सोनीपत की तरफ जाने वाले इस फ्लाईओवर को जल बोर्ड की सीवर लाइन के स्थानांतरण के चलते बंद कर दिया था।

वहीं, दिल्ली जल बोर्ड के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि अब जल बोर्ड की ओर से उम्मीद की जा रही है कि करीब 15 दिन में सीवर लाइन का स्थानांतरण पूरा होते ही इस मार्ग पर एनएचएआई प्रशासन अपना आगे का कार्य शुरू कर देगा। फ्लाईओवर पर रूट परिवर्तन के चलते यहां से आने जाने वालों को लंबे यातायात का सामना करना पड़ता है। जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है।



> **25 वर्ष पुरानी सीवर लाइन हो गई थी लीकेज**
>
> **नई दिल्ली।** घटना स्थल के दौरे के दौरान एनएचएआई द्वारा जांच में दावा किया गया था कि जहां गहरा गड्ढा हुआ था, उसके नीचे से दिल्ली जल बोर्ड की करीब 25 वर्ष पुरानी सीवर लाइन लीकेज हो गयी थी, जिसके चलते यह गड्ढा हुआ और इसके बाद इस सीवर लाइन के स्थानांतरण का कार्य शुरू किया गया। हालांकि शुरुआती एक माह में दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली जल बोर्ड और एनएचएआई के बीच गड्ढा मामले में ना नुकर की समस्या आई और फिर कार्य शुरू हुआ।

## खबर संक्षेप

### अवैध हुक्का बार पर छापा, तीन गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने अवैध हुक्का बार चलाने वाले दो लोगों को गिरफ्तार को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से हुक्के, 05 पाइप, 05 चिलम, 01 डिब्बी तम्बाकू डबल अप्पल फलेवर खुला बरामद हुए हैं। आरोपियों में जतिन निवासी जौहरीपुर थाना गोकुलपुरी दिल्ली,गजेन्द्र कुमार उर्फ राज मेहरा कर्दम निवासी फार्म जौहरीपुर थाना करावलनगर दिल्ली हैं । दोनों मिलकर म्यूजिक रेस्टोरेन्ट चलाते है और हम हुक्का बार बिना लाइसेंस के चोरी छिपे चला रहे थे कि पुलिस ने पकड़ लिया ।




### युवती की हत्या कर शव बेड के नीचे छुपाया

**गुरुग्राम।** उद्योग विहार थाना एरिया में लिव इन में रह रही एक युवती की हत्या कर शव शव बेड के नीचे छुपाने का मामला सामने आया है। बुधवार को शव से बदबू फैलने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बंद घर को खुलवाकर शव को बेड के नीचे से बाहर निकाला। मृतक युवती की पहचान अंगूरी निवासी कापसहेड़ा के रूप में हुई है।



### कार व ऑटो की भिड़ंत में दो की मौत

**गुरुग्राम।** सेक्टर-10 ए थाना एरिया के द्वारका एक्सप्रेस-वे पर तेज गति से जा रही एक कार की ऑटो में भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में ऑटो के परखच्चे उड़ गए व दो लोगों की मौत हो गई। चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। मृतकों के शव पोस्टमार्टम भिजवाए गए। पुलिस ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही है। जानकारी के अनुसार यूपी के मुरादाबाद निवासी मौसिम यहां गुरुग्राम के बामडौली गांव में रहता है और सैलून चलाता है। गांव के ही आरिफ, साहिल व रिहान भी काम करते हैं। मंगलवार को सैलून बंद होने के चलते सभी एमजी रोड स्थित मॉल में घूमने के लिए आए थे।




# वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर पूरा देश गाएगा राष्ट्रगीत: ओम प्रकाश

## डिप्रेशन, बदलता क्लाइमेंट, बिगड़ती लाइफ स्टाइल का हर व्यक्ति की सेहत पर पड़ रहा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि सात नवंबर को राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर पूरा देश इस गीत को गाएगा। भाजपा पूरे देश में राष्ट्रगीत की वर्षगांठ को धूमधाम से मनाएगी। इस दौरान सरकारी, निजी स्कूल, कालेज, संस्थानों में भी राष्ट्र गीत को गाया जाएगा। गुरुग्राम के लेजरवैली मैदान में भी राष्ट्रगीत का भव्य आयोजन होगा। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ बुधवार को भाजपा कार्यालय गुरुकमल में इस आयोजन को लेकर पत्रकारों से बात कर रहे थे।

धनखड़ ने कहा कि 14 अगस्त 1947 की रात को शुचेता कृपलानी ने नेहरू के भाषण से पहले भी यह गीत गाया। अगली सुबह यानी 15 अगस्त 1947 को 06:&0 बजे रेडियो पर इसका प्रसारण किया गया। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया के भारत का राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत ही सबसे पॉपुलर है। सात नवंबर को देशभर में गाए जाने वाले राष्ट्र गीत के शेड्यूल के बारे में बोलते हुए धनखड़ ने कहा कि पहला कार्यक्रम 150 स्थानों पर होगा और उनकी ड्यूटी भी कार्यक्रमों की देखरेख के लिए लगी है।




उन्होंने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली में इंदिरा गांधी स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वंदे मातरम गीत गाने के कार्यक्रम में शामिल होंगें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दो कार्यक्रमों चंडीगढ़ सचिवालय और अंबाला में शिरकत करेंगें। प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली सोनीपत में और वे स्वयं गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित लेजरवैली मैदान में भव्य कार्यक्रम में शामिल होंगें। देश के सभी रा'यों के मुख्यमंत्री अपनी-अपनी राजधानियों में राष्ट्रगीत कार्यक्रम में शिरकत करेंगें। जयपुर में 50 हजार लोगों का कार्यक्रम होगा, उसमें यह गीत गाया जाएगा।

धनखड़ ने कहा कि आजादी की लड़ाई के स्थानों अंडेमान निकोबार, सेल्यूलर जेल, झांसी की रानी के शहादत स्थल पर भी गीत गाया जाएगा। यह कार्यक्रम रेजांगला के शहीदों, 1857 की क्रांति के वीरों को समर्पित होगा। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ियों को इस गीत के माध्यम से इतिहास, प्रभाव, आजादी के आंदेलन में भूमिका को बताने का भी प्रयास है। धनखड़ ने कहा कि इस गीत के गायन के साथ ही देश में पद यात्राएं, साइकिल यात्राएं होगी और यह एक बड़ा उत्सव की तरह होगा।

ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि भारत में वंदे मातरम लोकप्रिय शब्द ने आजादी की लड़ाई में वंदे मातरम गीत का अहम भूमिका रही। क्रांतिकारी वंदे मातरम बोलते हुए फांसी के फंदे पर झूले। वर्ष 1906 में इस गीत के गाने पर प्रतिबंध लगाया गया। वर्ष 1942 में ही इस गीत को गाने से रोका गया। उन्होंने कहा कि आजादी आंदोलन के समय नारे बहुत से बनाए गए, लेकिन वंदे मातरम सबसे 'यादा प्रचलित हुए।

धनखड़ ने कहा कि वंदे मातरम गीत को 7 नवंबर 1876 को बंकिम चंद्र ने लिखा था। इसके 20 साल बाद वर्ष 1896 में रवींद्रनाथ ठाकुर ने इसे गाया था। वर्ष 1987 के बाद इस गीत के गायन पर ऐतराज शुरू हुआ। 24 नवंबर 1950 को यह राष्ट्रीय गीत बना और 1982 में यह आनंद मठ में उपन्यास का हिस्सा बनाया गया। इसके बाद वंदे मातरम से 6 अंतरे में से 4 अंतरे कम कर दिए गए और दो अंतरे ही गाये जाने लगे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़, जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, महामंत्री अजीत यादव, हरविंद कोहली, जिला मीडिया प्रभारी हितेश चौधरी, सहमीडिया प्रभारी राजन चौहान, मदन गोयल, नाथूपुर मंडल सचिव शक्ति सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिविरों से जुड़ी शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की गई

# जनता को सुलभ और पारदर्शी स्वास्थ्य सेवाएं देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: राज नेहरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

मुख्यमंत्री हरियाणा के ओएसडी राज नेहरू ने बुधवार को लघु सचिवालय सेक्टर-12 में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, सड़क निर्माण डंपिंग यार्ड, कानून व्यवस्था, मुख्यमंत्री घोषणाओं और समाधान शिविरों से जुड़ी शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की गई।




राज नेहरू ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार सभी जिलों में फील्ड स्तर पर विकास कार्यों की निगरानी की जा रही है, ताकि सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट संदेश है कि प्रशासन जनता के द्वार तक पहुंचे और पारदर्शिता के साथ सेवा भावना से कार्य करे। शिक्षा और स्वास्थ्य पर जोररू उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आधारभूत ढांचे और डिजिटल सुविधाओं को मजबूत किया जाए। विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थितिए प्रयोगशालाओं और पुस्तकालयों की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने जिला अस्पतालोंए सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में दवाइयों, चिकित्सकों और उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता को सुलभ और पारदर्शी स्वास्थ्य सेवाएं देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सड़क, खेल और स्वच्छता पर निर्देशरू राज नेहरू ने कहा कि सडक़ निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा किया जाए और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए नगर निकाय ठोस कदम उठाएं। सेक्टर-12, 31, अटाली और शाहपुर कला के खेल स्टेडियमों की समीक्षा करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं देना सरकार की प्रतिबद्धता है। संवेदनशीलता और तत्परता से काम करें, ताकि जनता का विश्वास बना रहे। मुख्यमंत्री घोषणाओं और समाधान शिविरों में आई शिकायतों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि हर शिकायत का स्थायी और संतोषजनक समाधान होना चाहिए और जनता से किए गए वादों की समयबद्ध पूर्ति सरकार की प्राथमिकता है। निरीक्षण और संवादरू बैठक के बाद ओएसडी राज नेहरू ने सेक्टर.12 खेल परिसरए अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज छायंसा और गढ़खेड़ा गांव की खेल नर्सरी का निरीक्षण किया।

खिलाड़ियों से संवाद कर उनकी जरूरतों को समझा और आश्वासन दिया कि खिलाड़ी प्रदेश का गौरव हैं उनके लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। एडीसी सतबीर मान, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, सीटीएम अंकित कुमार, सीएमओ डॉ. जयंत , जिला शिक्षा अधिकारी अंशु सिंगला और मुख्यमंत्री के मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ठ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## फरीदाबाद पुलिस ने विद्यार्थियों को किया जागरूक

# एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया एवं मनसा हेल्पलाइन 1933 के बारे में बताया




हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस द्वारा अलग-अलग माध्यम से आमजन व विद्यार्थियों को जागरूक किया जा रहा है, जिसके निरंतर में फरीदाबाद पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग टीम द्वारा स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक विशेष एसपीसी कक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया एवं मनसा हेल्पलाइन नंबर 1933 बारे में जानकारी दी गई।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया, अपराध की सूचना पुलिस को देने के सही तरीके क्या हैं और शिकायत दर्ज करवाने की पूरी प्रक्रिया क्या होती है। विद्यार्थियों को जागरूक नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके पश्चात नशा मुक्ति अभियान के तहत विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा मनसा हेल्पलाइन नंबर 1933 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

समाज से इस बुराई को खत्म करने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि जब समाज का हर वर्ग, विशेषकर युवा और विद्यार्थी वर्ग, इस लड़ाई में पुलिस और प्रशासन के साथ मिलकर कदम बढ़ाएगा, तब ही फरीदाबाद को नशा मुक्त और अपराध मुक्त शहर बनाया जा सकेगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को संकल्प दिलवाया गया कि वे स्वयं कभी नशे का सेवन नहीं करेंगे, दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे तथा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देंगे। सभी विद्यार्थियों को हरियाणा नारकोटिक्स हेल्पलाइन 9050891508 एवं मानस हेल्पलाइन 1933 के बारे में भी जानकारी दी गई।

## मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के लिए सीबीएसई वर्कशॉप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

संजय कॉलोनी सेक्टर-23 स्थित मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल में आईपी स्टडी पब्लिकेशन और सिल्वर जोन फाउंडेशन के सहयोग से सीबीएसई द्वारा एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और विद्यार्थियों के लर्निंग आउटकम्स के प्रति जागरूक करना था।

कार्यशाला में सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन वंदना बग्गा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि सहयोगी के रूप में रुचित भाटी ने कार्यक्रम में योगदान दिया।

वंदना बग्गा ने लर्निंग आउटकम एंड पेडागोजी विषय पर विस्तार से जानकारी देते हुए शिक्षकों को बताया कि विद्यार्थियों को सही दिशा में मार्गदर्शन देने के लिए शिक्षक की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है।

उन्होंने अध्यापकों को समझाया कि 40 मिनट के एक पूरे पीरियड में विद्यार्थियों का ध्यान कैसे केंद्रित रखा जाए, पाठ को रोचक और समझने योग्य कैसे बनाया जाए तथा बच्चों के भटके हुए ध्यान को किस प्रकार सकारात्मक रूप से डाइवर्ट किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में शिक्षक का कार्य केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को सोचने, समझने और व्यवहारिक ज्ञान से जोड़ने का है।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन ओ.पी. परमार और प्रिंसिपल जितेंद्र परमार ने सीबीएसई तथा आयोजन से जुड़ी संस्थाओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के व्यवसायिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

# ओयो होटल में सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने पहले दोस्तों के साथ पार्टी की, फिर लगा ली फांसी

## *कमरे से मिला शव, लैपटॉप व शराब की बोतल बरामद*

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग़ाज़ियाबाद

इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के शक्ति खंड 3 स्थित एक ओयो होटल में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने पहले अपने चार साथियों के साथ पार्टी की उसके बाद उसने फांसी लगा ली सॉफ्टवेयर इंजीनियर का शव होटल के कमरा नंबर 203 में बुधवार की सुबह बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

इंदिरापुरम थाना प्रभारी रविंद्र गौतम ने बताया कि शक्ति खंड 3 वन मॉल के ओयो होटल में मेरठ निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर रजत प्रताप सिंह 3 दिन से ठहरा हुआ था। वह नोएडा में नोकरी करता था। होटल स्टाफ के अनुसार मंगलवार की देर रात्रि तक उसने अपने चार दोस्तों के साथ पहले पार्टी की। सुबह के वक्त कमरे में उसकी लाश बरामद हुई। जो फांसी के फंदे से लटकी हुई थी। उन्होंने बताया कि कमरे से एक लैपटॉप व शराब की बोतल बरामद हुई है। जो भी कमरे के अंदर सामान मिला है उसके हिसाब से जांच पड़ताल की जा रही है। वहीं रजत प्रताप सिंह के पिता का कहना है कि कल शाम भी उनकी रजत से नॉर्मल बात हुई है। उन्हें कोई ऐसा चीज नहीं लगी थी जिससे वह इतना घातक कदम उठा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि कोई लड़की रजत को टॉर्चर करती थी। रजत ने उसी से परेशान होकर आत्महत्या की है। उन्होंने पुलिस से मांग की सीसीटीवी कैमरा की जांच पड़ताल होनी चाहिए ताकि आरोपी की जानकारी पुलिस को मिल सके और उसके का लाभ कार्रवाई की जा सके।



## हिंट मीडिया समूह के संस्थापक सेखरी की जयंती मनाई

# सेखरी पर लिखी गई पुस्तक के लोकार्पण समारोह में जुटीं हस्तियां




हरिभूमि न्यूज ⏭ ग़ाज़ियाबाद

शहर के प्रसिद्ध हिंट मीडिया समूह के संस्थापक दिवंगत विजय सेखरी का जन्मदिन एचएलएम इंस्टीटूट में समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सेखरी पर लिखी गई एक पुस्तक का लोकार्पण भी शहर की उपस्थित हस्तियों ने किया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता बलदेव राज शर्मा, उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा, पूर्व विधायक केके शर्मा, सुरेंद्र कुमार मुन्नी, बालेश्वर त्यागी, ग़ाज़ियाबाद के पूर्व जिलाधिकारी नसीम ज़ैदी, आईपीएस अधिकारी वीके शेखर, रवि अरोड़ा, बीएल बत्रा आदि उपस्थित रहे। पुस्तक के लेखक कमल सेखरी ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन पत्रकार सलामत मियाँ ने किया।

# मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्टस की जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन

## नई कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष के पद पर अभिषेक अग्रवाल को नियुक्त किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्टस की जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन गुरुग्राम के सिटी प्लाजा में किया गया। यह बैठक मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्टस के प्रदेश कोषाध्यक्ष उमेश गर्ग की मौजूदगी में की गई। बैठक में पिछले दिनों नियुक्त किए गए जिला प्रधान धर्मेंद्र कौशिक, उपाध्यक्ष राम खटाना, महासचिव प्रवेश चौहान ने सर्व सम्मति से जिला कार्यकारिणी का गठन किया। नई कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष के पद पर अभिषेक अग्रवाल को नियुक्त किया गया।



उप प्रधान के पद पर संजय मेहरा, सचिव राजेश यादव, प्रवक्ता पवन कुमार सेठी को नियुक्त किया गया। इसके साथ ही जिला कार्यकारिणी में विजय भारद्वाज, प्रवीण कुमार, बलराज दायमा, शेखर यादव, योगेश कुमार, महेश शर्मा, ईश्वर शर्मा, निखिल को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया।

बैठक में तय किया गया कि प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में अगली बैठक की जाएगी। नव नियुक्त जिला कार्यकारिणी ने सभी को आश्वस्त किया कि पत्रकारों के वेलफेयर के लिए ही कार्य किया जाएगा। राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इसके लिए प्रदेश स्तर की कार्यकारिणी के साथ वार्ता की जा रही है।

# टेलीग्राम टास्क के नाम पर छह लाख 94 हजार रुपए की धोखाधड़ी

## *खाताधारक व खाता उपलब्ध करवाने वाला दोनों गिरफ्तार*

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

टेलीग्राम टास्क के नाम पर 6,94,800 रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में साइबर थाना बलल्भगढ़ की टीम ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि प्रशांत निवासी सेक्टर 11 ने थाना साइबर बल्लभगढ़ में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसने फेसबुक पर सर्फिंग करते वक्त एक लिंक पर क्लिक किया जिस पर वह एक व्हॉट्सएप ग्रुप में जुड गया। जहां उसे पार्ट टाईम व फुल टाईम पैसे कमाने का तरीका बताया गया। जिसके बाद उसे टेलीग्राम पर टास्क पुरा करने के लिये कहा गया व अधिक लाभ कमाने के लिये उसने प्रीपेड टास्क के रुप में कुल 6,94,800 रुपए निवेश किए। जिसके बाद उसे कोई पैसा वापस नही मिला। जिस शिकायत पर साइबर थाना बल्लभगढ़ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने रामकुमार व सौरव निवासी जिला अलीगढ़ उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि रामकुमार खाताधारक है जिसने अपने खाता आगे सौरव को दिया था व सौरव ने यह खाता आगे ठगो को दिया था। रामकुमार 10वीं व सौरव 12वीं पास है।



# बेटे को रेप केस में फंसाने का डर दिखाकर एक लाख 62 हजार रुपए की ठगी

## *खाताधारक व खाता उपलब्ध करवाने वाले गिरफ्तार*

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है जिसके निरंतर में बेटे को रेप केस में फंसाने का डर दिखाकर 1,62,000 रुपए की ठगी करने के मामले में साइबर थाना बलल्भगढ़ की टीम ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रघुवीर वासी मोहना फरीदाबाद ने साइबर थाना बल्लभगढ़ में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास एक अंजान नंबर से काल आया और कहा कि पुलिस वाला बोल रहा है और शिकायतकर्ता का बेटा रेप केस में फंस गया है, बेटे को छुडवाना चाहते हो तो 10 लाख रुपए भेज दो, जिसके बाद शिकायतकर्ता ने कथित पुलिस वालो को अलग-अलग ट्रांजेक्सन के जरिये कुल 1,62,000 रुपए भेज दिए। जिस शिकायत पर साइबर थाना बल्लभगढ़ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए राजेंद्र सिंह मीणा व विष्णु मीणा निवासी दौसा राजस्थान को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि राजेंद्र खाताधारक है।




**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **उमेश पुत्र मुन्ने लाल निवासी मकान नं.95, सुल्तानपुर माजरा, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 86/19 भा.द.सं. की धारा 379/427/411/34 के तहत, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **उमेश** मिल नही रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **उमेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 86/19 भा.द.सं. की धारा 379/427/411/34 के तहत, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **उमेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **18.12.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री रितिका जैन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-05, उत्तर-पश्चिम**
**कोर्ट नं.105, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली**

**DP/14869/OD/2025**

**पेज एक का शेष...**

## तेजस्वी, सम्राट, खेसारी,....

दिग्गज नेताओं के बीच देखने को मिलेगा।

तेजस्वी यादव राघोपुर सीट से लगातार तीसरी जीत दर्ज करने के इरादे से मैदान में हैं। उनके सामने भाजपा के सतीश कुमार हैं, जिन्होंने 2010 में तेजस्वी की मां राबड़ी देवी को हराया था। हालांकि, जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर, जिन्होंने पहले तेजस्वी के खिलाफ चुनाव लड़ने का ऐलान किया था, अब मैदान में नहीं हैं और उनकी पार्टी ने चंचल सिंह को उम्मीदवार बनाया है। इस चरण में कई चर्चित चेहरे मैदान में हैं। लोकगायक मैथिली ठाकुर (भाजपा- अलीनगर), भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव (आरजेडी- छपरा) और रितेश पांडे (जन सुराज पार्टी- करगहर)। इस चरण में करीब एक दर्जन मंत्री मैदान में हैं, जिनमें भाजपा के नितिन नवीन (बैंकिपुर), संजय सरावगी (दरभंगा), जिबेश कुमार (जाले) और केदार प्रसाद गुप्ता (कुरहनी) अपनी सीट बचाने की कोशिश में हैं। वहीं जदयू के श्रवण कुमार (नालंदा) और विजय कुमार चौधरी (सरायरंजन) की किस्मत का भी फैसला इसी चरण में होगा। वहीं, तेज प्रताप यादव, जिन्होंने अपनी नई पार्टी जनशक्ति जनता दल बनाई है, महुआ सीट से बहुकोणीय मुकाबले में हैं। इस सीट पर मौजूदा आरजेडी विधायक मुकेश रौशन को कड़ी टक्कर मिल रही है। यहां लोजपा (रामविलास) के उम्मीदवार संजय सिंह और निर्दलीय अशमा परवीन की मौजूदगी मुकाबले को और दिलचस्प बना रही है।

## मोकामा की सीट ....

ओसामा नाम सुनकर लोगों को ओसामा बिन लादेन की याद आती है। सबसे चर्चित मुकाबलों में से एक मोकामा की सीट है, जहां जेल में बंद जदयू विधायक अनंत सिंह का मुकाबला आरजेडी की वीणा देवी से है, जो बाहुबली सूरजभान की पत्नी हैं।

## राहुल गांधी का सबूतों...

कुल 1.18 लाख वोटों का अंतर रहा।

**ब्राजील की छोरी पर सवाल:** एक ब्राज़ीलियन मॉडल की तस्वीर दिखाते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने बताया कि उसका नाम 22 बार हरियाणा के दस बूथों की वोटर लिस्ट में अलग-अलग नामों (सीमा, स्वीटी, सरस्वती) से दर्ज था। उन्होंने दो बूथों पर 223 बार एक ही महिला का फोटो दिखाया। उत्तर प्रदेश की सीमा से लगती हुई होडल विधानसभा सीट का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि एक घर में 500 से ज्यादा वोटर दर्ज मिले। भाजपा के जिला परिषद के वाइस चेयरमैन उमेश के घर के पते पर 66 वोट पाए गए। मौके पर जांच में वहां यह मतदाता नहीं मिले। चुनाव आयोग का नियम है कि अगर किसी घर में दस से ज्यादा मतदाता हों, तो जाकर जांच की जाती है। लेकिन कोई जांच नहीं हुई।

**यूपी वाले हरियाणा में कैसे:** राहुल गांधी ने डालचंद नाम के व्यक्ति का उत्तर प्रदेश के मंत्री लक्ष्मीनारायण के साथ फोटो दिखाते हुए कहा कि वे उत्तर प्रदेश के साथ-साथ हरियाणा में भी वोटर हैं। डालचंद का पुत्र भी दोनों जगह वोटर है। मथुरा के एक गांव के सरपंच प्रह्लाद का नाम भी हरियाणा की वोटर लिस्ट में है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में ऐसे लोगों की तादाद हजारों में है, जिनका भाजपा से जुड़ाव है। उन्होंने हाउस नंबर ज़ीरो वाले पतों पर भी सवाल उठाए, जो चुनाव आयोग के अनुसार बेघर लोगों के लिए है। उन्होंने दिखाया कि इसका इस्तेमाल पहचान छुपाने के लिए किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में 1,24,177 फर्जी ब्लर तस्वीरों वाले मतदाता मिले।

**सीसीटीवी फुटेज क्यों नहीं देता आयोग:** कांग्रेस नेता ने कहा कि वोट चोरी को छुपाने के मकसद से ही चुनाव आयोग बूथों की सीसीटीवी फुटेज नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग एआई के दौर में डुप्लिकेट वोटर दो मिनट में हटा सकता है, लेकिन वह भाजपा की मदद करने के लिए ऐसा नहीं कर रहा।

राहुल गांधी ने आगे कहा कि बिहार में भी मतदाता सूची में धांधली हुई है। इस दौरान उन्होंने बिहार के कई वोटर्स को मंच पर भी बुलाया और दिखाया कि उनके नाम मतदाता सूची से काट दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में इस तरह लाखों लोगों के नाम काटे गए हैं। देश के युवाओं से अपील करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और चुनाव आयोग ने मिलकर लोकतंत्र को खत्म कर दिया है। यह संविधान पर आक्रमण है। भारत में युवा ही सत्य और अहिंसा के साथ लोकतंत्र बचा सकते हैं।

## ऐसे काटे वोट...

वोट काटे गए। उन्होंने कई लोगों के वीडियो भी दिखाए, जो उनके वोट विधानसभा चुनाव में कटने की बात कर रहे हैं।

## राहुल गांधी के आरोपों...

कि उनके ये बम कभी फूटते नहीं हैं। रिजिजू ने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि बिहार में मतदान है और ये हरियाणा चुनाव की बात कर रहे हैं। राहुल गांधी ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि हरियाणा चुनाव में 25 लाख फर्जी वोटर पंजीकृत थे। उन्होंने कहा कि हर आठ में एक मतदाता फर्जी था। कांग्रेस नेता ने कहा कि हरियाणा में फर्जी वोटों से जनादेश चुराया गया।

रिजिजू ने हरियाणा में कांग्रेस की हार के लिए पार्टी के ही नेताओं कुमारी शैलजा और राव नरेंद्र सिंह के बयानों का हवाला दिया, जिन्होंने आंतरिक तालमेल की कमी और नेताओं के काम न करने को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने राहुल गांधी के आरोपों को कांग्रेस की अंदरूनी कमजोरियों को छिपाने का प्रयास बताया।

रिजिजू ने कहा, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने फिर से अपनी विफलता छिपाने के लिए प्रेस वार्ता की है,पिछली बार एक महिला की तस्वीर टी-शर्ट पर छपवा कर उन्होंने इतना बोला था। उस महिला ने इसका विरोध किया। ऐसा नकली मुद्दा लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी समय-समय पर बोलते रहते हैं। वे कुछ विदेशी महिला के नाम का जिक्र कर रहे थे। वे चुनाव के समय विदेश जाते हैं, सदन के समय विदेश जाते हैं, बिहार चुनाव के दौरान वे विदेश चले जाते हैं। इन सब से जो उनको प्रेरणा मिलती है उसे लेकर उनकी टीम उन्हें दे देती। नेता प्रतिपक्ष को गंभीर मुद्दों पर बात करनी चाहिए फिजूल की बातों पर समय बर्बाद नहीं करना चाहिए। रिजिजू ने कहा कि 'राहुल गांधी ने एग्जिट पोल में जीत का दावा किया, लेकिन 2004 के चुनाव में हम भी एग्जिट पोल में जीत रहे थे, लेकिन हमने तो उसका रोना नहीं रोया। एग्जिट पोल को कभी गाली नहीं दी। जब राहुल गांधी के पक्ष में एग्जिट पोल जाते हैं तो वे अच्छा बताते हैं और जब विरोध में जाता है तो गाली देते हैं। ये बताते हैं कि हाइड्रोजन बम फटेगा, लेकिन इनका एटम बम फटता क्यों नहीं है?'

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 'हाल ही में कांग्रेस के एक नेता ने पार्टी से इस्तीफा दिया तो उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का हरियाणा में तालमेल ही नहीं है तो वे कैसे जीत सकते हैं? यहां राहुल गांधी चुनाव आयोग को गाली दे रहे हैं। अगर वे इस तरह से बात करेंगे तो उन पर कौन विश्वास करेगा। कांग्रेस के नेता ही कह रहे हैं कि जब तक राहुल गांधी नेता रहेंगे तब तक कांग्रेस पार्टी नहीं जीत सकती।'

## एक खुले हुए, स्वतंत्र...

है। ड्रैगन का इलाके में पड़ने वाले जापान, फिलीपींस, सिंगापुर, वियतनाम, थाईलैंड जैसे देशों के साथ समुद्री सीमाई विवाद चल रहा है। भारत इस पूरे मामले को लेकर लंबे समय से एक खुले हुए, स्वतंत्र, समावेशी और संयुक्त राष्ट्र के कानूनों पर आधारित व्यवस्था के पक्ष में रहा है।

**पीएम मोदी की जापान यात्रा रही महत्वपूर्ण:** जयशंकर ने बताया कि मौजूदा साल के अगस्त महीने में की गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा ने सराहनीय रूप से अगले दशक के संयुक्त विजन की नींव रखी है। जिससे जुड़े हुए प्राथमिकता वाले आठ स्तंभ और अगले दस वर्षों तक किए जाने वाले 10 ट्रिलियन येन का निवेश हमारी महत्वाकांक्षाओं का आकलन के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है। इसके अलावा सुरक्षा सहयोग को लेकर किया गया संयुक्त घोषणापत्र रक्षा और सुरक्षा के मामले में हमारी आकांक्षाओं को बढ़ाने के लिए विचारणीय कदम है। उन्होंने कहा, मैं जापान के साथ की हुई अगली पीढ़ी की गतिशीलता भागीदारी, आर्थिक सुरक्षा कदम, संयुक्त क्रेडिटिंग तंत्र, स्वच्छ हाइड्रोजन-अमोनिया पर संयुक्त घोषणापत्र, खनिज संसाधनों को लेकर हुए हुआ एमओयू दोनों देशों के परंपरागत एजेंडे का उदाहरण प्रस्तुत करता है।

**वैश्विक परिदृश्य में संबंध अहम:** उन्होंने कहा कि बदलते हुए अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के बीच दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध जवाबी प्रतिक्रिया कर रहे हैं, जिसकी बहुआयामी क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक गहराई प्रदान करने में भी झलक देखने को मिल रही है। जापान की नवनियुक्त प्रधानमंत्री साने ताकाइची के अक्टूबर महीने में कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उनसे हुई बातचीत उस प्राथमिकता का प्रमाण प्रस्तुत करती है। जिससे दोनों देश आपस में जुड़े हुए हैं। जयशंकर ने आयोजन को लेकर दिल्ली पॉलिसी ग्रुप और द जापान इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स को बधाई दी। उन्होंने मानव संसाधन सहयोग और आदान-प्रदान की मदद से लोगों के बीच सहयोग बढ़ने की संभावना जताई। सामाजिक स्तर पर हमें आपसी समझ बढ़ानी पड़ेगी। वहीं, तमाम अन्य कदम हमारे संबंधों की सामरिक और व्यापक प्रकृति को लेकर बनी हुई प्रतिबद्धता को दोहराते हैं।

## भारत-जापान के कंधों

कनेक्टिविटी और व्यापार जैसे स्तंभों का सह-नेतृत्व करता है। हमारी भागीदारी में दोनों देशों की ताकत को बढ़ाने वाले, सप्लाई चेन को व्यापक बनाने वाले और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, जटिल खनिजों, स्वच्छ ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में निवेश पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।

## महत्वपूर्ण राजनीतिक पदों...

**शानदार रही गजाला, आफताब की जीत:** वर्जीनिया के गवर्नर पद का चुनाव जीतने वाली गजाला हाशमी का जन्म 1964 में भारत के हैदराबाद में हुआ था। उनके पिता जिया हाशमी और माता तनवीर हाशमी हैं। वह चार साल की उम्र में अपनी मां और बड़े भाई के साथ अमेरिका आ गई थीं। गजाला की चुनावी जीत में सबसे खास बात ये है कि उन्होंने 2019 में ही अमेरिकी राजनीति में कदम रखा था और इसके लगभग सात साल के अंदर ही उन्होंने रिपब्लिकन के कब्जे वाली सीनेट सीट पर जीत दर्ज की है। वहीं, ओहियो के सिनसिनाटी के मेयर पद का चुनाव जीतने वाले 43 वर्षीय आफताब पुरवाल ने रिपब्लिकन उम्मीदवार कोरी बोमन को हराया है। उन्हें चुनाव में 66 फीसदी वोट मिले हैं। कोरी अमेरिका के उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस के सौतेले भाई हैं। पुरवाल के पिता पंजाब से और माता तिब्बती मूल की हैं।

## सोशल मीडिया पर...

की मध्यरात्रि को दिए गए ट्रस्ट विद डेस्टिनी यानी नियति से साक्षात्कार नामक ऐतिहासिक भाषण का भी उल्लेख किया है। मंच पर अपने भाषण के समापन के साथ वो हिंदी फिल्म के गाने धूम मचा ले पर अपनी पत्नी रामा दुवाजी के साथ झूमते नजर आए। इस दौरान मंच पर उनकी मां और पिता दोनों मौजूद थे। सोशल मीडिया पर भी जोहरान ममदानी और उनके भाषण के बाद सुनाई पड़ने वाले धूम मचा ले गाने का वीडियो जबरदस्त वायरल हुआ है। बताते चलें कि पंडित नेहरू ने अपने उक्त भाषण में भारत की स्वतंत्रता के महत्वपूर्ण क्षण और देश के भविष्य के लिए एक सपने का जिक्र किया था। जिसे 20वीं सदी के सबसे महान भाषणों में से एक माना जाता है।

## वहां 7 नवंबर को...

है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने निर्णय लिया है कि भारतीय जनता पार्टी 7 नवंबर से लेकर 26 नवंबर, संविधान दिवस तक सामूहिक वंदे मातरम गायन के अलग-अलग कार्यक्रम का आयोजन करेगी। इन 150 प्रमुख स्थानों में करगिल वॉर मेमोरियल और अंडमान-निकोबार सेलुलर जेल तक सामूहिक वंदे मातरम का गायन किया जाएगा। गुजरात में सोमनाथ, स्वराज आश्रम और स्टैचू ऑफ यूनिटी में कार्यक्रम होंगे। महाराष्ट्र में गेटवे ऑफ इंडिया पर वंदे मातरम का गायन होगा। तेलंगाना के वरंगल में डॉक्टर अंबेडकर का स्टैचू और गोलकुंडा में बाबू जगजीवन राम का स्टैचू शामिल हैं। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में शहीद-ए-आजम भगत सिंह की मूर्ति, आगरा के शहीदी स्मारक और फिरोजाबाद में जैन मंदिर पर आयोजन होगा। वाराणसी के नमो घाट पर भी वंदे मातरम होगा। तमिलनाडु के अरोड़ में फ्लैग सेवियर कुमारन मेमोरियल और विलोर फोर्ट, शिवगंगा फोर्ट, पुलिस ग्राउंड पर भी कार्यक्रम होंगे। प्रत्येक विधानसभा में विधायक, सांसद और पार्टी के महापौर वंदे मातरम का गायन करेंगे। प्रदेश की राजधानियों में केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आने वाले समय में सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों पर भी यह कार्यक्रम आयोजित होंगे। जगह-जगह पर स्वतंत्रता आंदोलन के जयघोष पर निबंध प्रतियोगिता, कविता पाठ और चित्रकला का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। चुघ ने कहा कि पूरे देश में होने जा रहे कार्यक्रम '**#VandeMatram**150' के नाम पर सोशल मीडिया पर भी डाला जाएगा और बंगाल, जहां से यह क्रांति का जयघोष निकला, वहां लगभग 1100 स्थानों पर 7 नवंबर को वंदे मातरम का गायन होगा और इस ऐतिहासिक आजादी के आंदोलन से जुड़े स्थानों पर एक विशेष यात्रा भी निकाली जाएगी।

## खिलाड़ियों ने मिलकर....

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस टीम को अपने आवास पर आमंत्रित किया जिसके फोटोज और वीडियो सामने आए हैं। पीएम मोदी ने अपने आवास लोक कल्याण मार्ग पर टीम का स्वागत किया और उनकी ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया। सोशल मीडिया पर भाजपा के प्रवक्त प्रदीप भंडारी ने इस मुलाकात की शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इस दौरान टीम ने पीएम मोदी के साथ ट्रॉफी को शेयर किया। सभी खिलाड़ियों ने मिलकर पीएम मोदी को 'नमो' नाम की जर्सी भी सौंपी। टीम के कोच अमोल मजूमदार भी इस मौके पर मौजूद थे। पीएम ने टीम को जीत के लिए बधाई दी। इस दौरान हरमनप्रीत कौर ने उस मीटिंग को भी याद किया जब 2017 में रनर अप भारतीय टीम से बिना ट्रॉफी के पीएम मिले थे। भारतीय महिला टीम बुधवार को दिल्ली पहुंची थी, वहीं शाम तकरीबन 4,5 बजे टीम ताज होटल से निकलकर पीएम मोदी के सरकारी आवास लोक कल्याण मार्ग के लिए रवाना हुई। इस दौरान टीम के साथ बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास भी मौजूद थी। टीम के होटल से निकलने और पीएम मोदी के आवास पहुंचने के कई क्लिप्स सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

## हरमनप्रीत कौर का....

मिलने के लिए भी जब हरमनप्रीत होटल से निकल रहीं थीं तो चारों ओर लॉबी में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज रही थी। इसको देख उन्होंने भी हंसते हुए रिएक्शन दिया।

## प्रतिका रावल भी ....

भी वह व्हीलचेयर पर टीम के साथ सेलिब्रेट करती नजर आई थीं। उनकी जगह शेफाली वर्मा टीम में शामिल हुईं थीं और फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच भी बनी थीं।







डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब बॉर्डर लाइन पर हो शुगर लेवल



**मेरी उम्र 52 वर्ष है। मेरा ब्लड शुगर लेवल बॉर्डर पर रहता है। मैं अपनी डाइट और लाइफस्टाइल कैसी रखूं, जिससे भविष्य में भी डायबिटीज से बचा रहूं?**

**-नामदेव, डोंगरगढ़**

इसके लिए आपके खान-पान में बदलाव सबसे ज्यादा जरूरी है। खाने में मीठा लेना बिल्कुल बंद कर दें। साथ ही चावल, आलू और मैदा की चीजें खाने से बिल्कुल बचें। तली-भुनी चीज भी कम से कम खाएं। सुबह-शाम नियमित रूप में आधे घंटे एक्सरसाइज करें। एक्सरसाइज ऐसी हो, जिससे आपको पसीना निकले। इस तरह बदलाव करके आपको राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 44 वर्ष है। मैं दो वर्षों से बीपी की दवा ले रहा हूं। लेकिन फिर भी बीपी 90/140 रहता है। क्या यह नॉर्मल है? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-विनीत, कुरुक्षेत्र**

वैसे इस बीपी रेंज को आजकल की लाइफस्टाइल में नॉर्मल बोला जाता है, लेकिन यह और कम हो तो ज्यादा बेहतर है। इसके लिए आप खाने में नमक की मात्रा कम करें। साथ ही ऊपर से नमक वाली चीजें जैसे अचार, चटनी, पापड़ खाने से परहेज करें। अधिक तला-भुना और बाहर की डिशेज भी खाना कम कर दें। इस तरह बदलाव से आपको और थोड़ी राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 66 वर्ष है। मुझे दो-तीन महीने से दिन में किसी समय भूख नहीं लगती है। खाना ना खाने से कमजोरी महसूस होने लगी है, प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-ओंकार, भोपाल**

भूख क्यों नहीं लगती, आप इस बात पर गौर करें। क्या आपका डाइजेशन सिस्टम ठीक नहीं है? अगर ऐसा है तो आपको पहले अपना डाइजेशन सिस्टम ठीक करना होगा। इसके लिए खाने में हल्की चीजों के साथ में दही और सलाद लेना होगा। अगर ऐसा नहीं है और भूख कम लगने के साथ सुस्ती भी महसूस होती है तो एक बार आपको डॉक्टर से संपर्क कर जांच करवा लेनी चाहिए।

**मेरी उम्र 39 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरे पेट के निचले हिस्से में हल्का दर्द होता रहता है। खाने के बाद बढ़ जाता है। प्लीज बताएं ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-चंदन, बिलासपुर**

आपको किसी डॉक्टर से संपर्क कर पेट का अल्ट्रासाउंड कराना चाहिए, जिससे पता चलेगा कि कारण क्या है? आप बता रहे हैं कि खाने के बाद दर्द निचले हिस्से में होता है। हालांकि कई बार संक्रमण की वजह से भी ऐसा होता है। लेकिन बगैर जांच किए कुछ भी कहना ठीक नहीं है। फिलहाल अधिक ऑयली खाना बिल्कुल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरा वजन 90 किलो है। कृपया अपना वेट नॉर्मल करने का कोई कारगर उपाय बताएं।**

**-राजवीर, जबलपुर**

आपका वजन बहुत ज्यादा है। आपको एक बार अपनी बीएमआई यानी बॉडी मास इंडेक्स चेक करा लेना चाहिए। इसके साथ ही खाने-पीने में आपको ध्यान देना चाहिए। अधिक तला-भुना खाना और चावल, आलू, मैदा की चीजों के सेवन से बिल्कुल बचें। रात में हल्का खाना खाएं। कोशिश करें कि गेहूं के आटे की रोटी कम खाएं। इसकी जगह मिलेट्स का आटा खाएं। वह फायदेमंद रहेगा। खाने में फल और सलाद भी शामिल जरूर करें। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

कुछ समय पहले तक कैंसर को लाइलाज बीमारी माना जाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है। समय रहते अगर इसका पता चल जाए तो नई मेडिकल तकनीकों के जरिए पूरी तरह इसका ट्रीटमेंट संभव है। लेकिन इसके लिए अवेयर रहना बहुत जरूरी है। कैंसर अवेयरनेस मंथ (नवंबर) के अवसर पर कैंसर के कारण, उसके लक्षणों, उपचार और बचाव के बारे में यहां एक्सपर्ट डॉक्टर विस्तार से बता रहे हैं।

## बरतें सावधानी-रहें जागरूक संभव है कैंसर से बचाव-उपचार



डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. अशोक कुमार वैद

चेयरमैन-मेदांता कैंसर इंस्टीट्यूट मेदांता-दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

- *दुनिया भर में होने वाली मौतों में हृदय रोग के बाद, कैंसर दूसरा सबसे बड़ा कारण है।*
- *भारत में हर साल करीब 14 लाख नए कैंसर के मामले सामने आते हैं और लगभग 7.5 लाख लोगों की मृत्यु कैंसर से होती है।*
- *देश में लगभग 80% मरीजों का इलाज तब शुरू होता है, जब रोग तीसरे या चौथे चरण में पहुंच चुका होता है।*

अब वे दिन नहीं रहे, जब कैंसर को मौत की पूर्व चेतावनी माना जाता था। ऐसा इसलिए, क्योंकि पिछले दो दशकों में कैंसर की जांचों और इसके इलाज के क्षेत्र में जो अभूतपूर्व बदलाव हुए हैं, उनके कारण इससे छुटकारा पाने और पुनः स्वस्थ होने की संभावनाएं अतीत की तुलना में अब काफी हद तक बढ़ गई हैं। लेकिन ऐसा तभी हो सकता है, जब लोग इसको लेकर अवेयर रहें।

### क्यों होता है कैंसर

अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार, कैंसर तब होता है जब शरीर की कोशिकाओं के डीएनए में बदलाव आ जाता है। यह बदलाव कोशिकाओं की सामान्य वृद्धि रोक देता है और वे अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं, जिससे ट्यूमर बनता है। धीरे-धीरे यह ट्यूमर आस-पास के ऊतकों या दूसरे अंगों में फैल सकता है।

### लक्षणों पर ध्यान दें

कैंसर के शुरुआती लक्षण इस प्रकार के हो सकते हैं-

- किसी मामूली से घाव या जख्म का लंबे समय तक न भरना।
- बिना किसी बीमारी या वजह के लगातार वजन घटना (6 महीनों में 10% से अधिक)।
- शरीर में किसी भी स्थान पर कोई कठोर या बढ़ती हुई गांठ महसूस होना।
- बिना कारण बार-बार बुखार या खून की कमी (एनीमिया) होना।
- मल या पेशाब में अकसर खून आना।
- लगातार थकान, भूख कम लगना या पेट में भारीपन।
- तिल या मस्से का आकार या रंग बदलना।



इनमें से कोई भी एक या अधिक लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श करें।

### जीवनशैली का कैंसर से संबंध

वैज्ञानिकों के अनुसार, सिर्फ 5-10% कैंसर ही आनुवंशिक कारणों से होते हैं। लगभग 30–50% कैंसर को रोका जा सकता है, अगर हम अपनी जीवनशैली की आदतों को सुधारें।

**जंक फूड्सः** अपने खान-पान में संतुलित आहार जैसे साबुत अनाज, दाल, दूध, हरी सब्जियों और मौसमी फलों आदि के स्थान पर जंक फूड्स और पैकेज्ड फूड को लंबे समय तक वरीयता देना कालांतर में पेट के किसी भाग में या फिर बड़ी आंतों (कोलन) के कैंसर के खतरे को बढ़ा देता है।

**धूम्रपानः** धूम्रपान से शरीर में ऐसे तमाम केमिकल्स, फेफड़ों में जाते हैं, जो कालांतर में जींस में गड़बड़ी उत्पन्न कर सकते हैं और यह स्थिति एक अर्से बाद कैंसर का जोखिम बढ़ा देती है। फेफड़ों के कैंसर का एक प्रमुख कारण धूम्रपान है।

**तंबाकू चबानाः** किसी भी रूप में तंबाकू उत्पादों का सेवन मुंह, गाल, जीभ के अलावा गले के कैंसर के जोखिम को बढ़ा देता है।

**शारीरिक श्रम-व्यायाम न करनाः** जो लोग अपनी दिनचर्या में शारीरिक श्रम और व्यायाम को नियमित रूप से शामिल नहीं करते, वे कालांतर में मोटापे से ग्रस्त हो जाते हैं। मोटापा कालांतर में कैंसर का एक प्रमुख कारण बन सकता है, क्योंकि यह शरीर की जेनेटिक संरचना और शरीर के कुछ अंगों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। सिटिंग जॉब या बैठकर काफी समय तक काम करना जैसे कंप्यूटर, लैपटॉप, स्मार्टफोन पर काफी वक्त बिताना आदि स्थितियां कालांतर में मोटापे का कारण बनती है। स्तन, गर्भाशय और बड़ी आंत के कैंसर का एक कारण मोटापा हो सकता है।

**वायु प्रदूषणः** इससे फेफड़ों के कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। देश के अनेक महानगरों और छोटे नगरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एयर क्वालिटी इंडेक्स) दिनोंदिन खराब होता जा रहा है जिस सूचकांक को 100 के अंदर होना चाहिए वह 300 के पार जा रहा है। यह लोगों के फेफड़ों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। यह स्थिति कालांतर में फेफड़ों के कैंसर के खतरे को बढ़ा देती है।

**शराब का सेवनः** अकसर शराब का सेवन करना, एक वक्त के बाद कैंसर के जोखिम को बढ़ा देता है।

### कैंसर ट्रीटमेंट के तरीके

पिछले दो दशकों में कैंसर के इलाज में जबरदस्त प्रगति हुई है। अब कई प्रकार के कैंसर शुरुआती चरण में पूरी तरह ठीक हो सकते हैं।



**सर्जरीः** ट्यूमर को निकालने के लिए इसे यूज करते हैं।

**कीमोथेरेपीः** नई दवाओं से अब इसके साइड इफेक्ट कम हुए हैं।

**रेडिएशन थेरेपीः** अब गामा नाइफ और साइबर नाइफ जैसी आधुनिक तकनीकें मौजूद हैं।

**टारगेटेड थेरेपीः** केवल कैंसर कोशिकाओं को निशाना बनाकर नष्ट किया जाता है, स्वस्थ कोशिकाएं सुरक्षित रहती हैं।

**इम्यूनोथेरेपीः** शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत कर कैंसर कोशिकाओं से लड़ने में मदद करती है। अगर पहले या दूसरे चरण में कैंसर का पता चल जाए, तो इन विधियों से लगभग 80% मामलों में सफल इलाज संभव है।

### इन बातों पर दें ध्यान

- ब्रेस्ट कैंसर की रोकथाम के लिए ब्रेस्ट सेल्फ एग्जामिनेशन स्क्रीनिंग और मैमोग्राफी 40 साल की उम्र के बाद साल में एक बार हर महिला को जरूर करवानी चाहिए।
- मुंह के कैंसर की जांच साल में एक बार डॉक्टर से परामर्श लेकर वे लोग अवश्य करवाएं, जो किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन या धूम्रपान करते हैं।
- प्रोस्टेट कैंसर (जो पुरुषों में होता है) की जांच के लिए पीएसए नामक ब्लड टेस्ट कराया जाता है। आमतौर पर 65 वर्ष के ऊपर के व्यक्तियों को इस टेस्ट को डॉक्टर के परामर्श से कुछ अंतराल पर कराते रहना चाहिए।
- शरीर में किसी भी स्थान पर और खासतौर पर महिलाओं के ब्रेस्ट्स में गांठ या अन्य प्रकार की असामान्यता महसूस होने पर शीघ्र अपने डॉक्टर से परामर्श लें। इसमें देर करना ट्रीटमेंट के प्रोसेस को बढ़ा सकता है। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### कैंसर से जुड़ी गलतफहमियां

कैंसर के बारे में कई मिथ्स प्रचलित हैं। इनकी सच्चाई जानना सभी के लिए जरूरी है।

**मिथकः** कैंसर छूने से फैलता है।

**फैक्टः** कैंसर कोई संक्रामक रोग नहीं है। यह एक व्यक्ति से दूसरे में नहीं फैलता।

**मिथकः** सर्जरी से कैंसर फैल जाता है।

**फैक्टः** वैज्ञानिक रूप से यह बिल्कुल गलत है। सर्जरी करवाने से कैंसर नहीं फैलता।

**मिथकः** बच्चों को कैंसर नहीं होता है।

**फैक्टः** दुर्लभ होते हुए भी बच्चों में भी कैंसर हो सकता है, प्रायः आनुवंशिक कारणों से।

**निष्कर्षः** कैंसर अब लाइलाज नहीं रहा। समय पर जांच, सही इलाज और स्वस्थ जीवनशैली से इसे हराया जा सकता है।

बचाव के लिए धूम्रपान छोड़ें, नियमित व्यायाम करें, संतुलित आहार लें और स्वास्थ्य जांच को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। सावधानी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है।


---

अवेयरनेस

स्पेशलः वर्ल्ड इम्यूनाइजेशन डे, 10 नवंबर

जिस तरह बचपन में कई बीमारियों से बचाव के लिए वैक्सीनेशन किया जाता है, उसी तरह मिड एज के बाद और ओल्ड एज के लोगों को भी कुछ बीमारियों से बचने के लिए वैक्सीनेशन जरूर करवाना चाहिए। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

## बच्चों-बड़ों दोनों के लिए जरूरी है इम्यूनाइजेशन



हर साल 10 नवंबर को विश्व टीकाकरण दिवस (वर्ल्ड इम्यूनाइजेशन डे) मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य लोगों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक करना है, ताकि हर व्यक्ति संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रह सके। आमतौर पर लोग समझते हैं कि टीके सिर्फ बच्चों के लिए जरूरी होते हैं, लेकिन चिकित्सा विशेषज्ञ मानते हैं कि बड़ों और बुजुर्गों को भी कुछ आवश्यक टीके लगवाने चाहिए, जिससे कई गंभीर बीमारियों से बचाव हो सके।

बच्चों को जीवन के शुरूआती वर्षों में जरूरी टीके लगवाना जितना अहम है, उतना ही जरूरी है कि वयस्क और बुजुर्ग भी समय-समय पर अपने टीकाकरण की जांच कराएं। 40 वर्ष की उम्र के बाद शरीर की प्रतिरक्षा क्षमता धीरे-धीरे कमजोर होती जाती है, ऐसे में फ्लू, निमोनिया, टिटनेस, हेपेटाइटिस और शिंगल्स जैसी बीमारियों से बचाव के लिए टीके बहुत फायदेमंद होते हैं।

डॉक्टर्स के अनुसार, बड़ी उम्र के लोगों को कुछ टीके अवश्य लगवाने चाहिए।

### इंफ्लूएंजा (फ्लू) वैक्सीन

इंफ्लूएंजा या फ्लू एक संक्रामक श्वसन रोग है, जो इसके वायरस से होता है। यह वायरस हर साल अपने रूप बदलता रहता है, इसलिए फ्लू वैक्सीन हर साल एक बार लगवाना जरूरी होता है। यह वैक्सीन शरीर में ऐसे एंटीबॉडी बनाती है, जो इस वायरस से बचाव करते हैं। खासतौर पर बुजुर्गों, गर्भवती




महिलाओं, बच्चों, डायबिटीज, हृदय या फेफड़ों के रोगियों के लिए यह टीका बहुत फायदेमंद होता है, क्योंकि इनकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। फ्लू वैक्सीन से संक्रमण की संभावना लगभग 40-60 प्रतिशत तक कम हो जाती है और इससे गंभीर जटिलताओं जैसे निमोनिया का खतरा भी घटता है।

### टिटनेस, डिप्थीरिया, परट्यूसिस (टीडीएपी)

टीडीएपी वैक्सीन एक ऐसा टीका है, जो शरीर को तीन खतरनाक बीमारियों से बचाता है- टिटनेस, डिप्थीरिया और परट्यूसिस (काली खांसी)। इसे हर 10 साल में एक बार लगवाना चाहिए ताकि शरीर की सुरक्षा बनी रहे। टिटनेस अकसर जंग लगे लोहे या गंदी चोट से होने वाला संक्रमण है, जो मांसपेशियों को अकड़ा देता है। डिप्थीरिया गले में झिल्ली बनाकर सांस लेने में परेशानी पैदा कर सकता है, जबकि काली खांसी से कई हफ्तों तक तेज खांसी आती रहती है और फेफड़ों पर असर पड़ता है। यह वैक्सीन सिर्फ बच्चों के लिए नहीं, बल्कि हर वयस्क के लिए जरूरी है। कई लोग सोचते हैं कि टिटनेस का टीका केवल चोट लगने पर लगता है, जबकि सही यह है कि हर 10 साल में टीडीएपी लगवाने से शरीर इन तीनों बीमारियों से लंबे समय तक सुरक्षित रहता है।

### हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन

हेपेटाइटिस-बी एक खतरनाक वायरस जनित बीमारी है, जो हमारे लीवर (यकृत) को नुकसान पहुंचाती है। यह वायरस संक्रमित खून, सुई या असुरक्षित यौन संपर्क के जरिए फैलता है। शुरुआत में इसके लक्षण बहुत हल्के होते हैं, लेकिन समय के साथ यह लीवर इंफेक्शन, सिरोसिस या लीवर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन इस संक्रमण से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है। इसे आमतौर पर तीन डोज में दिया जाता है। डायबिटीज मरीज और कमजोर इम्यूनिटी वाले बुजुर्ग लोगों को, हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन जरूर लगवानी चाहिए। यह सुरक्षित है और लंबे समय तक लीवर को संक्रमण से बचाती है।

### निमोनिया वैक्सीन

निमोनिया, फेफड़ों का गंभीर संक्रमण है, जो न्यूमोकॉकस नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह संक्रमण फेफड़ों में सूजन, तेज बुखार, सांस लेने में कठिनाई और सीने में दर्द पैदा करता है। खासतौर पर 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों, कमजोर इम्यूनिटी, डायबिटीज, हृदय रोग या फेफड़ों की बीमारी (जैसे अस्थमा या सीओपीडी) वाले लोगों में इसका खतरा ज्यादा होता है। निमोनिया वैक्सीन शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर इस संक्रमण से सुरक्षा देती है। डॉक्टर आमतौर पर दो प्रकार की वैक्सीन की सलाह देते हैं पीसीवी और पीपीएसवी, जिन्हें उम्र और स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार लगाया जाता है।

### शिंगल्स वैक्सीन

शिंगल्स (हरपेस जोस्टर) एक दर्दनाक त्वचा रोग है, जो वेरिसेला-जोस्टर वायरस के कारण होता है। यही वायरस बचपन में होने वाली चेचक (चिकनपॉक्स) का भी कारण होता है। चेचक के ठीक होने के बाद यह वायरस शरीर में लंबे समय तक छिपा रहता है और उम्र बढ़ने या इम्यूनिटी कमजोर होने पर दोबारा सक्रिय होकर शिंगल्स का कारण बनता है। इस बीमारी में शरीर या चेहरे के किसी हिस्से पर दाने, जलन और तेज दर्द होता है, जो कई हफ्तों तक परेशान कर सकता है। शिंगल्स वैक्सीन खासकर 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है। यह शरीर में वायरस की पुनः सक्रियता को रोकने में मदद करती है और अगर संक्रमण हो भी जाए, तो लक्षण हल्के रहते हैं। एक बार लगने वाला यह टीका लंबे समय तक सुरक्षा देता है और बुजुर्गों को दर्द और असुविधा से बचाता है। इस विश्व टीकाकरण दिवस पर संकल्प लें कि टीका केवल बच्चों के लिए नहीं, सबके लिए उपयोगी है। इसलिए बच्चों समेत सभी को वैक्सीनेशन कराना जरूरी है। *

**(अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन डॉ. अली शेर से बातचीत पर आधारित)**



सीईओ झा ने एसआईआर को लेकर मतदाताओं से की अपील

# जब बीएलओ आपके घर आएं, तो उन्हें पूरा सहयोग प्रदान करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश (सीईओ) संजीव कुमार झा ने प्रदेश के मतदाताओं से स्पेशल इंटेसिव रीविमन (एसआईआर) में सहयोग करने की अपील की है। सीईओ झा ने कहा कि मप्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया शुरू हो गई। इस अभियान में बीएलओ 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करेंगे।

इस अवधि में प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मतदाताओं के निवास पर जाकर उनके नाम, पता, आयु एवं अन्य विवरणों का भौतिक सत्यापन करेंगे। निर्वाचन आयोगकी ओर से सभी मतदाताओं से इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी एवं पूर्ण सहयोग का आग्रह किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र झा ने मतदाताओं से अपील की है कि जब बीएलओ आपके घर आएं, तो कृपया उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करें।


सीईओ संजीव कुमार झा

### चैक करें बीएलओ का अधिकृत पहचान पत

सीईओ झा ने बताया कि यदि किसी परिवार सदस्य का निधन हो गया हो या वह अन्यत्र स्थानांतरित हो गया हो, तो उसकी जानकारी भी बीएलओ को दें ताकि सूची से नाम विलोपित किया जा सके। दस्तावेज केवल तभी आवश्यक होंगे जब किसी प्रविष्टि का सत्यापन पूर्ववर्ती रिकॉर्ड से मेल न खाए। ऐसी स्थिति में संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्री अधिकारी (ईआरओ) अलग से सूचना देकर आवश्यक दस्तावेज़ माँगेगा। बीएलओ आयोग की ओर से अधिकृत पहचान-पत्र लेकर आएंगे, नागरिक उनसे पहचान-पत्र देखकर जानकारी साझा करें।

### अंतिम सूची का प्रकाशन 7 फरवरी को

घर-घर सत्यापन के बाद 9 दिसम्बर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। लोग 9 दिसम्बर से 8 जनवरी 2026 तक अपने नाम संबंधी दावा या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि जब बीएलओ आपके घर पहुंचे, तो सटीक एवं अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएं। यह अभियान मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता और समावेशिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। नागरिकों के सहयोग से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में सम्मिलित हो तथा कोई अपात्र प्रविष्टि मतदाता सूची में न रहे।

### 1 जनवरी 26 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सदस्य का भी बनवाएं ईपिक

बीएलओ के पास पहले से मतदाता सूची 2025 के विवरण के अनुसार आपके नाम, पता और बीपीआईसी नंबर सहित प्री-प्रिंटेड एन्यूमरेशन फॉर्म होगा। आम लोगों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस फॉर्म में भरी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक जांचें तथा पुष्टि करें। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों में कोई नया सदस्य 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुा है, उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए बीएलओ दकी ओर से फॉर्म-6 उपलब्ध कराया जाएगा।

### 16 नपानि के आयुक्तों को बनाया अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी

*भोपाल भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के 16 नगर पालिक निगम आयुक्तों को अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी बनाया है। इस संबंध में आयोग की ओर से निर्देश भी जारी किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने बताया कि प्रदेश की 16 नगर पालिक निगम भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, मुरैना, रीवा, सतना, सिंगरौली, सागर, उज्जैन, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, रतलाम, कटनी और छिंदवाड़ा के आयुक्त को विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 की अवधि के लिए अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है। झा ने बताया कि प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 का कार्य शुरू हो गया है। ऐसे में अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी बनाए गए नगर पालिक निगम के आयुक्त एसआईआर में सहयोग करेंगे। उनकी नियुक्ति पदाधिकारी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13 सीसी के अंतर्गत की गई है।*

### चुनिंदा वर्ग के मतदाताओं के नाम काटने की साजिश: सज्जन



*भोपाल। पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा ने राज्य में संचालित प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा है कि यह पूरा कार्यक्रम चुनाव आयोग और भाजपा की मिलीभगत से रचा गया एक षड्यंत्र है। इसका उद्देश्य प्रदेश में दलित, आदिवासी, मजदूर और अल्पसंख्यक वर्ग के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटना है। वर्मा ने कहा कि बिना किसी तैयारी और बिना आवश्यक फॉर्म उपलब्ध कराए बीएलओ अधिकारियों को दबाव में काम करने को कहा जा रहा है, जो चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह है। उन्होंने कहा, हम इस पूरे मामले की निगरानी कर रहे हैं और मजबूती से खड़े हैं।*

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कार्यकर्ताओं को समझाया एसआईआर का महत्व

# सीमावर्ती राज्यों से हो रही घुसपैठ, एजेंट सक्रिय फर्जी मतदाताओं को रोकने एसआईआर जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रत्येक कार्यकर्ता को काम शुरू करने से पहले एसआईआर के संबंध में जानकारी होना जरूरी है। हमें यह समझ लेना चाहिए कि यह क्यों हो रहा है, कौन कर रहा है, कहां हो रहा है, कैसे होगा और कब होगा। जिस व्यक्ति को मतदाता बनना चाहिए, वह छूट न जाए और जिस व्यक्ति को मतदाता नहीं बनना चाहिए, वह सूची में शामिल न हो जाए। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कही।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) संबंधी प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला को भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने संबोधित किया। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि सामान्यतः मतदाता नौकरी या रोजगार के सिलसिले में एक शहर से दूसरे शहर जाते रहते हैं और उनके नाम एक से अधिक स्थानों की मतदाता सूची में जुड़ जाते हैं। इसके अलावा कई मतदाताओं की मृत्यु हो जाती है। सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि सीमावर्ती राज्यों में विदेशियों की घुसपैठ हो रही है और ऐसे अनेक एजेंट सक्रिय हैं, जो पैसे लेकर उन्हें सभी जरूरी दस्तावेज उपलब्ध करा देते हैं। ऐसे मतदाताओं की पहचान के लिए एसआईआर जरूरी है।

### भाजपा कार्यालय में आयोजित हुई एसआईआर पर कार्यशाला, भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री, प्रदेश अध्यक्ष हुए शामिल


शिवप्रकाश

### पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी जानकारी

कार्यशाला के दौरान प्रदेश मंत्री व अभियान के सह संयोजक रजनीश अग्रवाल ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से एसआईआर की प्रक्रिया और करणीय कार्यों की जानकारी दी। कार्यशाला का संचालन एसआईआर अभियान के प्रदेश संयोजक भगवानदास सबनानी ने किया। इस दौरान विधायक रामेश्वर शर्मा, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, एसआईआर के जिला संयोजक, विधानसभा प्रतिनिधि (बीएलए-1) उपस्थित रहे।

### 'वन नेशन वन इलेक्शन' आज की आवश्यकता, बचेगा धन-समय:हेमंत



हेमंत खंडेलवाल

लगातार चुनाव होने के कारण देश हमेशा चुनाव में व्यस्त रहता है आचार संहिता लगी रहती है। बार-बार होने वाले चुनावों के कारण देश का बड़ा हिस्सा आचार संहिता में उलझा रहता है, जिससे उत्पादन, निर्माण और शासकीय निर्णय प्रभावित होते हैं। अगर देश हर साल तीन-चार महीने चुनावों में व्यस्त रहेगा, तो विकास कैसे होगा? इसलिए 'वन नेशन, वन इलेक्शन' आज की आवश्यकता है इससे धन और समय दोनों की बचत होगी।

### मतदाता सूची से हटाए बिहार में 34 लाख नाम

राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि बिहार में हुए एसआईआर ने निर्वाचन आयोग के इस उद्देश्य को प्रमाणित भी कर दिया है, जहां 34 लाख नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया पूरी तरह संवैधानिक है और हमारे संविधान में इसके लिए प्रावधान किया गया है। हमें सतर्क होकर काम करना है। पूरी प्रक्रिया के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्वाचन आयोग और प्रशासन के साथ समन्वयपूर्वक काम करना है। इसके लिए हम मंडल स्तर पर इकाई गठित करेंगे और एसआईआर से संबंधित कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण भी होगा। चूंकि एसआईआर का काम बूथ स्तर पर होना है, इसलिए इसमें बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी।

### कोई भी योग्य नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे, एसआईआर का यही मकसद: हेमंत खंडेलवाल


हेमंत खंडेलवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया देश के 12 राज्यों में शुरू कर दी गई है, जिनमें देश की आधी से अधिक आबादी रहती है। यह प्रक्रिया दो-तीन माह चलेगी। चुनाव आयोग की इस शुद्धिकरण प्रक्रिया में हमें पूर्ण सहयोग करना है, ताकि आगामी चुनाव प्रक्रिया पारदर्शिता और सुचारु रूप से संपन्न हो सके। इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को सुव्यवस्थित और त्रुटिरहित बनाना है, ताकि कोई भी योग्य नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। यह किसी के खिलाफ नहीं है। इसका उद्देश्य किसी वैध मतदाता को मताधिकार से वंचित करना नहीं, बल्कि मतदाता सूची को सही और निष्पक्ष बनाना है।

प्रस्तुत होगा टेक्नोलॉजी-फर्स्ट इकोनॉमी विजन

# इंदौर में 13 नवंबर को आयोजित की जाएगी टेकग्रोथ कॉन्क्लेव

- तकनीक, नवाचार और निवेश का वैश्विक केंद्र बनाएगा कॉन्क्लेव: सीएम


डॉ मोहन यादव, सीएम (फाइल)

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 13 नवंबर को आयोजित होने वाला 'मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0' प्रदेश को तकनीक, नवाचार और निवेश का वैश्विक केंद्र बनाएगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किये जा रहे इस आयोजन से राज्य की तकनीकी और औद्योगिक प्रगति के अगले चरण की रूपरेखा तय की जायेगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि मध्यप्रदेश टियर-2 भारत की तकनीकी क्रांति का नेतृत्व कर सके।

कॉन्क्लेव में राज्य सरकार का टेक्नोलॉजी-फर्स्ट इकोनॉमी विजन भी प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें दर्शाया जाएगा की मध्यप्रदेश नवाचार, कौशल और उद्यमिता के समन्वय से समावेशी आर्थिक विकास की ओर अग्रसर है। कॉनक्लेव में 20 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे और 75 हजार से अधिक रोजगार के अवसरों का सृजन हुआ था।

### उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन करेंगे बैठक

*मुख्यमंत्री डॉ यादव कॉन्क्लेव के प्रतिभागी उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन बैठक भी करेंगे। कॉन्क्लेव की थीम 'पॉवरिंग टियर-2, प्रोपेलिंग इंडिया' रखी गई है। कॉन्क्लेव का उद्देश्य राज्य के तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र में नवाचार, निवेश और सहयोग के माध्यम से नई गति लाना है। कॉनक्लेव की थीम इस तथ्य को रेखांकित करेगी कि भारत की विकास यात्रा में अब टियर-2 शहर अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। प्रदेश इस परिवर्तन का केंद्र बन रहा है। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर जैसे शहर तेजी से टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और उद्यमिता के नए हब के रूप में उभर रहे हैं। यह कॉन्क्लेव नीति-निर्माताओं, वैश्विक निवेशकों और उद्योग जगत के प्रमुख नेतृत्वकर्ता उद्यमियों का संगम होगा। कॉनक्लेव में इस बार 500 से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है।*

## उपराष्ट्रपति ने भारत रत्न भूपेन हजारिका को दी श्रद्धांजलि


भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित करते उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन छत्तीसगढ़ के दौरे पर हैं। इस दौरान उपराष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को राजभवन में आधुनिक असम के सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बहुमुखी प्रतिभा के धनी, भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए पुष्पांजलि दी। इस अवसर पर राज्य की प्रथम महिला रानी डेका काकोटी भी मौजूद रहीं।

नया विद्युत कनेक्शन लेना होगा आसान, बोले मंत्री

## समाधान योजना एवं फ्रिंच बेनिफिट घोषणा पर किया ऊर्जा मंत्री का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बिजली बिल बकायादारों के लिए समाधान योजना 2025,26 शुरू करने पर बिजली कर्मचारी महासंघ, भारतीय मजदूर संघ द्वारा शासन से लम्बे समय से महासंघ द्वारा की जा रही फ्रिंच बेनिफिट की मांग को पूरा करने पर ऊर्जा मंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कुलदीप सिंह गुर्जर, महामंत्री भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में बिजली कर्मचारी महासंघ और पीया के पदाधिकारी का प्रतिनिधि मंडल ने मिलकर अभिनंदन स्वागत एवं आभार जताया।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि समाधान योजना में पीडीसी (स्थाई रूप से विच्छेद) विद्युत उपभोक्ताओं को भी शामिल कर योजना का लाभ मिलेगा जिसमे बीपीएल उपभोक्ताओ को ज्यादा लाभ के साथ नया विद्युत कनेक्शन लेना आसान होगा। मीडिया प्रभारी रमेश नागर ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन ऊर्जा विभाग द्वारा की गई समाधान योजना से बकायादार उपभोक्ताओं को विलंबित बिल भुगतान सरचार्ज राशि में प्रथम बार में एक मुश्त भरने पर भारी छूट मिलेगी। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ बिजली कर्मचारी महासंघ के रामविलास टाले, महामंत्री संदीप त्रिपाठी, शेखर राखडे, देवेंद्र नेवले, पीया के सुबोध सिंह कार्यकारी अध्यक्ष, अमरनाथ सदाफल क्षेत्रीय सचिव, विनय गुप्ता आदि मौजूद रहे।


ऊर्जा मंत्री का स्वागत करता प्रतिनिध मंडल।

अवैध रूप से पदाधिकारियों की नियुक्ति का आरोप

## अजाक्स ने की कर्मचारी के खिलाफ शिकायत, धोखाधड़ी का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) ने मुकेश मौर्य के खिलाफ पुलिस महानिदेशक में शिकायत दर्ज कराई है। डीजीपी से की गई शिकायत में कहा कि माधव प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान ग्वालियर में मशीन अटेंडेंट के पद पर पदस्थ मुकेश मौर्येद्वारा अजाक्स संघ का नाम एवं लेटर पैड का बिना अधिकारिता के उपयोग किया गया है।

अजाक्स का पदाधिकारी बनकर मुकेश मौर्य ने करीब 17 लाख संगठन की राशि गबन किया है। मुकेश मौर्य द्वारा की गई धोखाधड़ी की जानकारी जब अजाक्स के पदाधिकारियों को लगी तो उन्हें निष्कासित कर दिया गया। इसके साथ ही मौर्य को चुनाव में भाग लेने की भी पात्रता नहीं है। क्योंकि यह शासकीय कर्मचारी नहीं थे और इनके द्वारा आर्थिक अनियमितता कि गई थी। मुकेश मौर्य को कई बार चेतावनी देने के बावजूद भी इनके द्वारा अजाक्स संगठन का नाम, पद और लेटर हैड का उपयोग पत्राचार में किया जा रहा है।

आए दिन इनके द्वारा पदाधिकारियों की नियुक्ती कर अवैध वसूली की जा रही है। पूर्व में भी संघ द्वारा संबंधित अधिकारियों जैसे पुलिस अधीक्षक ग्वालियर, थाना प्रभारी टीटी नगर भोपाल को भी शिकायत की गई लेकिन अब तक मुकेश मोर्य पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। आजाक्स संघ के नाम और लेटर पैड की बिना अनुमति के उपयोग करने पर मुकेश मौर्य पर कार्रवाई करने के लिए डीजीपी को पत्र लिखा है।

## मंडी शुल्क की चोरी करने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फर्जी दस्तावेज के आधार पर कृषि उपज का क्रय-विक्रय कर मंडी शुल्क की चोरी करने वाले के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। कर चोरी या गड़बड़ी प्राप्त होने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कराकर मंडी शुल्क की वसूली सुनिश्चित की जाए। मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने सभी आंचलिक अधिकारियों को ऐसे प्रकरणों की जांच कर दण्डात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अपने निर्देश में कहा कि कुछ व्यापारियों और परिवहनकर्ताओं की ओर से मंडी शुल्क की चोरी कर मूंगफली का क्रय-विक्रय किया जा रहा है। इसके लिए उनकी ओर से फर्जी दस्तावेज बिल, बिल्टी, अनुज्ञा-पत्र तैयार कर मंडी शुल्क की चोरी की गई है। मंडी बोर्ड ने इस तरह के क्रय-विक्रय पर नजर रखने के लिए उड़नदस्ते गठित किए गए थे, जिन्होंने ग्वालियर, चम्बल, सागर और जबलपुर संभाग में कर चोरी पकड़ी गई है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कृषि उपज के परिवहन के दौरान अनुज्ञा-पत्र पर दर्ज क्यूआर कोड का स्केन कर माल की प्राथमिकता चेकिंग की जाए।

■ उड़नदस्ते करेंगे आकस्मिक जांच

कोयला लोड कर दीपका खदान से मध्य प्रदेश आ रहा था ट्रक

# कोरबा में दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत, एक चालक की मौके पर मौत, दूसरा गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। जिले के अंतिम क्षेत्र पसान मुख्य मार्ग पर दो ट्रकों के बीच हुई आमने-सामने की जोरदार टक्कर में एक ट्रक चालक की मौत हो गई, जबकि दूसरा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद घटनास्थल पर भारी भीड़ जुट गई और कुछ समय के लिए सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक ट्रक में कोयला लोड था जो दीपका खदान से मध्य प्रदेश के लिए रवाना हुआ था। रास्ते में पसान मुख्य मार्ग पर सामने से आ रही एक ट्रेलर वाहन से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक ट्रक का चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उसे बाहर निकाला गया और जिला मेडिकल कॉलेज कोरबा भेजा गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। दूसरे ट्रक का चालक घायल हो गया है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसका उपचार जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों ही वाहन तेज रफ्तार में थे, जिससे आमने-सामने की भिड़ंत टल नहीं सकी। मृत चालक की पहचान दल प्रताप सिंह (30 वर्ष), निवासी खड़गनवा, जिला कोरिया के रूप में हुई है। वह एक निजी कंपनी में ट्रक ड्राइवर के रूप में कार्यरत था और दीपका से कोयला लेकर एमपी जा रहा था। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी विश्व नारायण चौहान ने बताया कि मेडिकल कॉलेज से मिले मेमो के आधार पर बयान दर्ज किया गया है। मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे और प्रारंभिक जानकारी दी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। मृत चालक विवाहित था और शादी को चार वर्ष हो चुके हैं, हालांकि अभी संतान नहीं थी। घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के कंपनी के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे।


हादसे के बाद सड़क किनारे खड़े क्षतिग्रस्त वाहन।

### अन्नाराम-मरीमल्ला के जंगलों में नक्सली से हुई मुठभेड़

*बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के तारलागुड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अन्नाराम और मरीमल्ला के घने जंगलों में बुधवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ होने की खबर है। यह इलाका छत्तीसगढ़-तेलंगाना की सीमा पर स्थित है, जहां सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम नक्सल सर्चिंग अभियान पर निकली थी। सूत्रों के मुताबिक, मुठभेड़ में कुछ नक्सलियों के मारे जाने और मौके से हथियार बरामद होने की खबर मिल रही है। हालांकि पुलिस की ओर से अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। पुलिस दल अब भी जंगल के भीतर मौजूद है। बताया जा रहा है कि यह मुठभेड़ नक्सलियों की मद्देड एरिया कमेटी से हुई है।*

बस्ती वासियों ने रेस्क्यू कर शव बरामद किया

## अपने दो दोस्तों के साथ हसदेव नदी में नहाने गए किशोर की डूबने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा


नदी में डूबे किशोर का शव स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला।

कोरबा के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती करण घाट के पर पुरानी बस्ती ब्राह्मण मोहल्ला निवासी 12 वर्षीय निखिल जायसवाल अपने दो दोस्तों के साथ स्नान करने सुबह के वक्त आए हुए थे जहां 12 वर्षीय निखिल अपने दो दोस्तों के साथ नहा रहा था अचानक गहरे पानी में समा जाने के कारण वह डूब गया इस घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया बाकी दो दोस्त दौड़ते हुए मौके से भाग कर घर पहुंचने के बाद घटनाक्रम की जानकारी उसके परिजनों को दिये। हंसते नदी पर पहले से ही काफी संख्या में लोग सुबह से ही कार्तिक स्नान करने आए हुए थे जहां काफी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और डूबे हुए बच्चे की तलाश शुरू की।

वहीं इसकी सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंच घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए नगर सेवा की रेस्क्यू टीम को मौके पर बुलाने सूचना दी गई। उसके रेस्क्यू करने से पहले ही बस्ती वासियों के द्वारा रेस्क्यू कर शव बरामद किया।

कोतवाली थाना पुलिस ने तत्काल शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज रवाना किया। वहीं परिजनों का बयान दर्ज किया गया। प्रत्यक्षदर्शी हर्ष कुमार ने बताया की तीन दोस्त थे और दो दोस्त बाद में आये उसके बाद सभी कपड़ा निकाल नहा रहे थे। जहा नदी में चुंबक से पैसे की तलाश में निखिल और उसके अन्य साथी नदी के उसे तरफ जा रहे थे अचानक डूब गया जहां उसने भी उसे बचाने का प्रयास किया।

कोरबा सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि 12 वर्षीय निखिल अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए हसदेव नदी आया हुआ था, जहां डूबने से उसकी मौत हो गई आगे की कार्रवाई की जा रही है।

चिंतन

# अपने ही देश अमेरिका में फंस गए राष्ट्रपति ट्रंप

बात-बात पर दुनियाभर के देशों को टैरिफ की धौंस दिखाने वाले डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का हाल बेहाल है। राष्ट्रपति की सनक के चलते सबसे शक्तिशाली देश में 36 दिनों से सरकारी शटडाउन है। यह अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा शटडाउन है। इससे पहले राष्ट्रपति ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान 2018 में 35 दिनों तक सरकारी कामकाज ठप रहा था। शटडाउन की वजह से 4.2 करोड़ अमेरिकियों की फूड स्टैंप सहायता रुक गई है। अमेरिकी कृषि विभाग के पास इस कार्यक्रम के लिए सिर्फ 5 अरब डॉलर का रिजर्व फंड है, जबकि नवंबर में फूड स्टैंप जारी रखने के लिए 9.2 अरब डॉलर की जरूरत है। शटडाउन से अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हो रहा है। अब तक करीब 1 लाख करोड़ का नुकसान हो चुका है। अगर शटडाउन जल्द खत्म नहीं हुआ तो देश की विकास दर में चौथी तिमाही में एक से दो फीसदी की गिरावट आने की आशंका जताई जा रही है। अब तक 6.7 लाख सरकारी कर्मचारी छुट्टी पर भेजे जा चुके हैं, जबकि 7.3 लाख कर्मचारी बिना सैलरी के काम कर रहे हैं। इस तरह लगभग 14 लाख लोग कर्ज लेकर घर चला रहे हैं। ट्रम्प हेल्थ केयर प्रोग्राम की सब्सिडी बढ़ाने को तैयार नहीं हैं, इस वजह से अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट में फंडिंग बिल पास नहीं हो पा रहा है। इस बिल पर अब तक 14 बार वोटिंग हो चुकी है, लेकिन हर बार बहुमत के लिए जरूरी 60 वोट नहीं मिल पाए। अमेरिका का फिस्कल ईयर यानी खर्च का साल एक अक्टूबर से शुरू होता है। यह एक तरह से सरकार का आर्थिक साल होता है, जिसमें वह अपना पैसा खर्च करने और बजट बनाने की योजना बनाती है। इस दौरान सरकार तय करती है कि कहां पैसा लगाना है, जैसे सेना, स्वास्थ्य या शिक्षा में। अगर इस तारीख तक नया बजट पास नहीं होता, तो सरकारी कामकाज बंद हो जाता है। इसे शटडाउन कहते हैं। अमेरिका के दोनों प्रमुख दल डेमोक्रेट और रिपब्लिकन में ओबामा हेल्थ केयर सब्सिडी प्रोग्राम को लेकर ठनी हुई है। डेमोक्रेट्स चाहते हैं कि स्वास्थ्य बीमा की सब्सिडी बढ़ाई जाए। रिपब्लिकन को डर है कि अगर सब्सिडी बढ़ाई गई तो सरकार को खर्च करने के लिए और पैसे की जरूरत पड़ेगी, जिससे बाकी सरकारी काम प्रभावित होंगे। दोनों दलों के इसी मदभेद के चलते अमेरिका का हाल बेहाल हो रहा है। सबसे ज्यादा बुरा हाल सरकारी कर्मचारियों का है। उन्हें वेतन नहीं मिल पा रहा। वे लगातार कर्ज के दलदल में फंस रहे हैं। कर्मचारियों को वेतन न मिलने से बाजार में भी मंदी के हालात हैं। खरीददारी ठप होकर रह गई है। इसके चलते उत्पादन प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है, जिससे देश में बेरोजगारी बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि शटडाउन के कारण सरकारी खर्च में देरी हो रही है और इसका अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ा है। यह असर कुछ हद तक खत्म हो जाएगा, लेकिन पूरी तरह नहीं। ट्रंप की सनक के चलते पहले तो दुनियाभर के देश परेशान थे, अब उनके अपने देश अमेरिका में ही बड़ा संकट खड़ा हो गया है। अगर हालात यही रहे तो वो दिन दूर नहीं जब ट्रंप की सनक अमेरिका को ले बैठेगी।



प्रबंधन
योगेंद्र माथुर

> वेंकटेस्वर स्वामी मंदिर में देवप्रबोधनी एकादशी के अवसर पर दर्शन के दौरान मची भगदड़ में 10 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई और कई लोग घायल हो गए। यह पहला अवसर नहीं है जब किसी धर्मस्थल पर भगदड़ मची हो और श्रद्धालुओं को जान गंवानी पड़ी हो। ऐसी दुर्घटनाओं का देश में लम्बा इतिहास रहा है। अतः ऐसी स्थिति में 'रियल टाइम मॉनिटरिंग' की व्यवस्था महत्वपूर्ण हो जाती है। इससे भीड़ की वास्तविक संख्या या स्थिति का आकलन कर तत्काल निर्णय लेने में बहुत मदद मिलती है। सबसे महत्वपूर्ण लोगों का स्व अनुशासन, सावधानी व सजगता से भगदड़ जैसी दुर्घटनाओं पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है।

# भगदड़ से बचने के उपाय आवश्यक

आंध्रप्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के काशीबुग्गा में 'मिनी तिरुपति' कहे जाने वाले वेंकटेस्वर स्वामी मंदिर में शनिवार को देवप्रबोधनी एकादशी के अवसर पर दर्शन के दौरान मची भगदड़ में 10 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई और कई लोग घायल हो गए। जैसा कि अब तक होता आया है कि सभी बड़े नेताओं व राजनीतिक दलों ने दुर्घटना पर शोक जताते हुए संवेदना व्यक्त की है और घटना की जांच करने की बात कही गई है। स्थानीय पुलिस व प्रशासन मंदिर प्रबंधन की गलती बताकर दुर्घटना की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। प्रशासन ने मंदिर के प्रबंधन द्वारा दर्शन व्यवस्था की पूर्व सूचना न देने से सुरक्षा व्यवस्था न हो पाने की बात कही है। मुख्य रूप से दर्शनार्थियों की अनुमान से अधिक भीड़ होने, मंदिर का प्रवेश व निर्गम द्वार एक ही होने व संकरा होने से भीड़ बढ़ने और व्यवस्था के लिए लगे बैरिकेडिंग के गिरने से भगदड़ होना बताया जा रहा है।

यह पहला अवसर नहीं है जब किसी धर्मस्थल पर भगदड़ मची हो और श्रद्धालुओं को जान गंवानी पड़ी हो। ऐसी दुर्घटनाओं का देश में लम्बा इतिहास रहा है। हाल के वर्षों में ऐसी बीसियों दुर्घटनाएं हुई हैं जिनमें सैकड़ों श्रद्धालुओं को असमय काल कवलित होना पड़ा है। इसी वर्ष उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक व मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों में स्थित धर्मस्थलों व विभिन्न आयोजनों में ऐसी लगभग एक दर्जन दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। अकेले आंध्रप्रदेश में ही धर्मस्थलों पर भगदड़ की इस वर्ष यह तीसरी दुर्घटना है। लेकिन अफसोस इस बात का है कि इन दुर्घटनाओं से हमने कोई सबक लिया हो, ऐसा दिखाई नहीं पड़ता।

भारत एक धर्मप्रधान देश है और सात वार, नौ त्यौहार की कहावत यहां प्रचलित है। आए दिन किसी भी धर्म के पर्व व तीज-त्योहारों पर यहां धर्मस्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इसी के साथ कई छोटे-बड़े धार्मिक आयोजन यथा मेले, कथा, सत्संग व प्रवचन भी यहां प्रायः कहीं न कहीं होते रहते हैं जिनमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। धार्मिक आयोजनों से इतर कई सामाजिक, सांस्कृतिक व संगीत के आयोजनों के साथ राजनीतिक सभा व रैलियां भी इस लोकतांत्रिक देश का अनिवार्य हिस्सा रही हैं जिनमें खासी भीड़ जुटती है। इन अवसरों पर भीड़ नियंत्रण व प्रबंधन, स्थानीय प्रशासन व सरकारों के लिए बड़ी चुनौती होती है। आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हो जाए तो ठीक वरना किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर लीपापोती के प्रयास करने में स्थानीय प्रशासन की संपूर्ण मशीनरी पूरे प्राण प्रण से जुट जाती हैं। बड़े नेता व राजनीतिक दल दुर्घटना को दुखद बता कर शोक संवेदना व्यक्त कर देते हैं और सरकारें जांच कमेटी या आयोग का गठन कर अथवा मुआवजे का मरहम लगाकर अपने कर्तव्य या जिम्मेदारी की इतिश्री मान लेती हैं। बाद में समय के साथ ताजा जख्म भरते जाते हैं, रुदन व क्रंदन बंद हो जाता है और दुर्घटना को लगभग भूला दिया जाता है, जब तक कि कोई नई दुर्घटना न हो जाए। लेकिन इन दुर्घटनाओं से कोई सबक नहीं लिया जाता। प्रायः देखा यह जाता है भीड़ की सुरक्षा-व्यवस्था न होने अथवा अपर्याप्त या कुप्रबंध होने से भगदड़ जैसी दुर्घटनाएं होती हैं। कई बार धर्मस्थलों या आयोजनों से जुड़े प्रबंधन और प्रशासन की घोर लापरवाही या अनदेखी



भी इसके लिए जिम्मेदार होती है। अधिकांशतः बड़े आयोजनों या राजनीतिक रैलियों के दौरान यह देखने में आता है कि आयोजकों का पूरा ध्यान अपनी शक्ति, सामर्थ्य अथवा लोकप्रियता के प्रदर्शन पर रहता है और व्यवस्था व जनसुरक्षा को हाशिए पर धकेल दिया जाता है और किसी प्रकार की दुर्घटना से बचने के कोई प्रबंध नहीं किए जाते। अतः ऐसे अवसरों पर किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचने के लिए नियम व कानून के तहत आयोजकों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। किसी भी आयोजन की अनुमति तभी दी जानी चाहिए जब आयोजक सुरक्षा-व्यवस्था की संतोषजनक कार्ययोजना प्रस्तुत करें। आयोजकों के प्रबंधन कौशल का भी आकलन किया जाना चाहिए। वैसे भारत में भीड़ नियंत्रण व प्रबंधन को लेकर कोई ठोस नीति या कार्य योजना का नितांत अभाव सदैव बना रहा है। यही कारण है कि अत्यधिक भीड़ जब-तब भगदड़ या अन्य प्रकार की दुर्घटनाओं का कारण बनती है। प्रायः अनुमान से अधिक भीड़ होना दुर्घटना का कारण बताया जाता है लेकिन वर्तमान डिजिटल तकनीकी के दौर में संभावित भीड़ का अनुमान लगाना बहुत मुश्किल नहीं रह गया है। सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन की सहायता से बढ़ती भीड़ पर आसानी से नजर रखी जा सकती है। कुंभ मेले जैसे महाआयोजन में शामिल होने और पवित्र नदी में स्नान करने या डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं का पूर्वानुमान व सतत निगरानी कर सुरक्षा व्यवस्थाएं जुटाने का महायज्ञ (अनुपातिक रूप में कुछेक दुर्घटनाओं के अपवाद को छोड़कर) सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सकता है तो इससे छोटे आयोजनों में ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता? हर भीड़ अव्यवस्था या भगदड़ जैसी दुर्घटनाओं में बदल सकती है, यह मानकर ही किसी भी भीड़ वाले आयोजन के अवसर पर सुरक्षा-व्यवस्था तय की जाना की चाहिए। किसी भी धर्मस्थल या आयोजन स्थल पर अत्यधिक भीड़ बढ़ने की संभावना पर प्रोजेक्टर या एलसीडी आदि के माध्यम से उसके सीधे प्रसारण के कई स्थानों पर प्रबंध कर भीड़ को एक ही जगह एकत्र होने से रोका जा सकता है। स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं की भी सहायता ली जा सकती है। यदि कोई धर्म स्थल पहाड़ी या अधिक ऊंचाई पर, चारों तरफ अन्य निर्माण से घिरा हुआ, संकरा या अधिक अंधेरे में हो तो वहां भीड़ बढ़ने वाले अवसरों पर समुचित प्रकाश के साथ पर्याप्त हवा के प्रबंध पर भी अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता होती है ताकि भीड़ बढ़ने पर वहां श्रद्धालुओं को गर्मी, घुटन या घबराहट महसूस न हो। फिसलन भरी जगह या संकरे मार्ग भी दुर्घटना की वजह बनते हैं। अतः इस ओर भी ध्यान रखना चाहिए।

प्रायः ऐसा भी देखा जाता है कि धर्म स्थलों या आयोजन स्थलों पर विद्युत व्यवस्था के तार बेतरतीब तरीके से लगे होते हैं या लटके होते हैं। अत्यधिक भीड़ के अवसरों पर धर्मस्थलों अथवा कथा, प्रवचनों के आयोजन स्थलों पर प्रवेश व निर्गम द्वार की व्यवस्थाएं अलग-अलग की जानीचाहिए। इन स्थानों पर आपात स्थिति से निपटने के लिए फायर सेफ्टी सिस्टम व चिकित्सकों सहित एंबुलेंस की व्यवस्था भी महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में कोई दुर्घटना होने पर बड़ी जनहानि से बचा जा सकता है। ऐसा भी नहीं है कि किसी स्थल या आयोजन में जुटने वाली भीड़ की संख्या का पूर्वानुमान या आकलन सदैव सही साबित हो। भीड़ अनुमान से अधिक या अत्यधिक भी हो सकती है। अतः ऐसी स्थिति में 'रियल टाइम मॉनिटरिंग' की व्यवस्था महत्वपूर्ण हो जाती है। इससे भीड़ की वास्तविक संख्या या स्थिति का आकलन कर तत्काल निर्णय लेने में बहुत मदद मिलती है। सबसे महत्वपूर्ण लोगों का स्व अनुशासन, सावधानी व सजगता से भगदड़ जैसी दुर्घटनाओं पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सेहत
डॉ. रेनू यादव




# डीएनए की रक्षाः जीवन और स्वास्थ्य की आधारशिला

हम अक्सर मानते हैं कि हमारे जीवन के सबसे बड़े खतरे बाहर हैं, जैसे सड़क दुर्घटनाएं, संक्रमण या गंभीर बीमारियां। लेकिन लगातार और सबसे गहरा हमला हमारे शरीर के भीतर मौजूद हमारी कोशिकाओं में डीएनए पर होता है। यह हमला अदृश्य है, हमें दिखाई नहीं देता, लेकिन इसके परिणाम बेहद गंभीर हो सकते हैं। डीएनए हमारे शरीर की सबसे बुनियादी और आवश्यक संरचना है, जिसे जीवन की "निर्देश पुस्तिका" कहा जा सकता है। इसमें हमारे शरीर की बनावट, रंग-रूप, व्यवहार, मेटाबॉलिज़्म और स्वास्थ्य से जुड़ी सभी जानकारी सुरक्षित रहती है। हर कोशिका के केंद्र में मौजूद डीएनए ही यह तय करता है कि कौन-सी कोशिका क्या काम करेगी और शरीर का कौन-सा हिस्सा कैसे विकसित होगा। यदि डीएनए को नुकसान पहुंचता है, तो शरीर की कोशिकाएं गलत ढंग से काम करने लगती हैं, जिससे कैंसर, अल्ज़ाइमर, पार्किंसन, हृदय रोग और समय से पहले बुढ़ापा जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। अधिकांश डीएनए क्षति की मरम्मत शरीर की प्राकृतिक रक्षा प्रणाली स्वयं कर लेती है, किन्तु जब ऐसे आक्रमण निरंतर होते रहते हैं, तो यह तंत्र भी अपनी कार्यक्षमता खोने लगता है। डीएनए को नुकसान पहुंचाने वाले प्रमुख कारक डीएनए पर सबसे बड़ा हमला सूर्य की पराबैंगनी किरणों से होता है। ये किरणें त्वचा की कोशिकाओं में प्रवेश कर उनके आनुवंशिक पदार्थ यानि डीएनए को क्षति पहुंचाती हैं। यदि लंबे समय तक इनसे बचाव न किया जाए, तो यह क्षति त्वचा कैंसर जैसी गंभीर स्थितियों का कारण बन सकती है। इसके अलावा, चिकित्सीय जांचों में प्रयुक्त एक्स-रे और सीटी स्कैन जैसी विकिरणें भी डीएनए को प्रभावित कर सकती हैं। यद्यपि इनका उपयोग चिकित्सकीय आवश्यकता के अनुसार ही किया जाता है, परंतु बार-बार इनका संपर्क डीएनए क्षति के जोखिम को बढ़ा सकता है। प्रदूषित वायु भी डीएनए की एक गंभीर शत्रु है। यही कारण है कि बढ़ते प्रदूषण से जुड़ी बीमारियां आज विश्वभर में तेजी से बढ़ रही हैं। खानपान का प्रभाव भी कम नहीं है। अत्यधिक तेलयुक्त और प्रसंस्कृत, पैकेटबंद या मिलावटी भोजन शरीर में ऐसे प्रतिक्रियाशील रसायन उत्पन्न करता है जो कोशिकाओं को क्षति पहुंचाकर डीएनए की सुरक्षा प्रणाली को कमजोर करते हैं। लंबे समय तक ऐसा आहार अपनाने से कैंसर जैसी दीर्घकालिक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। कुछ वायरस भी सीधे डीएनए पर आक्रमण करते हैं।

उदाहरण के लिए, एचपीवी, वायरस गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का प्रमुख कारण है, जबकि हेपेटाइटिस बी वायरस लीवर कैंसर से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा, तनाव और नींद की कमी भी डीएनए के लिए हानिकारक मानी जाती है। तनाव के दौरान बनने वाले हार्मोन कोशिकाओं की मरम्मत क्षमता को घटा देते हैं, वहीं नींद की कमी से शरीर की प्राकृतिक "रिपेयर प्रणाली" सुचारू रूप से कार्य नहीं कर पाती। धूम्रपान और शराब सेवन ऐसे कारक हैं जो डीएनए को सीधे क्षति पहुंचाते हैं, जिससे कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। डीएनए की क्षति हृदय रोगों को भी बढ़ावा देती है। दिमाग़ी बीमारियाँ, जैसे अल्ज़ाइमर और पार्किंसन भी इसी से जुड़ी पाई गई हैं। समय से पहले बुढ़ापा, झुर्रियों का आना, बालों का झड़ना और शरीर का कमजोर होना भी डीएनए क्षति के संकेत हो सकते हैं। इसके साथ ही, शरीर की प्रतिरोधक क्षमता घटने पर बार-बार संक्रमण होने लगता है। हालांकि यह अदृश्य हमला पूरी तरह रोका नहीं जा सकता, लेकिन कुछ सरल और सजग उपायों से इसके प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। डीएनए की सुरक्षा का सबसे प्रभावी उपाय है, संतुलित आहार और स्वच्छ वातावरण। ताज़े फल, हरी पत्तेदार सब्जियां, अंकुरित अनाज और दालें शरीर को एंटीऑक्सीडेंट्स प्रदान करती हैं, जो डीएनए की मरम्मत प्रक्रिया को सक्रिय रखते हैं। इसी प्रकार, आंवला, हल्दी, ग्रीन टी, अखरोट, बादाम और बेरीज़ का नियमित सेवन भी कोशिकाओं को सुरक्षा देने में सहायक है। स्वस्थ जीवनशैली डीएनए की रक्षा में अहम भूमिका निभाती है। विश्वभर में वैज्ञानिक डीएनए की सुरक्षा और उसकी मरम्मत के लिए निरंतर नए उपायों पर कार्य कर रहे हैं। किंतु जब तक ये खोजें आम जीवन का हिस्सा नहीं बनतीं, तब तक हमें स्वयं अपनी जीवनशैली, आदतों और परिवेश में सकारात्मक परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि हमारे जीवन की पूरी रूपरेखा हमारे डीएनए में ही दर्ज है। यदि यह सुरक्षित और संतुलित है, तो हमारा वर्तमान ही नहीं, बल्कि भविष्य भी सुदृढ़ और स्वस्थ रहेगा। इसलिए अब समय है कि हम इन अदृश्य हमलों के प्रति जागरूक हों और अपने डीएनए की सुरक्षा को जीवन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाएं क्योंकि सुरक्षित डीएनए ही एक सुरक्षित जीवन की नींव है।

(लेखिका पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में सीनियर डेमोंस्ट्रेटर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन मूल्यों का पाठ है योग



संकलित
दर्शन

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए।बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

## जिन लोगों में मतभेद उन्हें सफलता मिलती हैं कम



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में पांडव कौरवों से जुएं में सब कुछ हार गए थे। इस हार के बाद ये तय हुआ था कि पांडव जब 12 वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास करके लौटेंगे तब कौरव पांडवों को इनका राज्य वापस लौटा देंगे। पांडवों ने अपना वनवास और अज्ञातवास पूरा कर लिया तो वे अपना राज्य वापस मांगने कौरवों के पास पहुंचे, लेकिन दुर्योधन ने पांडवों को राज्य देने से मना कर दिया। बहुत कोशिशों के बाद भी दुर्योधन पांडवों को एक गांव तक देने के लिए तैयार नहीं हुआ। इसके बाद पांडवों के सामने सिर्फ युद्ध करने का एक मात्र उपाय बचा था। पांडवों ने युद्ध के लिए तैयारी शुरू कर दी। कौरव सेना में भीष्म, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण जैसे योद्धा थे। विरोधी पक्ष में सभी पांडवों के रिश्तेदार ही थे। उनकी सेना बहुत बड़ी थी। पांडवों ने विचार किया कि हम तो सिर्फ पांच भाई ही हैं। हमारे पास सेना भी नहीं है, तो हम कौरवों की विशाल सेना का सामना कैसे करेंगे। श्रीकृष्ण ने पांडवों को समझाया कि कौरव पक्ष में भले ही बड़े-बड़े योद्धा हैं, लेकिन सभी के बीच मतभेद हैं। भीष्म कर्ण को पसंद नहीं करते, द्रोण दुर्योधन को पसंद नहीं करते। दुर्योधन भीष्म और द्रोण को अपमानित करते रहता है। जबकि आप पांचों भाई एक साथ हैं, आपके बीच एकता है। जहां एकता होती है, जीत भी वहीं होती है। श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि जहां मतभेद होते हैं, वहां सफलता नहीं होती है। कौरव पक्ष में बड़े-बड़े योद्धा थे, विशाल सेना थी, लेकिन मतभेदों के चलते सभी एक मत होकर पांडवों से युद्ध नहीं लड़ सके और अंत में पांडवों की जीत हुई।

अंतर्मन




आज की पाती

### युवाओं के सपनों की तस्करी

भारत के अनेक इलाकों में, विशेषकर हरियाणा, पंजाब, गुजरात और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में, एक नया और खतरनाक चलन तेज़ी से फैल रहा है–डंकी रूट के ज़रिए विदेश पहुंचने का सपना। यह शब्द डंकी अंग्रेज़ी के शब्द से लिया गया है, जिसका मतलब है बिना अनुमति या अवैध रास्ते से जाना। सुनने में यह किसी फिल्मी कहानी जैसा लगता है, पर हकीकत इससे कहीं ज़्यादा भयावह है। इस रूट ने न केवल युवाओं के भविष्य को निगल लिया है, बल्कि समाज और प्रशासन के सामने एक गंभीर मानवीय और आर्थिक संकट भी खड़ा कर दिया है। भारत के ग्रामीण और अर्धशहरी इलाकों में विदेश जाना अब सिर्फ एक आकांक्षा नहीं, बल्कि सफलता का प्रतीक बन गया है। ऐसे में यह जाल तेजी से फैल रहा है। – *पवन कुशवाहा, बिलासपुर*

ट्रेंड

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा



क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारतीय विश्वविद्यालयों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि देखकर प्रसन्नता हो रही है। हमारी सरकार अनुसंधान और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करते हुए, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भारत-न्यूज़ीलैंड एफटीए




भारत-न्यूज़ीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चल रही बातचीत व्यापार, निवेश और नवाचार संबंधों के विस्तार का मार्ग प्रशस्त करेगी। इस साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के हमारे साझा संकल्प से हम उत्साहित हैं।
-पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री

### चुल्लू भर ही काफी



जो देश का अपमान करते हैं, विदेशों में जाकर भारत की बुराई करते हैं, सेना पर सवाल उठाते हैं, प्रभु श्री राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते हैं, उन्हें तालाब भर पानी की जरूरत नहीं है, चुल्लू भर ही काफी है।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### राहुल का नाटक



न ईवीएम, न वोट चोरी और न संविधान। कड़वा सच यह है कि विरासत का दांव अब राहुल गांधी के लिए कभी ठीक न होने वाला एक घाव बन चुका है। इसलिए वह अपने को खबरों में बनाए रखने के लिए नाना प्रकार के नाटक करते रहते हैं। लेकिन अब उनका कोई दांव नहीं चलेगा।
- केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

करंट अफेयर

## अंतरिक्ष में चीन का चालक दल फंसा, वापसी टाली गई



चीन के अंतरिक्ष स्टेशन पर तैनात दल की बुधवार को निर्धारित वापसी को टाल दिया गया है। ऐसा संदेह है कि अंतरिक्ष यान पर सूक्ष्म अंतरिक्ष मलबे का प्रभाव पड़ा है। यह घोषणा 'चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी' (सीएमएसए) ने की। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि वापसी में देरी का निर्णय अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा और मिशन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। चीन अपने अंतरिक्ष स्टेशन के दल को हर छह महीने में बदलता है। शनिवार को शेनझोउ-20 अंतरिक्ष यान ने शेनझोउ-21 दल के साथ कक्षा में कार्यभार हस्तांतरण पूरा किया था और उसका बुधवार को पृथ्वी पर लौटने का कार्यक्रम था। शेनझोउ-20 में वर्तमान अंतरिक्ष दल सवार है। मंगलवार को अंतरिक्ष स्टेशन पर तैनात तीन सदस्यीय दल ने कार्यभार हस्तांतरण समारोह आयोजित किया और औपचारिक रूप से स्टेशन की चाबियां नए दल को सौंप दीं। आधिकारिक मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, शेनझोउ-20 दल में शामिल चेन डोंग, चेन झोंगरुई और वांग जिए ने अपने सभी निर्धारित कार्य पूरे कर लिए हैं और उन्हें बुधवार को उत्तरी चीन के इनर मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र के डोंगफेंग लैंडिंग स्थल पर लौटना था। हालांकि, अब उनकी वापसी स्थगित कर दी गई है।

ऑफ बीट

## कुत्ते पढ़ सकते हैं आपका दिमाग और चेहरा



जब आप रोते हैं तो आपका कुत्ता अपना सिर झुका लेता है, जब आप तनाव में होते हैं तो इधर-उधर टहलता है, और आपके सबसे बुरे पलों में किसी न किसी तरह आपके पास होता है। यह महज संयोग तो नहीं हो सकता। हजारों सालों के सह-विकास ने कुत्तों को हमारी आवाजों, चेहरों और यहां तक कि मस्तिष्क के रसायन विज्ञान को समझने के खास तरीके दिए हैं। हमारी बातचीत को समझने वाले मस्तिष्क के क्षेत्रों से लेकर हमारी नजरें मिलाने पर बढ़ने वाले 'लव हार्मोन' या ऑक्सीटोसिन तक, आपके कुत्ते का दिमाग आपकी भावनाओं को समझने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस असाधारण भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रमाण मस्तिष्क में ही शुरू होता है। कुत्तों के मस्तिष्क में आवाज के प्रति संवेदनशील क्षेत्र होते हैं, जो इंसानों के समान होते हैं। एक 'ब्रेन इमेजिंग' अध्ययन में, अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि कुत्तों के 'टेम्पोरल कॉर्टेक्स' में आवाज को समझने वाले क्षेत्र होते हैं, जो ध्वनियों के जवाब में सक्रिय हो जाते हैं। कुत्ते न केवल किसी भी ध्वनि पर, बल्कि आपकी आवाज के भावनात्मक स्वर पर भी प्रतिक्रिया देते हैं। कुत्तों के मस्तिष्क के अध्ययन से पता चलता है कि भावनात्मक ध्वनियां, मसलन हंसी, रोना, गुस्से से चीखना उनके श्रवण और भावनाओं को समझने से संबंधित मस्तिष्क के एक हिस्से को सक्रिय करती हैं।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## पहले चरण का थम गया शोर, पक्ष-विपक्ष ने दूसरे चरण के लिए लगाया जोर

# नड्डा ने किया वादों- सुविधा व उपहारों का बखान तो सहयोगियों ने महागठबंधन के परिवारवाद और जंगलराज की दिलाई याद

एजेंसी ⏭ पटना

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बिहार के मधुबन विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया.। इस दौरानकहा मैं माताओं-बहनों से पूछना चाहता हूं कि आपको नीतीश जी का 10-10 हजार रुपए मिला की नहीं मिला और मेरी बात याद करके रखिएगा, चुनाव के बाद नीतीश कुमार जी का 75 लाख बहनों को 2-2 लाख रुपए स्वरोजगार के लिए पहुंच जाएगा। किसानों को लेकर जेपी नड्डा ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत सालाना 6 हजार रुपए मोदी जी दे रहे हैं और अब किसानों को इसमें 3 हजार रुपए और जोड़कर 9 हजार रुपए दिए जाएंगे। इसी तरह आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है। नड्डा ने मधुबन में जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में नड्डा ने कहा कि आज मैं आपका जो उत्साह देख रहा हूं, जो उमंग देख रहा हूं, वह मुझे पूरा विश्वास दिला रहा है कि आपने 11 तारीख को एनडीए को चुनाव जिताने का मन बना लिया है।

### आरजेडी पर निशाना- लालटेन बनाम एलईडी युग


कार्तिक पूर्णिमा पर लोगों से मिले भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा।

यह चुनाव सिर्फ मधुबनी के विकास का नहीं है, यह बिहार में स्थिरता लाने और बिहार को विकास की पटरी पर तीव्रता से अग्रसर करने का है। अगर लालटेन युग से आपको छुटकारा मिला है और एलईडी युग में प्रवेश किया है, तो यह नीतीश कुमार की मेहनत और मोदी जी के आशीर्वाद का परिणाम है। आरजेडी पर वार करते नड्डा ने कहा कि एक समय था, जब बिहार में जंगलराज था। दिन में सिर्फ दो-दो घंटे बिजली आती थी, और मोबाइल चार्ज करवाने के लिए जनरेटर वालों के पास जाना पड़ता था, जहां 10-12 रुपए देकर मोबाइल चार्ज करवाना पड़ता था।

### बिहार में भाजपा के लिए सुनामी का माहौलः हिमंता



असम के सीएम हिमंता बिसवा सरमा ने कहा कि बिहार में भाजपा और जनता दल के लिए सुनामी है। एनडीए सत्ता में आ रही है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश का दुश्मन है.। न्यायतंत्र, आर्मी को कमजोर करो, जनता के बीच में झगड़ा लगाओ. ये जो 10 प्रतिशत वाली बात है ये देशद्रोह वाली बात है। जो लोग देश के लिए शहीद हुए उनका अपमान होता है।

**नगर निगम सख्त**

### ठाणे स्थित बंगले के अवैध निर्माण को हटाने भेजा नोटिस

वोटिंग से पहले खेसारी की चिंता बढ़ गई है। दरअसल, अभिनेता को मुंबई के ठाणे के मीरा भायंदर नगर निगम से नोटिस जारी हुआ है। यह उनके मीरा रोड स्थित बंगले में अवैध निर्माण को लेकर है।



छपरा से आरजेडी उम्मीदवार भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव को ठाणे के मीरा भायंदर नगर निगम ने मीरा रोड स्थित एक बंगले में अवैध निर्माण को तोड़ने का नोटिस जारी किया है। ऐसे में क्या अभिनेता बिहार में चुनाव के बीच मुंबई लौटेंगे?मीरा भायंदर महानगर पालिका ने एक्टर को नोटिस भेजकर अवैध निर्माण तोड़कर हटाने को कहा है।

**तेजस्वी ने वादों की लगाई झड़ी**

### भले ही मेरी उम्र कच्ची है लेकिन मेरी जुबान पक्की



महागठबंधन के सीएम प्रत्याशी तेजस्वी यादव पूर्वी चंपारण में प्रचार कर रहे हैं। तेजस्वी पूर्वी चंपारण के कल्याणपुर पहुंचे। उन्होंने राजद प्रत्याशी को जिताने की अपील की। तेजस्वी ने कहा भले ही मेरी उम्र कच्ची है लेकिन मेरी जुबान पक्की है। तेजस्वी दवाई, कमाई, सिंचाई, पढ़ाई पर काम करने वाला है। सरकार बनते ही हम हर घर के युवाओं को नौकरी देने का काम करेंगे। . तेजस्वी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार रिमोट से बिहार में सरकार चलाना चाहती है, जो सही नहीं है। हमारे चाचा जी अचेत अवस्था में हैं लेकिन, हमको उनकी चिंता है हर वादे को पूरा करने का काम किया जाएगा।

### प्रियंका ने मुफ्त इलाज का किया वादा



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री और भाजपा सरकार पर करारा हमला बोला है। पश्चिम चंपारण में प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री किसी न किसी बात का "अपमान" ढूंढ लेते हैं, इसलिए उन्हें "अपमान मंत्रालय" खोल लेना चाहिए। हम 25 लाख तक मुफ्त इलाज करवाएंगे।

### सम्राट के समर्थन में बैठे बसपा प्रत्याशी



तारापुर में मतदान से एक दिन पूर्व बसपा प्रत्याशी आशीष आनंद ने भाजपा प्रत्याशी सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पक्ष में समर्थन देने की घोषणा की है। यह घोषणा उन्होंने प्रेस वार्ता कर की। इसमें प्रदेश युवा भाजपा के उपाध्यक्ष सह तारापुर युवा प्रकोष्ठ प्रभारी प्रमुख व अन्य मौजूद थे।

### पीके को बड़ा झटका, प्रत्याशी भाजपा में



मुंगेर क्षेत्र की राजनीति में बुधवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला। निजी होटल में कार्यक्रम के दौरान जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी संजय सिंह ने भाजपा का दामन थाम लिया। एनडीए गठबंधन को समर्थन देने की घोषणा की।

### कुछ बूथों पर बदला वोटिंग का समय



चुनाव के लिए पहले चरण की वोटिंग से पहले चुनाव आयोग ने सहरसा ,मुंगेर और जमालपुर क्षेत्रों के सभी बूथों पर शाम 5 बजे तक ही वोटिंग कराने का निर्णय लिया है। सूर्यगढ़ में भी वोटिंग शाम के 5 बजे तक होगी।

### तेज प्रतापः जयचंदवा भी बैठा है...



तेज प्रताप यादव और छोटे भाई तेजस्वी यादव एक-दूसरे की विधानसभा सीटों पर विरोध में प्रचार कर चुके हैं। तेजप्रताप ने तेजस्वी के खास सहयोगी संजय यादव को भरे मंचों से कई बार 'जयचंद' कहकर संबोधित किया।

### आरजेडी के मेहता एनडीए में शामिल



राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक सुरेश मेहता ने कई वर्षों का पुराना नाता तोड़ते हुए अब एनडीए का दामन थाम लिया है। एनडीए कार्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान वे एनडीए में शामिल हो गए।

**किशनगंज में सीएम नीतीश का तंज**

### लालू यादव ने सिर्फ अपने परिवार को बढ़ावा दिया

किशनगंज में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ठाकुरगंज में एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी गोपाल अग्रवाल के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। सभा के दौरान मुख्यमंत्री ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने जीवनभर सिर्फ अपने परिवार को आगे बढ़ाया। उन्होंने अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बनाया और अब अपने बेटे-बेटियों को ही बढ़ावा दे रहे हैं। नीतीश ने दावा किया कि 2005 से पहले बिहार में कोई विकास कार्य नहीं हुआ था।



**योगी ने बताया कांग्रेस आरजेडी का कारनामा**

### सपा माफिया के सहारे टिकी चेले ने चार किले बना लिए

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गया में कहा कि कि कांग्रेस और आरजेडी का यूपी में एक साथी है। समाजवादी पार्टी (सपा)। सपा का एक माफिया चेला था, जिसने लखनऊ में सपा सरकार के दौरान गरीबों और सरकार की जमीन पर चार किले जैसे मकान बना लिए। जब हमारी सरकार आई, तो मैंने कहा कि फिर बुलडोजर की सफाई हो जाए न। उसी जमीन पर गरीबों के घर बनाने के लिए ऊंची इमारतें बना दी गईं।



**फिर बुलडोजर की कार्रवाई हो ना**

गया में रैली संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि कांग्रेस-आरजेडी का यूपी में एक पार्टनर है। सपा का एक माफिया चेला था, जिसने लखनऊ में एसपी सरकार के दौरान गरीबों और सरकार की जमीन पर किले जैसे चार घर बना लिए थे। हमारी सरकार आई, तो मैंने कहा, फिर बुलडोजर कार्रवाई हो ना।

**ललन बोलेः पूरा वीडियो तो सुनते**

### आरजेडी का एक दबंग नेता गरीबों को बूथ पर नहीं जाने देता...

केंद्रीय मंत्री और जनता दल यूनाइटेड के नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने एक चुनावी रैली के दौरान उनकी कथित टिप्पणी को लेकरकड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सिंह ने कहा कि यह वीडियो का सिर्फ एक हिस्सा है, यह पूरा वीडियो नहीं है। सिंह ने कहा कि जिस गांव का यह वीडियो सामने आया है, वहां एक आरजेडी नेता रहता है। वह लोगों को धमकाता है और उन्हें बूथ पर न जाने के लिए डराता है। मैंने कहा कि अगर नेता गरीबों को धमकाते और डराते हैं, तो गांव के लोगों को उन्हें घेरकर बंद कर देना चाहिए। अगर वे (ऐसे नेता) वोट देने जाना चाहते हैं, तो उन्हें मतदान केंद्र ले जाएं।



## खबर संक्षेप

### अभिनेता विजय बने टीवीके के सीएम प्रत्याशी

**चेन्नई।** तमिल फिल्म अभिनेता और तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) पार्टी के प्रमुख थलपति विजय को पार्टी ने 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है। उन्हें गठबंधन को लेकर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार भी दिया गया है।



### महायुति में एकजुटता गठबंधन जारी रहेगा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि राज्य में आगामी निकाय चुनावों से पहले महायुति गठबंधन पूरी तरह एकजुट है। अगर पूर्व-चुनाव गठबंधन नहीं भी बन पाया, तो चुनाव के बाद महायुति जरूर साथ आएगी। कोल्हापुर में फडणवीस ने कहा कि हम पूरी तरह तैयार हैं।



### सलमान को कंज्यूमर कोर्ट ने भेजा समन

**मुंबई।** सुपरस्टार सलमान खान पान मसाला विज्ञापन को लेकर कानूनी मुसीबत में फंस गए हैं। भाजपा नेता और राजस्थान हाईकोर्ट वकील इंदर मोहन सिंह ने अभिनेता के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। उन्होंने एक माउथ फ्रेशनर ब्रांड का समर्थन किया, जो

## 10 फीसदी आबादी का सेना में कंट्रोल, राहुल पर बरसे रक्षामंत्री राजनाथ

# रक्षाबलों में आरक्षण की मांग कर अराजकता फैला रहे राहुल, सेना को राजनीति में न लाएं

एजेंसी ⏭ जमुई

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के सेना पर दिए बयान पर जवाब दिया। उन्होंने राहुल गांधी पर सशस्त्र बलों को राजनीति में घसीटने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बिहार में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि भारतीय सेना में देश की 10 फीसदी आबादी का कंट्रोल है। बिहार के जमुई में चुनाव प्रचार के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वह (राहुल गांधी) रक्षाबलों में आरक्षण की मांग करके देश में अराजकता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेना को राजनीति में न घसीटें। अब राहुल गांधी रक्षा बलों में आरक्षण का मुद्दा उठा रहे हैं। यह देश में अराजकता फैलाने की कोशिश के अलावा और कुछ नहीं है। हमारी सेनाएं ऐसे मतभेदों से ऊपर हैं।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के सेना पर दिए बयान पर जवाब दिया। उन्होंने राहुल गांधी पर सशस्त्र बलों को राजनीति में घसीटने का आरोप लगाया।

### देश की सेनाएं ऐसे मतभेदों से ऊपर

**सेना का प्रमुख कार्य- सैन्य धर्म**


बिहार में रैली के दौरान बोले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

उन्होंने आगे कहा कि सैनिकों के लिए केवल एक ही धर्म है, सैन्य धर्म। रक्षा मंत्री ने कहा कि आरक्षण होना चाहिए। हम आरक्षण का समर्थन करते हैं और इसे गरीबों को दिया है, लेकिन जब सेना की बात आती है तो हमारे सैनिक केवल एक ही धर्म, सैन्य धर्म का पालन करते हैं। इसके अलावा कोई दूसरा धर्म नहीं है। सेना में राजनीति न लाएं। जब भी देश पर संकट आया है, हमारे सैनिकों ने अपने साहस और पराक्रम से भारत को गौरवान्वित किया है।

### देश की सेनाएं सब चीजों से ऊपर

रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा कि हमारी सेनाएं इन सब चीजों से ऊपर हैं। रक्षा मंत्री ने बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान राहुल के हालिया मछली पकड़ने के प्रयास पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस नेता के पास अब कोई चारा नहीं बचा है, इसलिए उन्हें तालाब में कूदना पड़ा। उन्होंने कहा कि राहुल को समझना चाहिए कि देश चलाना बच्चों का खेल नहीं है।


### भारत किसी को उकसाता नहीं

राजनाथ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को रोका गया है, बंद नहीं किया गया। अगर आतंकवादी फिर से भारत पर हमला करने की कोशिश करेंगे, तो हम कड़ी कार्रवाई करेंगे। भारत किसी को उकसाता नहीं है, लेकिन अगर कोई हमें उकसाएगा तो हम उसे बख्शेंगे नहीं।

### आरजेडी ने लोक-लाज छोड़ दी

राजनाथ सिंह ने आरजेडी पर वार करते हुए कहा कि उसका नारा था आइए न बिहार में ठोक देंगे कट्टा कपार में, लेकिन अब लोग कहते हैं आइए न विकसित बिहार में। भ्रष्टाचार करने में आरजेडीने लोक लाज छोड़ दी लेकिन हम जो कहते हैं वो करते हैं। आज भारत दुनिया के सामने बोलता है, दुनिया के लोग अब भारत की सुनते हैं। सिंह ने दावा किया कि बिहार में दो तिहाई सीटों पर जीत कर एनडीए सरकार बनाने जा रही है।

**एसआईआर का एक पक्ष यह भी**



### बलिया में 2.17 लाख मिले डुप्लीकेट मतदाता, सूची से हटाए जाएंगे

**बलिया।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव-2026 की तैयारी तेजी से चल रही है। जनपद के 940 ग्राम पंचायतों में कुल 25.36 लाख 822 मतदाता हैं, लेकिन मतदाता पुनरीक्षण अभियान में 17 ब्लाकों में संभावित 2.17 लाख 189 डुप्लीकेट मतदाता चिह्नित किए गए हैं। जांच के बाद इन सभी मतदाताओं का नाम हटाया जा रहा है।बहुत से मतदाता ऐसे हैं जिनका दो अलग-अलग नाम सूची में शामिल है। सूची का अंतिम प्रकाशन होने से पूर्व डुप्लीकेट नाम हटाने की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। प्रदेश से जारी सूची में बलिया में 6.21 लाख 974 मतदाताओं के डुप्लीकेट होने की संभावना व्यक्त की गई है। अब निर्वाचन अधिकारी की ओर से बीएलओ को लगाया गया है। बीएलओ हर गांव में डुप्लीकेट मतदताओं को चिन्हित कर रहे है। ग्राम पंचायतों में संभावित उम्मीदवारों की नजर परिसीमन पर टिकी हुई है। इस बार 1460 केंद्रों के 3919 बूथों पर मतदान कराने की तैयारी है। चुनाव के लिए पदवार मतपत्र भी एक सप्ताह के अंदर जिले में पहुंच जाएंगे।

*18वीं अर्बन मोबिलिटी इंडिया कॉन्फ्रेंस-कम-एक्सपो-2025' गुरुग्राम में कल से*

## सीएम सैनी ने तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता की

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को 7 नवंबर से 9 नवंबर तक गुरुग्राम में होने वाली '18वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया कॉन्फ्रेंस -कम - एक्सपो 2025' की तैयारियों की समीक्षा को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम का उद्घाटन 7 नवंबर को केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल करेंगे, जबकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 8 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। इसके बाद सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह 9 नवंबर को समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। तीन दिवसीय इस कॉन्फ्रेंस में देश के विभिन्न नगर निगमों के चेयरमैन तथा मेयर भी हिस्सा लेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी हरियाणा के लिए गर्व की बात है। यह कार्यक्रम सतत शहरी विकास, स्मार्ट परिवहन समाधानों और बुनियादी ढांचे के नवाचार में राज्य की प्रगति को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह कार्यक्रम शहरी परिवहन व गतिशीलता के क्षेत्र में उभरते मुद्दों, रुझानों, नवाचारों और चुनौतियों पर विचार-विमर्श करके देश एवं प्रदेश की प्रगति में सहायक सिद्ध होगा।

बैठक में मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई कि कार्यक्रम में कॉन्क्लेव, शोध संगोष्ठी, पूर्ण सत्र, तकनीकी सत्र, पैनल चर्चाएं और इंटरेक्टिव प्रदर्शनियां शामिल होंगी। इनमें भारत समेत विभिन्न देशों के नीति-निर्माता, उद्योग जगत से विशेषज्ञ, शोधकर्ता और प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त तकनीकी भ्रमण और धरोहर स्थल भी शामिल होंगे, जिनमें प्रतिनिधियों को क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति और शहरी परिवहन पहलों की झलक देखने को मिलेगी।

### ऑफिस के सामने आत्मदाह करने वाले किसान की मौत

एजेंसी ⏭ मांड्या

**मांड्या जमीन अधिग्रहण का मामला**

कर्नाटक के मांड्या जिले में जमीन अधिग्रहण का मुआवजा न मिलने से नाराज एक किसान ने आत्मदाह कर लिया। मूदानहल्ली गांव के रहने वाले 55 वर्षीय एमडी मंजेगोड़ा ने मंगलवार को जिला आयुक्त कार्यालय के सामने स्थित कावेरी पार्क में पेट्रोल डालकर खुद को आग के हवाले कर दिया। लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की और उन्हें मांड्या इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराया। विक्टोरिया अस्पताल भेजा गया, जहां बुधवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

*जबलपुर गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 'भारत गोल्फ महोत्सव' का होगा आयोजन*

## गोल्फ केवल उच्च वर्ग का खेल नहीं: आर्यवीर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ जबलपुर

समाज में गोल्फ को केवल उच्च वर्ग के लोगों का खर्चीला खेल माना जाता है। इस धारणा को गलत बताते हुए गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के संस्थापक आर्यवीर आर्य ने कहा कि गोल्फ मध्यम वर्गीय लोगों के लिए भी उपलब्ध है।

सामाजिक भ्रम को दूर करने के लिए फेडरेशन के द्वारा गोल्फ महोत्सव के माध्यम से उन शहरों में भी किया जा रहा है। जहां कभी गोल्फ टूर्नामेंट नहीं हुए। गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 'भारत गोल्फ महोत्सव' का एक भव्य




आयोजन किया जा रहा है। यह केवल गोल्फ इवेंट नहीं है, बल्कि सितंबर,2025 से जनवरी, 2026 तक भारत के विभिन्न शहरों में चलने वाली एक गौरव यात्रा है। जबलपुर में होने जा रहे इस गोल्फ कुंभ में 90 से ज्यादा अनुभवी गोल्फ प्लेयर आएंगे जो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गोल्फ टूर्नामेंटों में हिस्सा ले चुके है। इनमें से अधिकतर फेडरेशन के बैनर के साथ ग्रीन खेल का प्रमोशन भी कर रहे है।ये प्लेयर जबलपुर में न सिर्फ गोल्फ खेलेंगे बल्कि इस खेल से अधिक से अधिक लोग कैसे जुड़े ये भी प्रयास करेंगे।ये अनुभवी प्लेयर महाकौशल के उदीयमान गोल्फ प्लेयर के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे। उन्हें इस खेल की बारीकियों ओर इसकी कलात्मकता से भी परिचय कराएंगे। इस महोत्सव का शुभारंभ 8 नवंबर को प्रातः प्रोमो रन से होगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एंटी ओबीसीटी का संदेश दिया जाएगा।

*कांग्रेस का बिहार के डबल इंजन सरकार पर बड़ा हमला*

## नीतीश सरकार के 20 साल में बिहार बेहाल: जयराम रमेश

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से ठीक एक दिन पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और संचार विभाग प्रमुख जयराम रमेश ने बिहार की एनडीए सरकार पर बड़ा राजनीतिक हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा-जदयू की 20 साल की साझी सरकार ने बिहार के साथ "धोखा, अन्याय और उपेक्षा" की है, जिससे राज्य का उज्ज्वल भविष्य अंधकार में धकेल दिया गया।

रमेश ने एक्स पर पोस्ट जारी करते हुए 20 बिंदुओं में बिहार सरकार की कथित विफलताएं और घोटाले गिनाए। उन्होंने लिखा, पहले चरण के मतदान से पहले ज़रूर देखिए कि भाजपा-जदयू ने कैसे बिहार को बर्बाद कर दिया। यदि जनता सत्ता से बाहर कर दे, तो बेरोज़गारी, पलायन, भ्रष्टाचार, गुंडाराज खत्म हो जाएगा।

### जयराम रमेश के 20 आरोप

- **पेपर लीक और भर्ती घोटाले:** पिछले दो दशकों में दस से ज़्यादा भर्ती व प्रवेश परीक्षाओं में धांधली, लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद।
- **शिक्षा में भ्रष्टाचार:** एक स्टिंग ऑपरेशन में 20 से 50 लाख तक में डिग्री और पेपर बिकने का खुलासा।
- **बेरोज़गारी और पलायन:** ई-श्रम पोर्टल के अनुसार 3.18 करोड़ बिहारवासी दूसरे राज्यों में मजदूरी कर रहे हैं।
- **गरीबी:** जातिगत सर्वे के मुताबिक़ 64 फ़ीसदी आबादी रोज 67 रुपए में गुजारा करती है।
- **उद्योगों की दुर्दशा:** 6 महीनों में 11 बड़े उद्योगपतियों की हत्या, निवेशकों में डर का माहौल।
- **कानून-व्यवस्था चरमराई:** हर दिन औसतन 8 हत्याएँ, 33 अपहरण, 136 जघन्य अपराध।
- कैग रिपोर्ट में 70,000 करोड़ का घोटाला।
- तीन सालों में 27 पुल ढहे, भ्रष्टाचार का नतीजा बताया।
- **स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल:** 86 फीसदी विशेषज्ञ डॉक्टरों और 57 फीसदी संसाधनों की भारी कमी।
- **गंगा प्रदूषण:** एनजीटी के अनुसार 13 में से सिर्फ़ 7 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट चालू, वह भी मानक स्तर पर नहीं।
- **शराबबंदी की विफलता:** 2016 से अब तक 190 लोगों की जहरीली शराब से मौत।
- **स्कूली शिक्षा संकट:** 26 फ़ीसदी ड्रॉपआउट रेट, 1.16 लाख स्कूलों में बिजली नहीं, 2,600 से अधिक स्कूलों में सिर्फ़ एक शिक्षक।
- **उच्च शिक्षा का संकट:** ग्रॉस एनरोलमेंट रेशियो 17.1 फ़ीसदी, देश में सबसे कम।
- **किसानों की बदहाली:** कृषि इंफ्रा फंड का केवल 25 फ़ीसदी खर्च, कुसुम योजना में लाभ नहीं।
- **महिलाओं पर बोझ:** माइक्रोफाइनेंस के कर्ज जाल में फँसी बिहार की बेटियाँ।
- **मनरेगा घोटाले:** फ़र्ज़ी हाज़िरी और मृतकों के नाम पर भुगतान।
- **सृजन घोटाला:** 1000 करोड़ की सीधी लूट।
- अडाणी को 1000 एकड़ ज़मीन 1 रुपये प्रति एकड़ पर दी गई।
- **पोषण आहार में गड़बड़ी:** 50,000 आंगनवाड़ियों में ग्रोथ मॉनिटरिंग मशीनें बंद।
- **भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा:** 4200 सरकारी अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के मुकदमे।

# मारुति ने बनाया नया रिकॉर्ड, बेच डाली तीन करोड़ गाड़ियां, सबसे ज्यादा बिकी ऑल्टो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मारुति सुजुकी ने भारत में 3 करोड़ कारों की बिक्री का एक बड़ा माइलस्टोन हासिल किया है, जो शायद किसी भी और कंपनी के लिए भारतीय बाजार में नामुमकिन है। पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में किसी भी कंपनी द्वारा ऐसा पहला रिकॉर्ड बना है। कंपनी ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि महज 42 वर्षों में हासिल की है। जिससे पता चलता है कि मारुति हर महीने क्यों सबसे ज्यादा कारें बेचती हैं और इसे ग्राहकों ने लंबे समय से क्यों नंबर 1 बना रखा है। मौजूदा समय में मारुति सुजुकी अपने एरिना और नेक्सा शोरूम पर 19 अलग-अलग मॉडल बेचती है, जिनमें कई तरह के इंजन और गियरबॉक्स ऑप्शन मौजूद हैं।

*मारुति कारों की बिक्री का इतिहास : मारुति सुजुकी*

## मारुति ने बिक्री का नया माइलस्टोन किया हासिल, पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में पहला रिकॉर्ड बना

### मारुति ऑल्टो की 47 लाख इकाईयों का बिक्री

*मारुति सुजुकी की भारतीय बाजार में 3 करोड़ गाड़ियों में से सबसे ज्यादा बिकने वाली गाड़ी मारुति ऑल्टो रही, जिसकी 47 लाख से ज्यादा यूनिट्स बिक चुकी हैं। इसके बाद वैगनआर का नंबर आता है, जिसकी 34 लाख से ज्यादा यूनिट अब तक बिक चुकी है। तीसरे स्थान पर स्विफ्ट है, जिसकी 32 लाख से ज्यादा यूनिट्स बिक चुकी हैं। यहां एक और खास बात यह है कि ब्रेजा और फ्रॉन्क्स जैसी गाड़ियां भी कंपनी के टॉप 10 बेस्ट सेलिंग मॉडल्स में अपनी जगह बना चुकी हैं।*




### लोगों के घूमने का सपना किया पूरा

*मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ हिसाशी ताकेउची ने इस बड़ी उपलब्धि पर कहा कि जब मैं भारत के कोने-कोने में देखता हूं और सोचता हूं कि 3 करोड़ ग्राहकों ने मारुति सुजुकी पर भरोसा करके अपने घूमने-फिरने का सपना पूरा किया है, तो मुझे बहुत विनम्रता और आभार महसूस होता है। हालांकि, भारत में हर 1000 लोगों पर लगभग 33 गाड़ियां ही हैं, इसलिए हम जानते हैं कि हमारा सफर अभी खत्म नहीं हुआ है।*

*को पहली 1 करोड़ गाड़ियों की बिक्री तक पहुंचने में 28 साल और 2 महीने का समय लगा था। इसके बाद अगली 1 करोड़ गाड़ियां बेचने में कंपनी को सिर्फ 7 साल और 5 महीने लगे। सबसे दिलचस्प आंकड़ा 2 से 3 करोड़ पहुंचने में है। मारुति सुजुकी ने बीते महज 6 साल और 4 महीने में एक करोड़ कारें बेच डालीं और कुल आंकड़ा अब 3 करोड़ कारों का हो गया है, जो कि डोमेस्टिक मार्केट में अपने आप में एक ऐसा रिकॉर्ड है, जिससे तोड़ना आसान नहीं है।*

**14 दिसंबर 1983 को मारुति ने पहली कार बेची थी**

*मारुति की पहली गाड़ी मारुति 800 थी, जिसे 14 दिसंबर 1983 को पहले ग्राहक को सौंपी गई थी। इसी के साथ भारत में गाड़ियों के मामले में एक क्रांति की शुरुआत हुई थी।*

*ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करती हैं। आज मारुति सुजुकी 19 अलग-अलग मॉडल्स में 170 से ज्यादा वेरिएंट्स बेचती है।*

## खबर संक्षेप

### सन फार्मा के मुनाफे में तीन फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 2.56 प्रतिशत बढ़कर 3,118 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। दवा कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 3,040 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### टीमलीज़ सर्विसेज का मुनाफा 12 फीसदी बढ़ा

**मुंबई।** स्टाफिंग कंपनी टीमलीज़ सर्विसेज का सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के दौरान एकीकृत शुद्ध मुनाफा एक साल पहले की तुलना में 12 प्रतिशत बढ़कर 27.52 करोड़ रुपये हो गया। टीमलीज़ सर्विसेज़ ने एक नियामकीय सूचना में कहा कि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 24.58 करोड़ रुपये था।

### गुरु नानक की जयंती पर बाजार रहा बंद

मुंबई। सिख धर्म के संस्थापक एवं प्रथम गुरु, गुरु नानक देव की जयंती के अवसर पर बुधवार को शेयर, विदेशी मुद्रा और जिंस बाजार बंद रहा। बीएसई और एनएसई की ओर से जारी नोटिस में यह जानकारी दी गई।

### बीईएमएल का लाभ 5.8% घटकर 48.03 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी बीईएमएल का जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 5.8 प्रतिशत घटकर 48.03 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी का एक साल पहले इसी तिमाही में मुनाफा 51.03 करोड़ रुपये रहा था। आय सालाना आधार पर 874.70 करोड़ रुपये से घटकर 846.13 करोड़ रुपये रह गई।

### एसबीआई ने अपनी 'द ग्रेट ग्लोबल गोल्ड रश' रिपोर्ट में कहा

# भारत के लिए यही एक व्यापक स्वर्ण नीति अपनाने का समय : एसबीआई

- भारत दुनिया का सबसे बड़ा सराफा बाजारों में एक
- देश सोने के प्रति सांस्कृतिक लगाव व निवेश मांग से प्रभावित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोने की कीमतों के नई ऊंचाइयों पर पहुंचने के बीच इसके लिए एक व्यापक नीति की आवश्यकता है क्योंकि भारत दुनिया के सबसे बड़े सर्राफा बाजारों में से एक है जो इस पीली धातु के प्रति सांस्कृतिक लगाव व निवेश मांग से प्रभावित है। बुधवार को जारी एक अध्ययन में यह बात कही गई।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आर्थिक अनुसंधान विभाग द्वारा जारी 'कमिंग ऑफ (ए टर्बुलेंट) एजः द ग्रेट ग्लोबल गोल्ड रश' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया कि भू-राजनीतिक तनाव, आर्थिक अनिश्चितता और कमजोर अमेरिकी डॉलर के कारण सोने की कीमत नई ऊंचाइयों पर पहुंच रही है। वर्ष 2025 में अब तक की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।




**वर्ष 2025 में अब तक की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई**

### भारत की उपभोक्ता मांग 802.8 टन

भारत में सोने की कुल उपभोक्ता मांग 2024 में बढ़कर 802.8 टन हो गई जो वैश्विक स्वर्ण मांग का 26 प्रतिशत है। इससे भारत, चीन के बाद दूसरे स्थान पर आ गया। चीन की उपभोक्ता मांग 815.4 टन थी। एसबीआई अध्ययन में कहा गया कि चीन की सोने पर एक राष्ट्रीय नीति है, जिसका एक विशिष्ट उद्देश्य है। यह अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य में सोने के व्यापार, भंडारण, मूल्यांकन और उपयोग के तरीके को नया रूप देने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण रखता है।

### भारत में घरेलू आपूर्ति मात्र एक फीसदी

अक्टूबर में कुछ दिन के लिए कीमतें 4,000 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस से नीचे आ गईं लेकिन नवंबर में फिर से 4,000 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस से पार चली गईं। रिपोर्ट कहती है कि सोने की घरेलू आपूर्ति भारत में कुल सोने की आपूर्ति का केवल एक अंश है।

### देश में 2024-25 में 1,627 किलो सोने का खनन

मात्रा के संदर्भ में केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल-सितंबर) में केवल 0.6 टन सोना जोड़ा, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल-सितंबर) में यह 31.5 टन था। भारत में सोने का खनन सीमित है, जिससे आयात पर निर्भरता बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 1,627 किलोग्राम सोने का खनन हुआ।

*__भारत के स्वर्ण भंडार में 27 अरब डॉलर की वृद्धि :__ भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2025-26 (10 अक्टूबर तक) में अपने भंडार का 15.2 प्रतिशत सोना रखा जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 13.8 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 में 9.1 प्रतिशत था। आरक्षित निधि में परिवर्तन के संदर्भ में, आरबीआई के स्वर्ण भंडार में वित्त वर्ष 2024-25 में 25 अरब अमेरिकी डॉलर और वित्त वर्ष 2026 में 10 अक्टूबर 2025 तक 27 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई है जिसका मुख्य कारण मूल्यांकन में वृद्धि है।*

**कुल आपूर्ति में आयात का योगदान 86 प्रतिशत**

*विश्व स्वर्ण परिषद के अनुमान के अनुसार, 2024 में कुल आपूर्ति में आयात का योगदान लगभग 86 प्रतिशत होगा। इसमें कहा गया कि भारत सबसे बड़े स्वर्ण बाजारों में से एक है जो सोने के प्रति सांस्कृतिक आकर्षण, निवेश की मांग और मुद्रास्फीति से बचाव तथा सुरक्षित निवेश सहित अन्य आर्थिक कारकों से प्रभावित है।*

*__अमेरिका व जर्मनी भंडार में 77 फीसदी से अधिक सोना :__ यह कई आर्थिक एवं भू-राजनीतिक प्राथमिकताओं को एक साथ संबोधित करने के लिए एक समन्वित दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है। रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका और जर्मनी जैसे देश अपने कुल भंडार का 77 प्रतिशत से अधिक सोने के रूप में रखते हैं।*

# जीएसटी में समाहित करों से राज्यों का राजस्व घटाः रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- कुछ पूर्वोत्तर राज्यों में अनुपात में सुधार देखा गया

जीएसटी में समाहित करों से ज्यादातर मामले में राज्यों को प्राप्त कुल राजस्व कम हुआ है, जबकि कुछ पूर्वोत्तर राज्यों में जीएसटी-पूर्व व्यवस्था की तुलना में उनके कर-जीएसडीपी अनुपात में सुधार देखा गया है।

एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, जीएसटी लागू होने के बाद से, इसमें शामिल करों से राज्यों का कुल राजस्व 2023-24 में घटकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.5 प्रतिशत रहा। जबकि 2015-16 (जीएसटी-पूर्व व्यवस्था में) में यह जीडीपी का 6.5 प्रतिशत था। कर सुधार के रूप में 2017 में लागू माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में केंद्र और राज्य स्तर पर कई कर और शुल्क समाहित हुए। इनमें मूल्य वर्धित कर (वैट), केंद्रीय बिक्री कर, उत्पाद शुल्क और प्रवेश कर शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जीएसटी के सात वर्षों में जीडीपी के प्रतिशत के रूप में औसत एसजीएसटी (2.6 प्रतिशत) जीएसटी से पहले के चार पूर्ण वर्षों में सम्मिलित औसत करों से कम रहा है। राज्यों को पहले पांच वर्षों के दौरान एसजीएसटी राजस्व में 14 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि की गारंटी दी गई थी। जिन राज्यों के राजस्व में यह वृद्धि नहीं हो पाई, उन्हें जून, 2022 तक जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर से प्राप्त राजस्व के माध्यम से क्षतिपूर्ति प्रदान की गई। वित्त वर्ष 2015-16 से पहले के चार वर्षों में, राज्यों को उन करों से सकल घरेलू उत्पाद का औसतन 2.8 प्रतिशत प्राप्त हुआ, जिन्हें बाद में जीएसटी में समाहित कर दिया गया।

### छत्तीसगढ़, पंजाब, कर्नाटक के राजस्व में गिरावट

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि राज्यों के बीच महत्वपूर्ण भिन्नता है। मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड और सिक्किम जैसे कुछ पूर्वोत्तर राज्यों में जीएसटी-पूर्व व्यवस्था की तुलना में उनके कर-जीएसडीपी अनुपात में सुधार देखा गया है। रिपोर्ट के अनुसार, इसकी तुलना में पंजाब, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और ओडिशा जैसे अन्य राज्यों के जीएसडीपी के प्रतिशत के रूप में सम्मिलित करों से राजस्व में अपेक्षाकृत बड़ी गिरावट आई है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों का मुनाफा नौ प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सामूहिक रूप से रिकॉर्ड 49,456 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है। यह दो बैंकों द्वारा लाभ में गिरावट दर्ज किए जाने के बावजूद सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। सार्वजनिक क्षेत्र के सभी 12 बैंकों (पीएसबी) ने मिलकर वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई- सितंबर तिमाही में 45,547 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था। शेयर बाजारों में प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, एसबीआई ने कुल 49,456 करोड़ रुपये की कमाई में 40 प्रतिशत का योगदान दिया। एसबीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 20,160 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है। प्रतिशत के हिसाब से चेन्नई स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक ने 58 प्रतिशत की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की और 1,226 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया।

- दूसरी तिमाही में बढ़कर रिकॉर्ड 49,456 करोड़ रुपए हुआ
- एसबीआई ने कुल कमाई में 40 फीसदी का योगदान दिया




### यूनियन बैंक का लाभ 10 फीसदी घटा

बैंक ऑफ बड़ौदा का शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत घटकर 4,809 करोड़ रुपये रह गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में बैंक का शुद्ध लाभ 5,238 करोड़ रुपये था। वहीं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का लाभ 10 प्रतिशत घटकर 4,249 करोड़ रुपये रह गया।

# टेक्नोविट का 10वां वार्षिक संस्करण वीआईटी चेन्नई में संपन्न

**चेन्नई।** टेक्नोविट का 10वां वार्षिक संस्करण-एक वैश्विक कार्यक्रम जहाँ छात्र कई तकनीकी कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं, शुक्रवार को वीआईटी चेन्नई में शुरू हुआ। भारत भर से और थाईलैंड, पोलैंड, ऑस्ट्रेलिया, फिलीपींस, म्यांमार, ताइवान और उज्बेकिस्तान सहित 10 विदेशी देशों से 10,000 से अधिक छात्र ''तीन दिवसीय टेक्नोविट''25 कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। रॉयल थाई महावाणिज्यदूत, चेन्नई के महावाणिज्यदूत, राचा अरिबर्ग मुख्य अतिथि थे और उन्होंने उद्घाटन भाषण दिया। एचसीएलटेक के कार्यकारी उपाध्यक्ष, प्रिंस जयकुमार डी, मुख्य अतिथि थे और वीआईटी के उपाध्यक्ष डॉ. जी.वी. सेल्वम ने अध्यक्षता की। अपने उद्घाटन भाषण में, श्री अरिबर्ग ने कहा कि इंजीनियरिंग और विज्ञान के क्षेत्र में कार्यरत युवाओं को बुजुर्गों और समाज की मदद के लिए तकनीक का उपयोग करना चाहिए और संगठित अपराध से लड़ने में भी योगदान देना चाहिए। इंजीनियरिंग के छात्रों द्वारा अर्जित ज्ञान उनके द्वारा सीखे गए ज्ञान से कहीं आगे बढ़कर दुनिया के लिए लाभकारी होना चाहिए। उन्होंने कहा,'दुनिया भर में डिजिटल डिवाइड का एक गंभीर मुद्दा है - युवा और बुजुर्गों के बीच ज्ञान का अंतर। बुजुर्गों के साथ कुछ समय बिताएँ क्योंकि अन्यथा, वे पीछे छूट जाएँगे और अपने दैनिक जीवन में तकनीक का उपयोग नहीं कर पाएँगे।'

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी ।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है ।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## चिप कंपनियों के निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार में गिरावट

# अमेरिका से लेकर एशियाई शेयर बाजार में मचा कोहराम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हाई वैल्यूएशन से जुड़ी चिंताओं पर दुनिया भर में सेमी-कंडक्टर यानी चिप कंपनियों के निवेशकों ने मुनाफावसूली शुरू की तो कोहराम मच गया। अमेरिका से लेकर एशियाई बाजारों से बिकवाली के बीच निवेशकों के 50000 करोड़ डॉलर (44.4 लाख करोड़ रुपए) साफ हो गए। अमेरिकी मार्केट और एशियाई मार्केट में कोहराम के बीच हाई वैल्यूएशन की चिंताओं पर निवेशकों ने धड़ाधड़ मुनाफावसूली की जिससे कंपनियों का मार्केट कैप 50 हजार करोड़ डॉलर से अधिक घट गया। चिप बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी टीएसएमसी 3 प्रतिशत से अधिक टूट गया। यह ताइवान की सेमीकंडक्टर कॉन्ट्रैक्ट मैनुफैक्चरिंग और डिजाइन कंपनी है।

### बाजार में बना रह सकता है हाहाकार

पेपरस्टोन ग्रुप के हेड ऑफ रिसर्च क्रिस वेस्टन का कहना है कि वैश्विक बाजारों में मचा हाहाकार बना रहा सकता है। उनका मानना है कि फिलहाल खरीदारी करने की वजह नहीं दिख रही है। एबरडीन इन्वेस्टमेंट्स के फंड मैनेजर शिन-याओ एनजी का कहना है कि यह जरूरी और हेल्दी करेक्शन है। उनका मानना है कि एआई बुलबुला है जिसके फिलहाल फूटने की स्थिति तो नहीं दिख रही है।

- *सेमीकंडक्टर कंपनियों का मार्केट कैप 50 हजार करोड़ डॉलर से अधिक घटा*
- *निवेशकों में शेयरों के हाई वैल्यूएशन को लेकर चिंता देखी गई*



**डिलाडेल्फिया सेमीकंडक्टर इंडेक्स में उतार-चढ़ाव :** चिप कंपनियों में बिकवाली के दबाव और फिलाडेल्फिया सेमीकंडक्टर इंडेक्स में बिकवाली के चलते दुनिया भर में चिप कंपनियों का मार्केट कैप 50000 करोड़ डॉलर से अधिक घट गया। फिलाडेल्फिया सेमीकंडक्टर इंडेक्स अमेरिका की 30 सबसे बड़ी चिप कंपनियों के उतार-चढ़ाव का इंडिकेटर है।

**अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों को लेकर चिंता :** एआई से जुड़ी कंपनियों के शेयरों की तेजी के दम पर अमेरिकी मार्केट और एशिया के कुछ इक्विटी मार्केट इंडेक्स नई ऊंचाई पर पहुंच गए। इन शेयरों ने हाई वैल्यूएशन और लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरों को लेकर उठी चिंताओं को नजरअंदाज करते हुए तगड़ा परफॉरमेंस दिखाया था।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जतिंदर उर्फ कल्लू, पुत्रः राम चंदर, पताः झुग्गी नं. 87/पीआई ब्लॉक, झंडेवाला पार्क, सुल्तान पुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 577/2005, U/s 356/379/411 IPC, पुलिस थाना अशोक विहार, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जतिंदर उर्फ कल्लू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जतिंदर उर्फ कल्लू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 577/2005, U/s 356/379/411 IPC, पुलिस थाना अशोक विहार, दिल्ली** के अभियुक्त **जतिंदर उर्फ कल्लू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.12.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री वसुंधरा छौंकर**
**मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट**
**उत्तर-पश्चिम, कमरा नं. 108, प्रथम तल**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/13869/NW/2025

## शब्द पहेली - 6039




**बाएँ से दाए-**
1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
34. उदाहरणार्थ-4
35. पितृपक्ष-4

**ऊपर से नीचे**
2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

**शब्द पहेली - 6038 का हल**





## खबर संक्षेप



### जिम्बाब्वे की टीम से बाहर हुए पूर्व कप्तान विलियम्स

**हरारे।** जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान सीन विलियम्स अब कभी अपनी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की तरफ से नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि उन्होंने खुलासा किया है कि नशे की लत के कारण उन्होंने कुछ मैच नहीं खेले थे। जिम्बाब्वे क्रिकेट के अनुसार विलियम्स को राष्ट्रीय टीम से हमेशा के लिए बाहर कर दिया गया है। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने इस बात की जांच की कि सितंबर में टी-20 विश्व कप क्वालीफाइंग प्रतियोगिता की पूर्व संध्या पर विलियम्स ने अचानक टीम से नाम वापस क्यों ले लिया था। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने कहा, 'जांच के दौरान विलियम्स ने खुलासा किया कि वह नशे की लत से जूझ रहे हैं और स्वेच्छा से रिहैबिलिटेशन की प्रक्रिया से गुजरना चाह रहे हैं।'

### पाकिस्तान ने द. अफ्रीका को दो विकेट से हराया



**फैसलाबाद।** पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका की अपेक्षाकृत कमजोर टीम के खिलाफ कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों के सहयोग से पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दो विकेट से जीत दर्ज की। पाकिस्तान के सामने 264 रन का लक्ष्य था लेकिन अच्छी शुरुआत के बावजूद उसकी पारी लड़खड़ा गई और आखिर में वह अंतिम ओवर में आठ विकेट खोकर लक्ष्य तक पहुंच पाया। इस बीच दक्षिण अफ्रीका ने अंतिम पांच ओवरों में चार विकेट लेकर पाकिस्तान को मुश्किल में डाल दिया था।

### वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड को 7 रन से हराया



**आकलैंड।** वेस्टइंडीज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए कम स्कोर वाले पहले टी20 मैच में न्यूजीलैंड को सात रन से हरा दिया। कप्तान शाई होप ने 39 गेंद में 53 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर छह विकेट पर 164 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने दसवें ओवर तक दो विकेट खोकर 70 रन बना लिए थे लेकिन इसके बाद सात विकेट 37 रन के भीतर गिर गए और 17वें ओवर में स्कोर नौ विकेट पर 107 रन था। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने ऐसे में 28 गेंद में 55 रन बनाकर उम्मीद जगाई। उन्होंने 18वें ओवर में मैथ्यू फोर्डे को चार चौके और एक छक्का लगाया। इसके बाद 19वें ओवर में जैसन होल्डर को पहली तीन गेंदों पर चौके लगाए। आखिरी ओवर में न्यूजीलैंड को 20 रन की जरुरत थी और सेंटनर ने तीसरी गेंद पर रोमारियो शेफर्ड को छक्का लगाया।

# बांग्लादेश महिला टीम में बवाल, गेंदबाज जहांआरा ने कहा- कप्तान करती हैं जूनियरों की पिटाई

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश की महिला टीम से बाहर चल रही तेज गेंदबाज जहांआरा आलम ने आरोप लगाया है कि कप्तान निगार सुल्ताना जूनियर क्रिकेटरों की पिटाई करती हैं। देश के क्रिकेट बोर्ड ने हालांकि इस आरोप को निराधार और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए खारिज कर दिया है। बांग्लादेश के अखबार 'कलेर कांथो' को दिए साक्षात्कार में आलम ने भारत और श्रीलंका में हुए महिला वनडे विश्व कप में टीम के सातवें स्थान पर रहने के बाद मौजूदा कप्तान, कुछ साथियों, कोचिंग स्टाफ और टीम प्रबंधन पर कई चौंकाने वाले आरोप लगाए।



### माफी मांगने पर की जाती पिटाई

आलम ने कहा, 'यह कोई नई बात नहीं है। निगार जूनियर खिलाड़ियों को बहुत पीटती है। यहां तक कि विश्व कप के दौरान भी जूनियर खिलाड़ियों ने मुझे बताया कि माफी मांगने पर भी उनकी पिटाई की जाती थी। मुझे कुछ खिलाड़ियों ने बताया कि उनकी पिटाई हुई थी। यहां तक कि दुबई दौरे के दौरान भी, उसने एक जूनियर को कमरे में बुलाया और उसे थप्पड़ मार दिया।'



### टीम के अंदर माहौल बहुत खराब

जहांआरा ने आरोप लगाया कि टीम के अंदर माहौल बहुत खराब है और इसीलिए उन्हें मानसिक स्वास्थ्य कारण से ब्रेक लेना पड़ा था। आलम ने कहा, 'मैं अकेली नहीं हूं, बांग्लादेश टीम में हर कोई कमोबेश पीड़ित है। हर किसी की पीड़ा अलग है। टीम में केवल एक या दो खिलाड़ियों को ही अच्छी सुविधा मिलती हैं।'

### बीसीबी ने किया आरोपों को खारिज

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने आरोपों को तुरंत खारिज कर दिया। बीसीबी ने एक बयान में कहा, 'बीसीबी इन आरोपों का स्पष्ट तौर पर और दृढ़ता से खंडन करता है, जो निराधार, मनगढ़ंत और सच्चाई से परे हैं।'

## आज दोपहर 1:45 बजे से चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी, बड़े स्कोर पर गिल की निगाह

एजेंसी ▶▶| कैरारा (गोल्ड कोस्ट)

अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले शुभमन गिल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार 6 नवंबर को होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बड़ा स्कोर बनाने की कोशिश करेंगे, जिसमें भारतीय टीम जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। तीन मैचों के बाद श्रृंखला 1-1 से बराबर है लेकिन ऑस्ट्रेलिया की टीम कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में थोड़ा कमजोर नजर आ रही है। पिछले मैच में जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति से स्पष्ट अंतर नजर आया था जब भारत 186 रनके लक्ष्य को हासिल करके श्रृंखला बराबर करने में सफल रहा था। चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया को ट्रेविस हेड की भी कमी खलेगी क्योंकि सलामी बल्लेबाज को एशेज की तैयारी के लिए शेफील्ड शील्ड में खेलना है। ऑस्ट्रेलिया की टीम के इन दोनों प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में भारत के पास गाबा में अंतिम मैच से पहले 2-1 की बढ़त हासिल करने का यह सबसे अच्छा मौका है।

■ तीन मैचों के बाद श्रृंखला 1-1 से बराबर



### गिल अभी तक नहीं दिखें चिर परिचित लय में

हालांकि, भारतीय टीम प्रबंधन को टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल की फॉर्म थोड़ी परेशान कर सकती है, क्योंकि उन्होंने अब तक ऑस्ट्रेलिया के वर्तमान दौरे में छह मैच खेले हैं और एक भी अर्धशतक नहीं लगाया है। एकदिवसीय श्रृंखला की शुरुआत से अब तक उनके स्कोर का क्रम 10, 9, 24, नाबाद 37, 5 और 15 है। अभी तक केवल एक बार वह अच्छी फॉर्म में दिखे थे। वह कैनबरा में था जब उन्होंने कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ अच्छी साझेदारी की थी। बारिश के कारण यह मैच रद्द कर दिया गया था। गिल को फुल लेंथ की गेंदों से परेशानी हो रही है, जिनमें मूवमेंट की झलक दिख रही है। चिंता की बात यह है कि गिल अभी तक अपनी चिर परिचित लय में नहीं दिखे हैं।

### अर्शदीप के होने से गेंदबाजी विभाग अधिक मजबूत

अर्शदीप सिंह के शामिल होने से गेंदबाजी विभाग अधिक मजबूत दिखता है, जबकि कुलदीप यादव को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला की तैयारी के लिए वापस भेज दिया गया है। टीम प्रबंधन का मुख्य मुद्दा हमेशा से यह रहा है कि कुलदीप और अर्शदीप दोनों को एक साथ नहीं खिलाया जा सकता। लेकिन फिलहाल ऐसी कोई समस्या नजर नहीं आती है। वाशिंगटन सुंदर की मौजूदगी में भारतीय बल्लेबाजी मजबूत नजर आती है। वाशिंगटन ने पिछले मैच में 23 गेंद पर नाबाद 49 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### मार्श और डेविड पर निर्भर ऑस्ट्रेलियाई टीम

ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए कप्तान मिशेल मार्श और टिम डेविड पर काफी हद तक निर्भर रहेगी। हेड की अनुपस्थिति में मार्श मैथ्यू शॉर्ट को अपना सलामी जोड़ीदार बना सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया को हालांकि अपने गेंदबाजी विभाग में बदलाव करने पड़ सकते हैं क्योंकि सीन एबॉट अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और बेन ड्वार्शुइस या महली बियर्डमैन में से किसी एक को उनकी जगह पर लाया जा सकता है।

### टीमें इस प्रकार

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उपकप्तान), तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलिया:** मिशेल मार्श (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जोश इंग्लिस (विकेट कीपर), जोश फिलिप (विकेट कीपर), मिशेल ओवेन, ग्लेन मैक्सवेल, मैट कुहनेमन, एडम जम्पा, महली बियर्डमैन, बेन ड्वार्शिस, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, मार्कस स्टोइनिस।

## आईसीसी रैंकिंग

# अभिषेक और रोहित टॉप पर गिल और आजम को नुकसान





एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी ने बुधवार को इस हफ्ते की ताजा रैंकिंग जारी कर दी हैं। इस बार फिर से टी20 इंटरनेशनल में भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की बादशाहत बरकरार रही है।

वहीं रोहित शर्मा एक बार फिर से वनडे क्रिकेट के नंबर 1 बल्लेबाज बने हुए हैं। इसके अलावा भारतीय कप्तान शुभमन गिल को और पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को नुकसान उठाना पड़ा है। अभिषेक शर्मा लंबे समय से अब टी20 इंटरनेशनल बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 पर बरकरार हैं।

वहीं पिछले हफ्ते अपने करियर में पहली बार वनडे इंटरनेशनल में नंबर 1 वन बने रोहित शर्मा भी अपनी टॉप पोजीशन पर काबिज हैं। वनडे गेंदबाजों की लिस्ट में कुलदीप यादव को फायदा मिला है।

### विश्व शतरंज कप : दिप्तायन घोष ने नेपोम्नियाची को हराकर उलटफेर किया

**पणजी।** ग्रैंडमास्टर दिप्तायन घोष ने विश्व शतरंज कप में सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए पूर्व विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर रूस के इयान नेपोम्नियाची को दूसरे दौर के दूसरे गेम में हरा दिया। एकतरफा मुकाबले में घोष ने उन्हें कोई मौका ही नहीं दिया। जीत के बाद उन्होंने कहा, '' यह मेरे शतरंज कैरियर की सबसे बड़ी जीत है।'' इससे पहले ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा तीसरे दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए जिन्होंने रूस के अर्सेनी नेस्तेरोव को मात दी। वहीं विश्व जूनियर चैम्पियन वी प्रणव को नॉर्वे के आर्यन तारी ने हराया। अर्जुन एरिगेसी ने लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए बुल्गारिया के मार्टिन पेट्रोव को मात दी। अब वह 20 लाख डॉलर ईनामी राशि के टूर्नामेंट में अंतिम 64 के दौर में पहुंच गए हैं।

# फर्स्ट क्लास क्रिकेट में वैभव का पहला अर्धशतक, शतक से सात रन रहे दूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा तूफानी ओपनर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने बिहार के लिए खेलते हुए रणजी ट्रॉफी के इस सीजन में मेघालय के खिलाफ अपनी टीम के लिए पहली इनिंग में तूफानी पारी खेली, लेकिन वो अपने शतक से सिर्फ 7 रन से चूक गए। फर्स्ट क्लास करियर में वैभव ने अपने कॅरियर का पहला अर्धशतक जड़ा। इस सीजन में बिहार ने अपना तीसरा मैच मेघालय के लिए खेला और ये ड्रॉ पर समाप्त हुआ, लेकिन वैभव की बैटिंग इस मैच में बेहतरीन रही।



### मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त

इस मैच में पहले दो दिन का खेल बारिश की वजह से खेला ही नहीं जा सका और जब तीसरे दिन टॉस हुआ तब बिहार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। इसके बाद मेघालय ने पहली पारी में 7 विकेट पर 408 रन बनाकर पारी की घोषणा कर दी। इसके जबाव में बिहार ने 4 विकेट पर 156 रन बनाए और मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गया। वैभव के अलावा पहली पारी में बिहार के लिए मंगल महरौर ने 25 रन की पारी खेली जबकि बिपिन सौरव ने 15 रन बनाए। वहीं इस मैच में बिहार के खिलाफ पहली पारी में मेघालय के लिए अजय दुहान ने 129 रन की बेहतरीन पारी खेली जबकि स्वस्तिक छेत्री ने 94 रन बनाए। मेघालय के लिए आकाश चौधरी 60 रन बनाकर नाबाद रहे।

### सूर्यवंशी ने 67 गेंदों पर खेली 93 रन की पारी

वैभव का बिहार के लिए इस सीजन में ये तीसरा मैच था और उन्होंने इस सीजन में पहला अर्धशतक लगाने में सफलता हासिल की। हालांकि उनके पास शतक लगाने का मौका था, लेकिन वो इससे चूक गए और 67 गेंदों पर 93 रन की पारी खेलकर आउट हो गए। वैभव ने इस दौरान अपनी पारी में 4 छक्के और 9 चौके भी लगाए जबकि उनका स्ट्राइक रेट 138.81 का रहा। वैभव का इस मैच में भी अंदाज नहीं बदला और वो रेड बॉल क्रिकेट में भी टी20 की तरह ही खेलते नजर आए। फर्स्ट क्लास करियर में ये वैभव का पहला अर्धशतक रहा साथ ही उनकी ये अब तक की सबसे बड़ी पारी भी रही।

### एशेज सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित लाबुशेन की वापसी

**गोल्ड कोस्ट।** लगातार लचर प्रदर्शन के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाने वाले मार्नस लाबुशेन की एशेज श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी हुई है। चयनकर्ताओं ने इस अनुभवी बल्लेबाज को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया।



लाबुशेन खराब फॉर्म के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे लेकिन इस बीच उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया, जिससे वह वापसी करने में सफल रहे। सलामी बल्लेबाज जेक वेदरल्ड 21 नवंबर से पर्थ में होने वाले मैच से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं। उन्हें मैट रेनशॉ और सैम कोंस्टास पर तरजीह दी गई है, हालांकि अभी यह तय नहीं है कि उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत कौन करेगा। वेदरल्ड पिछले साल शेफील्ड शील्ड टूर्नामेंट में 50.33 की औसत से 906 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे थे।

## डब्ल्यूटीए फाइनल्स

# गॉफ ने पाओलिनी को हराया अब सबालेंका से होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| रियाद

गत चैंपियन कोको गॉफ ने जैस्मीन पाओलिनी पर 6-3, 6-2 से जीत के साथ डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। गॉफ को टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मुकाबले में जेसिका पेगुला से तीन सेटों में हार का सामना करना पड़ा था। उनका अगला मुकाबला शीर्ष रैंकिंग वाली एरिना सबालेंका से होगा। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए उन्हें इस मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। सबालेंका ने पेगुला को 6-4, 2-6, 6-3 से हराकर पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित कर ली है। पाओलिनी लगातार दो मैच में हार से सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई है। वह अपनी जोड़ीदार सारा इरानी के साथ इस प्रतियोगिता में युगल मुकाबला भी खेल रही हैं।



## भारत ए बनाम द.अफ्रीका ए के बीच दूसरा मैच आज सुबह 9.30 बजे से शुरू

# फिटनेस बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेंगे पंत

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारत ए के कप्तान ऋषभ पंत पहले मैच की तरह अपनी फॉर्म और फिटनेस बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेंगे जबकि मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ी गुरुवार 6 नवंबर से तेम्बा बावुमा की अगुवाई वाली दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच में लाल गेंद से महत्वपूर्ण मैच अभ्यास हासिल करने की कोशिश करेंगे।

पंत ने बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के इसी मैदान पर पिछले सप्ताह खेले गए पहले मैच में विकेटकीपर के रूप में 139.3 ओवर बिना किसी परेशानी के खेले और साथ ही बल्लेबाज के रूप में 133 गेंदें खेली। उन्होंने दूसरी पारी में 90 रन बनाकर अपनी बल्लेबाजी फॉर्म का भी अच्छा परिचय दिया। फिटनेस की चिंता पूरी तरह से पीछे छूट जाने के बाद बाएं हाथ का यह बल्लेबाज अब 14 नवंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले एक बार फिर अपने खेल के चरम पर पहुंचने की कोशिश करेगा।



### द.अफ्रीका श्रृंखला बराबर करने के इरादे से उतरेगी

सिराज, केएल राहुल और कुलदीप स्वदेश लौटने से पहले भारत के ऑस्ट्रेलिया के मौजूदा सफेद गेंद के दौरे का हिस्सा थे और अब वे दक्षिण अफ्रीका ए जैसी प्रतिस्पर्धी टीम के खिलाफ अपने लाल गेंद के कौशल को निखार सकते हैं। पहले मैच में भारतीय टीम ने तीन विकेट से जीत हासिल की थी और दक्षिण अफ्रीका की टीम अब श्रृंखला बराबर करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। बल्लेबाजों के नजरिए से, दक्षिण अफ्रीका ए के तेज गेंदबाजों ने पहले मैच के अंतिम दिन शॉर्ट पिच गेंद की रणनीति का अच्छा इस्तेमाल किया और पंत सहित अधिकतर भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया था।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत ए :** ऋषभ पंत (कप्तान, विकेटकीपर), केएल राहुल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), साई सुदर्शन (उपकप्तान), देवदत्त पडिक्कल, रुतुराज गायकवाड़, हर्ष दुबे, तनुष कोटियन, मानव सुथार, खलील अहमद, गुरनूर बराड़, अभिमन्यु ईश्वरन, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, कुलदीप यादव।

**दक्षिण अफ्रीका ए :** मार्केस एकरमैन, तेम्बा बावुमा (कप्तान), ओकुहले सेले, जुबैर हमजा, जॉर्डन हरमन, रुबिन हरमन, रिवाल्डो मूनसामी, त्शेपो मोरेकी, मिहलाली मपोंगवाना, लेसेगो सेनोकवाने, प्रेनेलन सुब्रायेन, काइल सिमंड्स, त्सेपो नदवांडवा, जेसन स्मिथ, तियान वान वुरेन, कोडी यूसुफ।

# यूनान में 30 साल बाद जीते जोकोविच, क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह



**एथेंस।** नोवाक जोकोविच ने यूनान में 30 साल से भी अधिक समय के बाद किसी शीर्ष स्तर के टेनिस टूर्नामेंट की वापसी पर शुरू में संघर्ष करने के बाद सीधे सेटों में जीत हासिल करके हेलेनिक चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। यूनान में 1994 के बाद पहली बार आयोजित किए जा रहे एलीट स्तर के टूर्नामेंट के पहले दौर में चिली के एलेजांद्रो ताबिलो को 7-6 (3), 6-1 से पराजित किया। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों ने दबाव में अपनी सर्विस बरकरार रखी, जब तक कि जोकोविच टाईब्रेकर में जीत नहीं गए। दूसरे सेट में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने दो बार ताबिलो की सर्विस तोड़ी और मैच 90 मिनट में अपने नाम कर दिया। इस वर्ष की शुरुआत में अपने परिवार के साथ एथेंस में बसने वाले जोकोविच ने मैच के बाद कहा, 'एथेंस में खेलना वास्तव में घर जैसा लगता है। यहां के लोग मेरे साथ बहुत दोस्ताना व्यवहार करते हैं, जिसने वास्तव में मेरे दिल को छू लिया।'

# फिलीपींस के बाद ब्रह्मोस खरीदने वाला दूसरा आसियान देश बनेगा इंडोनेशिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




**भारत और इंडोनेशिया के बीच जल्द ही इस संबंध में हो सकता है समझौता**

'मेक इन इंडिया' के साथ 'मेक फॉर द वर्ल्ड' के अपने नारे के साथ तेजी से आगे बढ़ते भारत के लिए अब वो दिन दूर नहीं। जब वो इंडोनेशिया के साथ भी ध्वनि की गति से भी तेज गति से दुश्मन पर वार करने वाली सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल 'ब्रह्मोस' की खरीद को लेकर एक समझौता करेगा। इसी के साथ फिलीपींस के बाद इंडोनेशिया आसियान समूह का दूसरा देश बन जाएगा। जिसने भारत से ब्रह्मोस मिसाइल की खरीद की है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इस मामले में बातचीत से संबंधित प्रक्रिया से जुड़े हुए सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श करने का काम पूरा हो गया है। अब केवल रूस से मामले पर स्वीकृति मिलने का इंतजार है। जिसके बाद समझौते को अंतिम रूप दिया जाएगा। यहां बता दें कि ब्रह्मोस भारत और रूस द्वारा संयुक्त रूप से विकसित की गई सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। जिसने पहलगाम आतंकी हमले के बाद इसी साल मई महीने में पश्चिमी-सीमा पर ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भी प्रयोग किया था। भारत चाहता है कि वह बड़े पैमाने पर देश के अंदर बनाए गए अपने तमाम सैन्य हथियारों और उपकरणों की दुनिया के बाकी देशों को भी बिक्री करे। जिससे वह सभी भी दुश्मन से अपनी सामरिक सुरक्षा घेरे को मजबूती प्रदान कर सकें।

### दोनों देशों के बीच लंबे वक्त से जारी वार्ता

भारत और इंडोनेशिया के बीच ब्रह्मोस मिसाइल की खरीद को लेकर बीते काफी समय से बातचीत चल रही है। जिसमें इस वर्ष की शुरुआत में यानी जनवरी महीने में इंडोनेशिया से भारत आए उच्च-स्तरीय राजनीतिक-सैन्य नेतृत्व की यात्रा के अलावा प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान द्वारा हाल के समय में की गई इंडोनेशिया की यात्रा मुख्य रूप से शामिल है। भारत दौरे पर आए उच्च-स्तरीय इंडोनेशियाई नेतृत्व राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो की नई दिल्ली की यात्रा महत्वपूर्ण रही है। जिसमें उन्होंने देश के शीर्ष राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के साथ व्यापक बैठक में ब्रह्मोस मिसाइल की खरीद को लेकर रुचि जताई थी।

### ब्रह्मोस खरीदने के इच्छुक दुनिया के ये देश

गौरतलब है कि ब्रह्मोस मिसाइल को खरीदने के लिए दुनिया के कई देश इच्छुक हैं। वर्ष 2022 में सबसे पहले भारत ने इस मिसाइल को फिलीपींस को देने के लिए कुल करीब 375 मिलियन डॉलर का एक समझौता किया था। वियतनाम भी इस मिसाइल को अपनी सेना में शामिल करने के लिए भारत के साथ बातचीत कर रहा है। जबकि इन सबसे इतर अब सबसे ज्यादा चर्चा भारत और इंडोनेशिया के बीच ब्रह्मोस मिसाइल को लेकर शीघ्र होने वाले रक्षा समझौते की है। इसके अलावा दुनिया के कई अन्य देश भी इस जंगी मिसाइल को अपने युद्धक बेड़े में शामिल करना चाहते हैं। जिसमें मलेशिया, थाईलैंड, सिंगापुर, ब्रुनेई, सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, ओमान, ब्राजील, चिली, अर्जेंटीना और वेनेजुएला जैसे देश मुख्य हैं।

### 450 मिलियन डॉलर का होगा समझौता?

भारत-इंडोनेशिया के बीच होने वाले समझौते को लेकर रक्षा और विदेश मामलों के जानकार ब्रह्मा चेलानी ने एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, फिलीपींस के बाद इंडोनेशिया भारत में निर्मित ब्रह्मोस मिसाइल को खरीदने वाला आसियान का दूसरा देश बनने वाला है। यह दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों में से एक है। जिसकी मारक क्षमता और अचूक सटीकता का प्रदर्शन 7 से 10 मई के भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान किया गया था। उन्होंने पोस्ट में ये दावा भी किया कि दोनों देशों के बीच मिसाइल को लेकर करीब 450 मिलियन डॉलर का समझौता हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों की आतंकियों संग मुठभेड़

**किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई है।



किश्तवाड़ जिले के वन क्षेत्र में आतंकियों के छिपे होने की सूचना के बाद सुरक्षाबलों ने किश्तवाड़ के छतरू में यह अभियान शुरू किया। आतंकियों के खिलाफ इस अभियान को 'ऑपरेशन छतरू' नाम दिया गया है। भारतीय सेना की 'व्हाइट नाइट कोर' और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त टीमें किश्तवाड़ में इस ऑपरेशन में शामिल हैं। आतंकवादियों के साथ गोलीबारी हुई। अभियान जारी है।

### नौसेना में आज शामिल होगा स्वदेशी जहाज 'इक्षक'

**नई दिल्ली।** भारत का पहला स्वदेशी सर्वे पोत 'इक्षक' 6 नवंबर को नौसेना में शामिल होगा।



इस अवसर पर नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और पोत को औपचारिक रूप से नौसेना की सेवा में शामिल करेंगे। इस नौसैनिक पोत का निर्माण कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड द्वारा किया गया है। इसमें 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी उपकरणों तथा सामग्री का उपयोग किया गया है।

## व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट बोलीं

# भारत-यूएस संबंधों के भविष्य को लेकर बहुत सकारात्मक महसूस करते हैं ट्रंप

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/नई दिल्ली

लेविट ने संवाददाता सम्मेलन में भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य से जुड़े सवाल के जवाब में कहा कि मेरा मानना है कि राष्ट्रपति इस बारे में बहुत सकारात्मक और दृढ़ महसूस करते हैं। कुछ हफ्ते पहले उन्होंने दिवाली के अवसर पर ओवल ऑफिस में कई वरिष्ठ भारतीय-अमेरिकी अधिकारियों के साथ मुलाकात की थी और उस दौरान पीएम से फोन पर बात भी की थी


अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन क्लेयर लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य को लेकर 'बहुत सकारात्मक' महसूस करते हैं। लेविट ने कहा कि मेरा मानना है कि राष्ट्रपति इस बारे में बहुत सकारात्मक और दृढ़ महसूस करते हैं। जैसा कि आप जानते हैं कि कुछ हफ्ते पहले उन्होंने दिवाली के अवसर पर ओवल ऑफिस में कई वरिष्ठ भारतीय-अमेरिकी अधिकारियों के साथ मुलाकात की थी और उस दौरान पीएम (नरेंद्र मोदी) से फोन पर बात भी की थी।



कैरोलिन लेविट

उन्होंने कहा कि भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर 'बेहतरीन' प्रतिनिधि हैं। जो वाशिंगटन का बहुत अच्छी तरह प्रतिनिधित्व करेंगे। लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति और उनकी व्यापारिक टीम संबंधित विषय पर भारत के साथ गंभीर चर्चा कर रही है।

### राष्ट्रपति ट्रंप पीएम मोदी का बहुत सम्मान करते हैं



फाइल फोटो : पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

### ट्रेड डील पर भारत संग लगातार गंभीर चर्चा हो रही

#### व्यापार वार्ता आगे बढ़ रही

अमेरिकी प्रेस सचिव ने आगे कहा कि राष्ट्रपति और उनकी व्यापार टीम ट्रेड डील विषय पर भारत के साथ लगातार गंभीर चर्चा कर रही है। पिछले हफ्ते दक्षिण कोरिया में ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार वार्ता फिर से शुरू होने के संकेत दिए हैं। उन्हें उम्मीद थी कि भारत के साथ एक नया व्यापार समझौता हो जाएगा। लेकिन भारत द्वारा रुसी तेल खरीद के जवाब में भारतीय आयातों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद ये प्रभावित हुई। इससे पहले 28 अक्टूबर को एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) से पहले बोलते हुए, ट्रंप ने पीएम मोदी को 'सबसे अच्छे व्यक्ति' भी कहा था।

### दोनों के बीच अक्सर बातचीत होती है

*संवाददाताओं के एक सवाल पर लेविट ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति पीएम मोदी का बहुत सम्मान करते हैं और दोनों के बीच अक्सर बातें होती हैं। पिछले महीने ट्रंप ने ओवल ऑफिस में दिवाली समारोह की मेजबानी की थी, जिसमें अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा, कई प्रमुख भारतीय-अमेरिकी कारोबारी नेता और सामुदायिक प्रतिनिधि शामिल हुए थे। ट्रंप ने पीएम मोदी को फोन पर दिवाली की शुभकामनाएं भी दी थीं। इस पर मोदी ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि भारत और अमेरिका दोनों मिलकर दुनिया को आशा की किरण से आलोकित करते रहेंगे तथा आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रहेंगे।*

**कांग्रेस ने दागा सवाल**

### पीएम इससे इनकार क्यों करते हैं कि ट्रंप से उनकी बात होती है

कांग्रेस ने लेविट के बयान का हवाला देते हुए सवाल किया कि आखिर पीएम नरेंद्र मोदी इस बात से इनकार क्यों करते हैं कि उनकी ट्रंप के साथ बातचीत होती है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कैरोलिन लेविट की टिप्पणी का वीडियो साझा किया। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि 10 मई को शाम 5:37 बजे अमेरिकी विदेश मंत्री (मार्को रुबियो) की घोषणा से भारत के लोगों को पता चला कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अचानक रोक दिया गया है। अब व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट से भारत के लोगों को पता चला है कि राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी व्यापार (या) सौदे पर अक्सर एक-दूसरे से बात करते रहे हैं।' कांग्रेस नेता ने कहा कि दोनों नेताओं को वास्तव में एक-दूसरे से बात करनी चाहिए। रमेश ने सवाल किया कि लेकिन पीएम इसे मानने से इनकार क्यों करते हैं? वह यह मानने से इनकार क्यों करते हैं कि वह राष्ट्रपति ट्रंप से बात करते हैं? वह किससे डरते हैं?



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश

## भारत-न्यूजीलैंड एफटीए पर कर रहे चर्चा

# जल्द ही समझौते पर बनेगी अंतिम सहमति, दोनों पक्षों के लिए खोलेगा बड़े अवसर



ऑकलैंड में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लकसन

एजेंसी ▶▶ ऑकलैंड

भारत की तरफ से केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल न्यूजीलैंड के दौरान में है। वे भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चर्चा कर रहे हैं। दोनों पक्ष समझौते से जुड़ी वार्ता को जल्द पूरा करना चाहते हैं। संभावना जताई जा रही है कि अगले कुछ महीने में समझौते पर अंतिम सहमति बन सकती है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का कहना है कि यह समझौता दोनों पक्षों के लिए बड़े अवसर खोलेगा। दोनों पक्षों के वार्ताकार पिछली बैठकों में हुई प्रगति को आगे बढ़ाने पर चर्चा कर रहे हैं।

### दोनों देश सामाजिक विकास के लिए प्रतिबद्ध

न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लकसन ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड की समृद्धि, सुरक्षा और सामाजिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग से न केवल व्यापारिक संबंध मजबूत होंगे, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता और नवाचार को भी प्रोत्साहन मिलेगा। दोनों देश मुक्त व्यापार समझौते पर तेजी से काम कर रहे हैं। इस समझौते से न्यूजीलैंड के व्यवसायों को भारतीय बाजार में विशाल अवसर प्राप्त होंगे।

### नवाचार और उन्नत तकनीक से मिलेगा लाभ

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड की साझेदारी साझा दृष्टिकोण और आपसी हितों पर आधारित है। एक न्यायसंगत और संतुलित एफटीए दोनों देशों के लोगों के लिए नए अवसर लेकर आएगा। न्यूजीलैंड जहां भारत के विशाल बाजार से लाभान्वित हो सकता है वहीं, भारत को न्यूजीलैंड के नवाचार और उन्नत तकनीक से लाभ मिलेगा। एफटीए से जुड़ी वार्ताओं को गति देने पर विशेष चर्चा हुई। समझौते को लेकर वार्ता बहुत अच्छी चल रही है। कई संवेदनशील और गंभीर मुद्दे हैं।

## महादेव सट्टेबाजी एप मामले में सुप्रीमा कोर्ट सख्त

# आरोपी अदालतों और जांच एजेंसियों को खेल न समझें, इसकी अनुमति नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को महादेव सट्टेबाजी एप के फरार सह-संस्थापक का पता लगाने और उसकी मौजूदगी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। सट्टेबाजी प्रकरण का आरोपी दुबई से भागकर किसी अज्ञात स्थान पर चला गया है, जिसके बाद कोर्ट ने यह निर्देश दिया है। न्यायालय ने कहा ऐसे मामलों के आरोपी अदालतों और जांच एजेंसियों को खेल समझें, इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने आरोपी रवि उप्पल की ओर से कानून प्रवर्तन एजेंसियों से बचने के मामले को गंभीरता से लिया और कहा कि इससे हमारी अंतरात्मा



रवि उप्पल



सुप्रीम कोर्ट

को धक्का लगा है और अदालत को इस बारे में कुछ करना होगा।

पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 14 नवंबर की तारीख तय की है। उप्पल के वकील की ओर से समय मांगने पर पीठ ने कहा कि वह उसे भारत लौटने और कार्यवाही का सामना करने के लिए राजी करें।

न्यायमूर्ति सुंदरेश ने कहा कि वह हर समय भागते नहीं रह सकते। उन्हें इस प्रक्रिया में भाग लेना होगा। जमानत देने के मामले में हम उदार हैं। हम उचित चरण में उनकी ज़मानत याचिका पर विचार करेंगे।

## बर्फ की सफेद चादर में लिपटा बदरीनाथ धाम



**चमोली।** उत्तराखंड के प्रसिद्ध चार धामों में से एक बदरीनाथ धाम में अचानक से मौसम ने करवट बदल ली है। बुधवार सुबह से लगातार तेज बर्फबारी हो रही है और चारों तरफ बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। बर्फबारी होने की वजह से तापमान काफी गिर गया है, लेकिन श्रद्धालुओं की भक्ति में कमी नहीं है, बर्फबारी के बीच भी भक्त दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। पर्यटक भी बर्फबारी का मजा ले रहे हैं। बीते दिन का अधिकतम तापमान -1 सेल्सियस और न्यूनतम तापमान -12 सेल्सियस तक रहा था। आने वाले कुछ दिनों में रुक-रुक कर बारिश हो सकती है। बदरीनाथ धाम उत्तराखंड राज्य में चमोली जिले के बदरीधाम शहर में स्थित है। मंदिर के कपाट 4 मई 2025 को खुले थे, जो नवंबर के महीने में बंद होंगे, जिसके बाद बाबा की पूजा-अर्चना के साथ उनकी विग्रह डोली को पांडुकेश्वर स्थित योग बदरी में विराजमान किया जाएगा।

## ईएसटीआईसी कार्यक्रम में इसरो प्रमुख नारायणन का खुलासा

# 7 नवंबर को निसार उपग्रह को ऑपरेशनल घोषित करेंगे

*हर 12 दिन में पृथ्वी को स्कैन किया जा रहा, अब तक मिले सभी डेटा की जांच पूरी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख वी. नारायणन ने बुधवार को कहा कि नासा और इसरो मिलकर तैयार किया गया उपग्रह 'निसार' को इस शुक्रवार से आधिकारिक तौर पर काम करना शुरू कर देगा, यानी यह ऑपरेशनल हो जाएगा।



इसरो प्रमुख वी. नारायणन

'एमर्जिंग साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन कॉन्क्लेव (ईएसटीआईसी)' में उन्होंने यह जानकारी साझा की। नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) अब तक का सबसे महंगा 'पृथ्वी अवलोकन उपग्रह' माना जा रहा है। इसमें यह क्षमता है कि यह हर 12 दिनों में दो बार पृथ्वी की ज्यादातर भूमि और बर्फ से ढकी सतहों की निगरानी कर सकता है।



निसार उपग्रह

### निसार रात-दिन डेटा एकत्र कर सकेगा

एल-बैंड रडार घने जंगलों की छतरी के आर-पार डेटा एकत्र कर सकता है और इससे मिट्टी में नमी, घनी वनस्पति (फॉरेस्ट बायोमास) और जमीन व बर्फ की सतहों की गति मापी जा सकती है।

### दो एसएआर प्रणाली को साथ ले गया

उन्होंने कहा कि अब तक मिला सभी डेटा बेहतरीन हैं। हर 12 दिन में पृथ्वी को स्कैन किया जा सकता है। निसार मिशन ऐसा पहला मिशन है जो दो एसएआर प्रणाली (एल-बैंड और एस-बैंड सेंसर) को एक साथ ले जा रहा है।

### जनवरी में होगा गगनयान मिशन का पहला परीक्षण

*इसरो प्रमुख ने आगे बताया कि गगनयान मिशन का पहला मानव रहित परीक्षण जनवरी में किया जाएगा। इसरो का लक्ष्य है कि 2027 तक भारत के अंतरिक्ष यात्रियों को स्वदेशी रॉकेट से अंतरिक्ष में भेजा जाए। उन्होंने बताया कि इस मिशन के लिए अब तक 8,000 से ज्यादा परीक्षण किए जा चुके हैं। इसरो पहले तीन मानव रहित उड़ानें संचालित करेगा, उसके बाद अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा में भेजा जाएगा।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109